दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — बैंक, करंसी और वाइन शॉप सेनेटाइज्ड...
4 अभिव्यक्ति — कोविड-19 और भारतीय शहरों के लिए...
9 मनोरंजन/खेल — करिश्मा की बेटी समायरा ने किया एक्टिंग...
11 व्यापार — दुनिया पर गहराया मंदी का साया...

www.navpradesh.com
बिलासपुर, बुधवार 18 मार्च 2020, चैत्र कृष्ण पक्ष-दशमी, विक्रम संवत-2076 वर्ष-05 अंक-334 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोरोना दुनिया के लिए घातक होगा लेकिन भारत के एक राज्य मध्यप्रदेश में कोरोना कमलनाथ सरकार के लिए संकट मोचक बन गया। मध्यप्रदेश मे कोरोना वायरस से संक्रमण का एक भी मामला सामने नहीं आया है फिर भी मध्यप्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष ने कमलनाथ सरकार को फ्लोर टेस्ट से बचाने विधानसभा की कार्यवाही 26 मार्च तक स्थगित कर दी। इससे कमलनाथ सरकार मुंह के बल गिरने से फिलहाल बच गई। अब मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है। यदि कमलनाथ सरकार की आयु कुछ लंबी हो गई तो वह शर्तीया कोरोना का बूत बनाकर उसकी पूजा करेगी।

मप्र का महाभारत। सुप्रीम कोर्ट का विस अध्यक्ष एवं सरकार को नोटिस

फ्लोर टेस्ट पर आज फिर सुनवाई

■ पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने फ्लोर टेस्ट की मांग को लेकर शीर्ष अदालत में दायर की है याचिका

नयी दिल्ली/वार्ता। उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश विधानसभा में बहुमत परीक्षण (फ्लोर टेस्ट) 26 मार्च तक टाले जाने के मामले में मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष एवं राज्य सरकार को नोटिस जारी किए। मामले की सुनवाई बुधवार साढ़े दस बजे होगी।

न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता की खंडपीठ ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए विधानसभा अध्यक्ष, कमलनाथ सरकार एवं अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए तथा कल तक जवाब देने को कहा गया। सुनवाई कल साढ़े दस बजे होगी।श्री चौहान के अलावा नौ विधायकों ने याचिका दायर की है, जिसमें बहुमत परीक्षण को टालने के विधान सभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती दी है तथा यथाशीघ्र बहुमत परीक्षण कराने के निर्देश देने का अनुरोध किया है।न्यायालय ने कहा कि सभी पक्षकारों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सुप्रीम कोर्ट में ऐसे रखा पक्ष

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के वकील की दलील

वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने दलील दी कि विधानसभा में फ्लोर टेस्ट की जरूरत है, लेकिन सरकार इससे बच रही है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने सुनवाई के लिए कल साढ़े दस बजे का समय मुकर्रर करते हुए सभी संबद्ध पक्षों को नोटिस जारी किए।

16 बागी विधायकों के एडवोकेट ने कहा

अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने दलील दी और न्यायालय से इस मामले में उन्हें पक्षकार बनाने का अनुरोध किया। इस अनुरोध पर भी न्यायालय ने नोटिस जारी किया। सिंह ने दलील दी कि कांग्रेस के 22 विधायकों ने विधानसभा से इस्तीफे दिए हैं, उनमें से केवल छह के इस्तीफे स्वीकार किए गए हैं। शेष 16 विधायकों के भी इस्तीफे मंजूर किए जाने चाहिए।

मुख्यमंत्री ने लिखा राज्यपाल को पत्र

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मंगलवार को राज्यपाल लालजी टंडन को पत्र लिखकर कहा है कि उन्होंने सारे तथ्यों के प्रकाश में राज्यपाल के निर्देश को विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष समुचित निर्णय के लिए भेज दिया है। कमलनाथ ने लिखा है 'आपने अपने पत्र में यह खेद जताया है कि मेरे द्वारा आपने जो समयावधि दी थी, उसमें विधानसभा में अपना बहुमत सिद्ध करने के बजाए मैंने आपको पत्र लिखकर फ्लोर टेस्ट कराने में आनाकानी की। मैं आपके ध्यान में यह तथ्य लाना चाहता हूं कि पिछले 15 महीनों में मैंने सदन में कई बार अपना बहुमत सिद्ध किया है। अब यदि भाजपा यह आरोप लगा रही है कि मेरे पास बहुमत नहीं है तो वे अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से फ्लोर टेस्ट करा सकते हैं। कमलनाथ ने पत्र में कहा है कि उनकी जानकारी में लाया गया है कि उन्होंने (भाजपा) अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत कर दिया है, जो विधानसभा अध्यक्ष ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बागी विधायकों की पत्रकार वार्ता से आरोप-प्रत्यारोप का दौर

भोपाल वार्ता। विधायक पद से त्यागपत्र देने वाले मध्यप्रदेश कांग्रेस के लगभग 20 विधायकों द्वारा बंगलूर में मीडिया के समक्ष आकर कमलनाथ सरकार पर आरोप लगाने के बाद राज्य के नेताओं की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता गोपाल भार्गव ने कहा कि कांग्रेस के विधायकों ने मीडिया के समक्ष साफतौर पर कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाए हैं। इससे हमारी (भाजपा की) बात पुष्ट हो रही है कि राज्य में सत्तारूढ़ दल कांग्रेस के पास अब बहुमत नहीं है। अब उसे सरकार में रहने का हक भी नहीं है। भार्गव ने कहा कि कांग्रेस विधायकों ने साफतौर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भोपाल में आकर बात करें विधायक : मंत्री शर्मा

राज्य के जनसंपर्क मंत्री पी सी शर्मा ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि इन विधायकों को भोपाल में आकर अपनी बात करना चाहिए। उन्होंने आरोप दोहराया कि इन विधायकों को बंगलूर में बंधक बनाया गया है। हालाकि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की सुरक्षा मुहैया कराने संबंधी सवालों का वे जवाब स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए।

कोरोना को लेकर पीएम मोदी की सलाह

सभी अभियान बंद करे भाजपा

नई दिल्ली/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा को मंगलवार को सलाह दी कि कोरोना विषाणु (कोविड-19) की महामारी के मद्देनजर पार्टी कोई भी राजनीतिक या संगठनात्मक अभियान एवं कार्यक्रम नहीं चलाये और महामारी की रोकथाम के लिए जनजागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाये। मोदी ने यहां संसद के पुस्तकालय भवन में आयोजित पार्टी की संसदीय दल की साप्ताहिक बैठक में यह आह्वान किया। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा को तब तक कोई भी राजनीतिक या संगठनात्मक अभियान एवं कार्यक्रम नहीं करने चाहिए जब तक इस महामारी का शमन ना हो जाये। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मुंबई: विश्वविख्यात शिरडी साईं बाबा मंदिर को कोरोना वायरस के प्रकोप के फैलने से रोकने के मद्देनजर मंगलवार तीन बजे से अगले आदेश तक श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिया गया।

अहमदाबाद: कोरोना वायरस के मद्देनजर गुजरात में पश्चिम रेलवे के सभी बड़े रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकट की दर मंगलवार से 50 रुपये कर दी गयी।

अमेरिकी अर्थव्यवस्था मंदी की चपेट में

वाशिंगटन/वार्ता। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था शायद मंदी से गुजर रही है लेकिन विश्व भर में फैले कोरोना वायरस के खत्म होने के बाद अर्थव्यवस्था में जबरदस्त उछाल आएगा। ट्रंप ने यहां संवेददाता सम्मेलन में अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मंदी में होने के सवाल पर कहा- हां, शायद अमेरिकी अर्थव्यवस्था मंदी की चपेट में है, लेकिन फिलहाल हम मंदी के बारे में नहीं बल्कि कोराना वायरस को लेकर चिंतित है।
■ शेष पृष्ठ 8 पर

खास खबर

सदन के भीतर की बात को बाहर मुद्दा बनाना गलत : बिरला

नई दिल्ली (वार्ता)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा पूरक प्रश्न नहीं पूछने देने का आरोप लगाये जाने पर नाराजगी जताते हुये कहा है कि सदन के अंदर की बातों को बाहर मुद्दा बनाना उचित नहीं है। श्री बिरला ने प्रश्नकाल के दौरान यह टिप्पणी की। एक प्रश्न के जवाब में 20 मिनट से ज़्यादा समय लग जाने के बाद एक टिप्पणी की। उन्होंने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की टिप्पणी पर कहा आप एक बात बताएं अगर एक प्रश्न पर 15-20 मिनट लगाएंगे तो फिर आपके माननीय सदस्य सवाल उठाएंगे कि 12 बजे के बाद हमें पूरक प्रश्न नहीं पूछने दिया गया। यह सदन के लिए अच्छी बात नहीं है।

सरकार को एयर इंडिया बचाना चाहिए : अधीर

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी ने एयर इंडिया को बेचे जाने वाले पर सवाल उठाते हुए कहा कि बड़े बड़े काम करने का दावा करने वाली सरकार को इसे बचाने की कोशिश करनी चाहिए। श्री चौधरी ने वायुयान (संशोधन) विधेयक, 2020 पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि क्या सरकार इसे सुधार नहीं सकती है। 'मोदी है तो मुमकिन है' और 'शाह है तो संभव है' की बात करने वाली सरकार क्या एयर इंडिया को नहीं बचा सकती है।

संसद का बजट सत्र तीन अप्रैल तक

नई दिल्ली (वार्ता)। कोरोना विषाणु की महामारी को देखते हुए संसद का बजट सत्र समय से पहले स्थगित नहीं होगा और दोनों सदनों की कार्यवाही पूर्वनिर्धारित समय तीन अप्रैल तक चलेगी। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यहां ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आदेश के 24 घंटे के अंदर सीएम के एसीएस सुब्रत ने चार्ज संभाला

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री सचिवालय में फेरबदल के बाद महज 24 घंटे के भीतर ही नए एसीएस टू सीएम सुब्रत साहू ने चार्ज सम्हाल लिया। अपर मुख्य सचिव के रूप में वे मुख्यमंत्री के सचिवालय का कार्यभार देखेंगे। पहले यह जिम्मेदारी मुकम्मल डेढ़ साल तक एसीएस टू सीएम का प्रभार गौरव द्विवेदी सम्हाल रहे थे। उन्हें सोमवार को ही देर शाम पंचायत विभाग में प्रमुख सचिव बनाए जाने का आदेश जारी हुआ था। हालाकि वे आज एसीएस टू सीएम का चार्ज नए एडिशन चीफ सेक्रेटरी सुब्रत साहू को सौंप दिये, लेकिन पंचायत का जिम्मा वे फौरन नहीं लिए हैं। मंत्रालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव की कमी के चलते हाल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

काम में तेज इसलिए मिली जिम्मेदारी

मंगलवार को वरिष्ठ आईएएस सुब्रत साहू ने मंत्रालय में पदभार ग्रहण कर लिया। वे 1992 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। सुब्रत को सूचना प्रौद्योगिकी, वाणिज्य एवं उद्योग (रेल परियोजनाएं), ऊर्जा और इलेक्ट्रानिक्स भी अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा गृह एवं जेल विभाग की जिम्मेदारी वह पूर्ववत संभालते रहेंगे।



■ गंभीर कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं सुब्रत साहू

मंत्री सिंहदेव रास चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त

राष्ट्रीय नेतृत्व में सिंहदेव को अहम जिम्मेदारी

रायपुर (नवप्रदेश)। राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने टीएस सिंहदेव को अहम जिम्मेदारी है। पार्टी आलाकमान ने सिंहदेव को राजस्थान में राज्यसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। उनके साथ राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाल को भी पर्यवेक्षक बनाया गया है। आपको बता दें कि राज्यसभा का चुनाव की प्रकिया जारी है। नामांकन और नाम वापसी की तारीख समाप्त होने के बाद अब 26 मार्च को चुनाव की तैयारी है। छत्तीसगढ़ से मंत्री टीएस सिंहदेव सरगुजा महाराज भी हैं और राजस्थान में रजवाड़ों के बीच काफी चर्चित भी हैं। इसी तरह उनकी अच्छी छवि और काम को देखते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व ने महती जिम्मेदारी दी है। क्योंकि 26 मार्च को देश के 17 राज्यों की 55 सीटों पर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अपनी बात — राष्ट्रपति द्वारा नामित किये जाने पर उठे सवालों को लेकर पूर्व सीजेआई का जवाब

पहले शपथ फिर बात करूंगा क्यों जा रहा हूं राज्यसभा

नई दिल्ली ए.। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा राज्यसभा के लिए नामित किए जाने के बाद जहां विपक्ष हमलावर है। ऐसे में रंजन गोगोई ने कहा कि शायद मैं कल दिल्ली जाऊंगा। पहले मुझे शपथ ले लेने दीजिए फिर मैं मीडिया स विस्तार में बात करूंगा कि मैंने ये क्यों स्वीकार किया और मैं राज्यसभा क्यों जा रहा हूं।

रंजन गोगोई को नामित किए जाने के बाद कांग्रेस के रणदीप सिंह सुरजेवाला, कपिल सिब्बल और एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी ने सवाल खड़े किए हैं तो पूर्व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने उम्मीद जताई कि गोगोई इस प्रस्ताव को ठुकरा देंगे। हालांकि, रंजन गोगोई मीडिया से बातचीत में पहले ही कह चुके हैं कि राष्ट्रपति के प्रस्ताव को उन्होंने स्वीकार कर लिया है।

कपिल सिब्बल ने ट्विटर पर कहा कि न्यायमूर्ति गोगोई राज्यसभा जाने की खातिर सरकार के साथ खड़े होने और सरकार एवं खुद की ईमानदारी के साथ समझौता करने के लिए याद किए जाएंगे। वैसे, यहां इस बात का जिक्र करना जरूरी है कि रंजन गोगोई 12 जनवरी 2018 को सुप्रीम कोर्ट के तीन अन्य सीनियर जजों के साथ संयुक्त रूप से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा के तौर-तरीकों को लेकर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अपील

विदेश से लौटे लोगों की जानकारी तुरंत दें - टोल फ्री नं. 104

कोरोना संक्रमण के नियंत्रण में भागीदारी निभाएं...

प्रिय भाइयों और बहनों,

आप जानते ही हैं कि इन दिनों 'कोरोना वायरस' पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। WHO की ताजा रिपोर्ट के अनुसार कोरोना संक्रमण 151 देशों तक पहुंच गया है और WHO नें इसे महामारी घोषित किया है।

हमारे लिए यह सौभाग्य का विषय है कि अभी तक छत्तीसगढ़ में एक भी पॉज़िटिव केस नहीं मिला है। लेकिन पड़ोसी राज्यों तक संक्रमण पहुँचने के कारण संकट अभी टला नहीं है। हम सब मिलकर सावधानी से प्रयास करेंगे तो कोरोना संक्रमण से बच सकते हैं। एक जरूरी उपाय के बारे में आपसे अनुरोध करना चाहता हूं। स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन की ओर से विदेश यात्रा से लौटने वाले नागरिकों पर निगाह रखी जा रही है, उन्हें और उनके परिजनों को संक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए 14 दिनों तक अलग से निरंतर निगरानी में रखने की सर्वसुविधायुक्त व्यवस्था की गई है। लेकिन पता चला है कि कुछ लोग इसे गंभीरता से न लेते हुए, बिना रिपोर्ट किए अपने निवास स्थान चले जाते हैं। इससे एक ओर जहां आवश्यकता पड़ने पर उन्हें त्वरित उपचार मिलने में समस्या होगी वहीं दूसरी तरफ उनके प्रियजनों एवं आस पास के लोगों में संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। यहीं पर आपकी सहभागिता महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि आपके परिवार में, आस-पड़ोस में या जानकारी में ऐसे लोग हैं जो पिछले 15 दिन में विदेश यात्रा करके लौटे हैं तो तत्काल टोल फ्री नंबर 104 में फोन कर जानकारी दें, ताकि कोरोना का संचरण समुदाय में रोकने हेतु आवश्यक कदम उठाये जा सकें।



आप हर स्थिति में धीरज बनाकर रखें। सरकार ने संक्रमण नियंत्रण तथा उपचार की पूरी व्यवस्था की है। आपका सहयोग इस व्यवस्था को मजबूत करेगा। संक्रमण की शंका अथवा विदेश से आए लोगों की जानकारी देकर आप स्वयं तथा अपने प्रियजनों के साथ शासन की भी मदद करेंगे। आप जानकारी देकर हमारी मदद करें ताकि हम आपकी मदद कर सकें।

शुभकामनाओं सहित...

आपका,
(भूपेश बघेल)
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

जागरूक रहें जागरूक करें

कोरोना वायरस के प्रकोप से यूरोप ठप, ग्लोबल लॉकडॉउन की ओर बढ़ती

- कोरोना वायरस के प्रकोप के कारण यूरोप की सीमाएं सील कर दी गई हैं
- फ्रांस में आवाजाही प्रतिबंधित, ट्रंप बोले-लंबी लड़ाई के लिए तैयारी कर रहा अमेरिका
- फ्रांस के राष्ट्रपति ने नागरिकों को आदेश दिया कि वे 15 दिन तक घर में रहें

वाशिंगटन (ए.)। कोरोना वायरस के प्रकोप के कारण यूरोप की सीमाएं सील हो गई हैं। फ्रांस में आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित हो गई। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका आने वाले समय में लंबी लड़ाई के लिए तैयारी कर रहा है। फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने नागरिकों को आदेश दिया कि वे अगले 15 दिनों तक घरों में ही रहें। दुनियाभर उठाए जा रहे इन कदमों से ग्लोबल लॉक डाउन की अटकलें गहराने लगी हैं।

मैक्रों ने कहा है कि गैर-जरूरी यात्राओं और सामाजिक कार्यक्रम पर प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। मैक्रों ने कहा कि यूरोपीय संघ की बाहरी सीमाएं मंगलवार से लेकर अगले 30 दिनों के लिए बंद रहेंगी। अब तक 145 देशों में फैल चुके कोरोना वायरस से दुनियाभर में मौतों का आंकड़ा 7 हजार को पार कर गया है जबकि संक्रमितों की संख्या 175,530 से ज्यादा हो गई है।

यूरोप में तेजी से फैल रहे कोरोना वायरस के कारण फ्रांस ने भी इटली और स्पेन की तरह प्रतिबंध लागू कर दिए हैं, जो कि युद्ध के समय के अलावा शायद ही कभी देखे गए होंगे। दर्जनों देशों ने अपनी सीमाएं सील करने के साथ ही कर्फ्यू लगाने के अलावा अधिकतर सार्वजनिक कार्यक्रम भी रद्द कर दिए हैं। स्पेन और रूस ने सोमवार को अपनी सीमाएं सील कर दीं जबकि जर्मनी ने आवाजाही को लेकर कड़ी निगरानी शुरू की है।

एक साथ 10 से ज्यादा लोग एकत्र न हों: ट्रंप

इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने नागरिकों से कहा है कि एक साथ 10 से ज्यादा लोग एकत्र नहीं हों। साथ ही न्यूयॉर्क और राजधानी वाशिंगटन में कड़े ऐहतियाती कदमों के साथ साथ बड़े पैमाने पर लोगों को पृथक करने की प्रक्रिया जारी है। ट्रंप जनता को यह समझाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं कि वे संकट का पूरा उपाय कर रहे हैं। ट्रंप ने जनता से कहा है कि वे महामारी के खिलाफमहीनों लंबे चलने वाले संघर्ष के लिए तैयार रहें।

'हर संदिग्ध संक्रमण के मामले की करें जांच'

विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख टैड्रोस एडनोम गैबरेयेसस ने हर संदिग्ध संक्रमण के मामले की जांच करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि चीन में दिसंबर में फैले कोरोना वायरस ने दुनियाभर में कई जानें ली हैं और बड़ी संख्या में लोग संक्रमित हैं, ऐसे में हर संदिग्ध मामले की जांच जरूरी है। इस बीच, यूरोप में सर्वाधिक प्रभावित इटली में कोरोना वायरस से दो हजार से भी ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। ब्रिटेन ने जहां सभी गैर जरूरी कायर्क्रमों और यात्राओं को रोकने की बात कही है, वहीं स्विट्जरलैंड ने आपातकाल की घोषणा कर दी है। जर्मनी ने तो सभी चर्च, मस्जिद और धार्मिक सभाओं को बंद करने के साथ ही गैर-जरूरी दुकानों तक को बंद करने के आदेश दे दिए हैं।

कोरोना का कहर

ट्रंप ने संवाददातओं से कहा, 'अगर हम बहुत अच्छा काम भी करते है तो लोग जुलाई, अगस्त के लिए कह रहे हैं।' इस बीच, उन्होंने वायरस के कारण अमेरिका के 'मंदी की ओर' जाने की आशंका भी जताई है। ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और अमेरिका की ओर से जारी संयुक्त बयान में कहा गया, 'कोविड-19 महामारी एक मानवीय त्रासदी और वैश्विक स्वास्थ्य संकट है, जो विश्व अर्थव्यवस्था के लिए भी प्रमुख जोखिम है।'

मोदी के मंत्री ने खुद को किया क्वारंटाइन

कोरोना पॉजिटिव के संपर्क में आए थे, इसलिए खुद को किया सभी से अलग

नई दिल्ली (ए.)। दुनियाभर में कोरोना वायरस के खौफ के बीच केरल से बीजेपी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन ने खुद को क्वारंटाइन कर लिया है। वह कुछ दिन तक किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। कोरोना वायरस पॉजिटिव डॉक्टर के संपर्क में आने के बाद मुरलीधरन ने यह फैसला लिया है। वह कुछ दिनों तक घर पर ही रहेंगे। 61 वर्षीय नेता मुरलीधरन ने 14 मार्च को एक बैठक में हिस्सा लिया था। इस बैठक में स्पेन से लौटे एक डॉक्टर भी शामिल थे। डॉक्टर कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इसके बाद मुरलीधरन ने खुद को सभी से अलग कर लिया। केंद्रीय राज्य मंत्री मुरलीधरन ने मंगलवार को हुई बीजेपी की संसदीय दल की बैठक से भी दूरी बनाई रखी। केरल में अब तक कोरोना वायरस के 24 पॉजिटिव मामले सामने आ चुके हैं। इसमें तीन मरीज पूरी तरह से ठीक हो गए हैं। वहीं, भारत में कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

अफगानिस्तान, फिलीपीन और मलेशिया से आने वाले यात्रियों के भारत में प्रवेश पर तत्काल रोक

नई दिल्ली। सरकार ने मंगलवार को अफगानिस्तान, फिलीपीन और मलेशिया से आने वाले यात्रियों के भारत में प्रवेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। यह जानकारी अतिरिक्त यात्रा परामर्श में दी गई है। सरकार की ओर से 11 मार्च और 16 मार्च के क्रम में यह अतिरिक्त परामर्श जारी किया गया है। इसके मुताबिक, 'अफगानिस्तान, फिलीपीन और मलेशिया से आने वाले यात्रियों के भारत में प्रवेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।' परामर्श के मुताबिक, भारतीय समयानुसार दोपहर तीन बजे के बाद इन देशों से कोई भी विमान भारत के लिए उड़ान नहीं भरेगा। विमानन कंपनियां प्रारंभिक स्थान से इसे लागू करेंगी। यह निर्देश एक अस्थायी उपाय है जो 31 मार्च तक लागू रहेगा और बाद में इसकी समीक्षा की जाएगी। देश में कोरोना वायरस के मामलों में इजाफा होने के बीच सोमवार से सरकार ने यूरोपीय संघ के देशों, तुर्की और ब्रिटेन से आने वाले यात्रियों के प्रवेश पर 18 से 31 मार्च तक के लिए रोक लगा दी थी।

कोरोना के चलते ताजमहल बंद, दीदार न कर पाने पर रो पड़े विदेशी सैलानी

आगरा (ए.)। सात समंदर पार से दिलों में ताज दीदार की हसरत को लेकर मंगलवार को ताजनगरी पहुंचने वाले सैलानी ताज बंदी से बेहद मायूस नजर आए। इस दौरान ताजमहल का दीदार न कर पाने की कसक उनके दिलों में नजर आई तो वही आंखों से आंसू बनकर उन्होंने ताज दीदार ना कर पाने के गम का भी इजहार किया।

दुनिया भर में तेजी से बढ़ रहे कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए ताजमहल सहित देशभर के सभी स्मारकों और संग्रहालय को 31 मार्च तक के लिए बंद कर दिया गया है। मंगलवार सुबह से ही ताज का दीदार को आने वाले सैलानियों का तांता लगा रहा। इस दौरान ताज बंदी की सूचना पाकर सैलानी बेहद मायूस नजर आए और उनके दिलों में ताजमहल का दीदार न कर पाने की कसक भी दिखाई दी। वहीं कुछ सैलानी तो इतने मायूस नजर आए कि उनकी आंखों से दर्द के आंसू बनकर छलकते दिखाई दिए।

इधर उधर से झांकते रहे

मंगलवार को सूर्योदय में ताजमहल का दीदार करने पहुंचे सैलानियों के दिलों में ताजमहल की हसरत अधूरी रह गई। इस दौरान कोई सैलानी तो ताजमहल के पीछे दशहरा घाट से इसको निहारता दिखाई दिया तो कोई ताजमहल के गेट के बाहर लगी जाली से ताजमहल को झांकता दिखाई दिया।

49 साल में तीसरी बार बंद

बीते 49 वर्षों में यह तीसरा मौका है जब ताज महल बंद किया गया है। इससे पहले 1971 में भारत-पाक युद्ध के दौरान ताजमहल करीब 15 दिन बंद रहा था 1978 की बाढ़ के दौरान ताजमहल 7 दिन बंद रहा था।

अमेरिका के कोविड-19 से संक्रमित पाया गया एप्पल कर्मचारी

नई दिल्ली। लॉस एंजलिस में एक एप्पल कर्मचारी के कोरोनावायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, व्यक्ति एप्पल के कल्वर सिटी कायालर्य में कार्यरत था। एप्पल के एक प्रवक्ता ने कहा, 'हमारे कल्वर सिटी कायार्लय में टीम का एक सदस्य कोविड-19 से संक्रमित पाया गया है। जब व्यक्ति आखरी बार कायार्लय में था, तब उसमें बीमारी के लक्षण नहीं दिखाई दिए थे। वर्तमान में वह अपने आवास में ही एकांतवास में है।' एप्पल प्रवक्ता ने आगे कहा, 'हमरा मानना है कि यह हमारे वैश्विक समुदाय के लिए एक चुनौतीपूर्ण समय है। हमारे विचार दुनिया में कोविड-19 से प्रभावित व्यक्ति (मरीज) के साथ-साथ इससे लड़ रहे मेडिकल प्रोफेशनल्स और रिसर्चर्स के साथ है।'कायार्लय परिसर में एप्पल कर्मचारियों को अतिरिक्त सावधानी बरतने के लिए सतर्क किया गया है।

भारत की बात करें तो कोरोना वायरस से देश में मंगलवार सुबह तीसरी मौत हुई। मुंबई के कस्तूरबा अस्पताल में 64 वर्षीय मरीज ने दम तोड़ दिया। इससे पहले कर्नाटक के कलबुर्गी और दिल्ली में एक-एक मरीज की कोरोना के चलते मौत हो चुकी है। देश के कई राज्यों से कोरोना वायरस के नए मामले सामने आने के बाद संक्रमित लोगों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 128 हो गई। इसमें 22 विदेशी और दिल्ली तथा कर्नाटक में कोविड-19 के कारण जान गंवाने वाले दो लोग शामिल हैं। वहीं, नोएडा में भी दो नए मामले सामने आए हैं। दिल्ली में अब तक इसके सात मामले सामने आए हैं। महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के तीन विदेशी नागरिकों सहित 39, कर्नाटक में आठ, लद्दाख में चार, जम्मू-कश्मीर में तीन और तेलंगाना में चार मरीज हैं। वहीं, राजस्थान में दो विदेशी नागरिकों सहित कुल चार लोग संक्रमित पाए गए हैं। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पंजाब में एक-एक मामला सामने आया है।

नहीं मिल रहा सेनेटाइजर तो वोदका इस्तेमाल कर रहे लोग

धनबाद (ए.)। कोरोना वायरस से निपटने के लिए सेनेटाइजर नहीं मिल रहा है तो लोग मजबूरन वोदका और एल्कोहल का उपयोग कर रहे हैं। बेल्जियम के ब्रसेल्स में रह रहे धनबाद के राजीव कुमार कर्ण ने 'हिन्दुस्तान' को बताया कि बेल्जियम में स्थिति काफी खराब है। सिर्फ जरूरी सामान खरीदने के लिए बाहर जाने की छूट है। बाकी समय घर पर रहना पड़ता है। बेल्जियम में सोल्यूशन आर्किटेक राजीव बताते हैं कि यहां सेनेटाइजर तक नही मिल रहे हैं। कहा कि यहां के मोरेक्कन लोगों ने सेनेटाइजर स्टॉक कर रखा है। मजबूरन वोदका और एल्कोहल को सेनेटाइज करने के लिए उपयोग करना पड़ रहा है। राजीव बताते हैं कि तीन साल से यहां रह रहा हूं ऐसी स्थिति पहले कभी नहीं देखी। यहां की स्थिति को देखते हुए वे अपनी पत्नी के साथ वापस भारत आना चाहते थे, लेकिन सारी उड़ाने रद्द कर दी गईं। टूरिस्ट वीजा तो पहले से सस्पेंड है। उन्होंने कहा कि यहां पर यह आंकड़ा सामने आया है कि यात्रा के दौरान ही कोरोना सर्वाधिक प्रभावी हुआ है। इसलिए घर में ही सिमट गए हैं। यहां तो सड़कों पर पुलिस का पहरा है जो लोगों को अनावश्यक घूमने से रोकती है। राजीव ने बताया कि बेल्जियम, फ्रांस, जमर्नी और नीदरलैंड से सटा है। इन देशों से बेल्जियम (बॉर्डर लेस) सीमा की बाधाएं नहीं हैं। यहां कोरोना फैलने का यह भी कारण हो सकता है। 16 मार्च तक बेल्जियम में 1058 लोग कोरोना से संक्रमित पाए गए थे, जिसमें से पांच लोगों की मौत हो चुकी है।

कोरोना से खौफमें महाराष्ट्र, थम सकती है लोकल वाली 'लाइफलाइन'

- तीन लोगों की संक्रमण की वजह से भारत में अबतक हो चुकी है मौत, संक्रमित लोगों का इलाज जारी

मुंबई (ए.)। कोरोना वायरस के मामले भारत में तेजी से बढ़ रहे हैं। देश में अब इसकी वजह से कुल मौतों की संख्या तीन हो गई है जबकि 132 लोग इसके संक्रमण से संक्रमित हैं। गौर करने वाली बात तो यह है कि कोरोना की तेज गति ने देश के साथ-साथ दुनिया की रफ्तार को बुरी तरह से प्रभावित किया है। मॉल्स, सिनेमाघर, स्कूल-कॉलेज के बाद मंदिरों के कपाट भी बंद होने लगे हैं। उधर, अब महाराष्ट्र सरकार बढ़ते मामलों को देखते हुए कैबिनेट मीटिंग में लोकल ट्रेन और बस बंद करने पर विचार भी कर सकती है। महाराष्ट्र में लोकल ट्रेनों को लाइफ लाइन माना जाता है...मतलब यह कहना गलत नहीं होगा कि कोरोना ने अब 'लाइफ लाइन' को भी संकट में डाल दिया है। 'लाइफलाइन' थमने से मुंबई समेत समूचे महाराष्ट्र में इसका बुरा असर देखने को मिलेगा। इस दुष्प्रभाव से ऑफिस, डेली रूटीन भी शायद ही अछूता रहे। इन सबमें अहम यह है कि सबसे अधिक केस महाराष्ट्र (अब तक 39) पाए गए हैं। मुंबई में कोरोना के एक मरीज ने मंगलवार को दम तोड़ दिया।

'भारत में 15 दिन रहने के बाद ही गुरुद्वारे में जा सकेंगे विदेशी नागरिक'

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) ने भारत में 15 दिवसीय प्रवास को पूरा नहीं करने वाले विदशी नागरिकों के राजधानी के सभी गुरुद्वारों में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस अवधि में कोरोना वायरस के संक्रमण की जांच की जाएगी। डीएसजीएमसी के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उन्होंने कहा कि जिन विदेशी नागरिकों में कोरोना वायरस की पुष्टि नहीं हुई है और 15 दिनों से अधिक समय से भारत में रह रहे हैं, उन्हें गुरुद्वारों में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। सिरसा ने कहा कि सामान्य क्षेत्रों और रेलिंग, लिफ्ट, कुर्सियां आदि को नियमित रूप से संक्रमण मुक्त किया जाएगा। गुरुद्वारा अधिकारियों ने दिल्ली के सभी गुरुद्वारों में भक्तों को घातक बीमारी के प्रसार को रोकने के निवारक उपायों के तहत सिर ढंकने के लिए पटका प्रदान करना बंद कर दिया है। देश के कई राज्यों से कोरोना वायरस के नए मामले सामने आने के बाद संक्रमित लोगों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 125 हो गई। इसमें 22 विदेशी और दिल्ली तथा कर्नाटक में कोविड-19 के कारण जान गंवाने वाले दो लोग शामिल हैं।

रोचक किस्से — एक जज ऐसे भी जो पहले राज्यसभा सांसद बने और बाद में हाईकोर्ट के जज और फिर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश

गोगोई के राज्यसभा जाने पर मचा है हंगामा पर ऐसा पहली बार नहीं हुआ

ओवैसी बोले गोगोई को ठुकरा देना चाहिए भाजपा का ऑफर

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा राज्यसभा के लिए नामित किए जाने के बाद जहां विपक्ष हमलावर है, वहीं सोशल मीडिया पर भी इसको लेकर काफी प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। रंजन गोगोई देश के 46वें चीफ जस्टिस थे और 3 अक्टूबर 2018 से 17 नवंबर 2019 तक उनका कार्यकाल रहा। रंजन गोगोई को नामित किए जाने के बाद कांग्रेस के रणदीप सिंह सुरजेवाला, कपिल सिब्बल और एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी ने सवाल खड़े किए हैं तो पूर्व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने उम्मीद जताई कि गोगोई इस प्रस्ताव को ठुकरा देंगे। हालांकि, रंजन गोगोई मीडिया से बातचीत में पहले ही कह चुके हैं कि राष्ट्रपति के प्रस्ताव को उन्होंने स्वीकार कर लिया है।

पहले भी न्यायाधीश बन चूके हैं राज्यसभा के सदस्य

हालांकि, यह पहली बार नहीं है कि देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश राज्यसभा के सदस्य बनेंगे। इससे पहले देश के 21वें पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंगनाथ मिश्रा ओडिशा से कांग्रेस से राज्यसभा के सांसद बने थे और उनका कार्यकाल 1998 से 2004 था। रंगनाथ मिश्रा 25 सितंबर 1990 को सुप्रीम कोर्ट के चीफजस्टिस बने थे और 14 महीने बाद 24 नवंबर 1991 को रिटायर हुए थे। विपक्षी पार्टियों द्वारा रंजन गोगोई पर सवाल उठाए जाने के बाद काउंटर नैरेटिव के रूप में जस्टिस रंगनाथ मिश्रा को राज्यसभा का सदस्य बनाए जाने को लेकर भी सवाल उछाले जा रहे हैं।

बड़े फैसले दिए हैं गोगई ने : सिब्बल

कपिल सिब्बल ने ट्विटर पर कहा कि न्यायमूर्ति गोगोई राज्यसभा जाने की खातिर सरकार के साथ खड़े होने और सरकार एवं खुद की ईमानदारी के साथ समझौता करने के लिए याद किए जाएंगे। वैसे, यहां इस बात का जिक्र करना जरूरी है कि रंजन गोगोई 12 जनवरी 2018 को सुप्रीम कोर्ट के तीन अन्य सीनियर जजों के सात संयुक्त रूप से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा के तौर-तरीकों को लेकर सार्वजनिक तौर पर सवाल खड़े करके चर्चा में आए थे। इसके बाद वह चीफजस्टिस बने और राम मंदिर से लेकर सबरीमाला सहित तमाम मामलों में ऐतिहासिक फैसले दिए।

लग चूका है यौन उत्पीड़न का आरोप

चीफ जस्टिस की जिम्मेदारी संभालने के सात महीने के भीतर ही अप्रैल में जस्टिस गोगोई पर उनकी पूर्व जूनियर असिस्टेंट ने उन पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। तब जस्टिस गोगोई ने इसे न्यायपालिका की आजादी को एक गंभीर खतरा बताते हुए कहा कि यह न्यायपालिका को अस्थिर करने की एक बड़ी साज़िश है।

कांग्रेस पार्टी को दी थी क्लीन चिट

इसकी वजह यह है कि इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिख विरोधी दंगों को लेकर उनके आयोग की रिपोर्ट। दंगे के छह महीने बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 26 अप्रैल 1985 में इसकी जांच के लिए रंगनाथ मिश्रा आयोग बनाया था। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में फरवरी 1987 में सौंपी थी, जिसमें कांग्रेस पार्टी को क्लीन चिट दे दी गई थी। जस्टिस मिश्रा ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि दंगे तात्कालिक प्रतिक्रिया के रूप में शुरू हुए थे और बाद में गैंगेस्टरों के नेतृत्व में सिखों के खिलाफ हिंसा की श्रृंखलाबद्ध घटनाएं हुईं।

कांग्रेस ने उठाए सवाल

रंगनाथ मिश्रा को कांग्रेस की ओर से राज्यसभा सांसद बनाए जाने को लेकर भी सवाल उठे थे। आरोप लगे थे कि रिपोर्ट में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को क्लीन चिट देने का उन्हें इनाम दिया गया था। इससे पहले उन्हें नरसिम्हा राव के शासनकाल में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का चेयरमैन भी बनाया गया था। इस तरह रंजन गोगोई देश के दूसरे पूर्व मुख्य न्यायाधीश होंगे जो ऊपरी सदन में पहुंचेंगे। इसके अलावा देश के 11वें चीफजस्टिस मोहम्मद हिदायतुल्लाह देश के छठे उपराष्ट्रपति के तौर राज्यसभा के चेयरमैन की भूमिका निभा चुके हैं। वह 31 अगस्त 1979 से 30 अगस्त 1984 तक देश के उपराष्ट्रपति रहे थे।

पहले राज्यसभा और फिर बने जज

सुप्रीम कोर्ट के एक अन्य जज जस्टिस बहरुल इस्लाम का मामला तो और भी रोचक है। वह पहले राज्यसभा सांसद बने थे और बाद में हाई कोर्ट के जज और फिर सुप्रीम कोर्ट के जज बने। बहरुल इस्लाम सुप्रीम कोर्ट में वकालत करते थे, उसी दौरान 1962 में वह पहली बार असम से कांग्रेस पार्टी के टिकट पर राज्यसभा के लिए चुने गए। उसके बाद दूसरी बार 1968 में उन्हें फिर राज्यसभा भेजा गया, लेकिन कार्यकाल खत्म होने से पहले ही उन्हें तत्कालीन असम और नागालैंड हाईकोर्ट का जज बनाया गया। फिर वह सुप्रीम कोर्ट के जज बने और 1983 में सुप्रीम कोर्ट से रिटायर होने के तुरंत बाद उन्हें तीसरी बार कांग्रेस पार्टी ने राज्यसभा भेज दिया।

■ न्यूज गैलरी

स्वच्छता कर्मी को जान से मारने की धमकी

रायपुर। सहनशीलता के अभाव के चलते छोटी छोटी बातों पर क्रोधित होने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। अभनपुर थाना क्षेत्र से मिली जानकारी के अनुसार श्रीमती सरोजनी कुर्रे आयु 30 वर्ष पति संतोष कुर्रे ग्राम झांके अभनपुर से आरोपियों विशाखाबाई एवं बीना बाई निवासी फिंगेश्वर ने साफ-सफाई करने पहुंची सरोजनी से तुम यहां क्यों आई हो कहकर मारपीट एवं गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर लकड़ी के पटिये से पिटाई की। आरोपियों के निवास में सरोजनी साफ सफाई कार्य से गई थी। उक्त मामले में अभनपुर थाने ने आरोपियों के खिलाफ 294, 506, 323 एवं 34 के तहत मामला दर्ज किया है। पीड़िता आरोपियों के चाचा की लड़की है। यह बात जानने के बावजूद भी आरोपियों द्वारा अकारण सरोजनी की पिटाई की गई है।

ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल

रायपुर। शहर में तेज रफ्तार वाहनों की गति पर नियंत्रण नहीं होने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है। राजेंद्र नगर थाने से मिली जानकारी के अनुसार हिमालयन हाइट फेस -टू के पास तेज रफ्तार ट्रक ने वहां से गुजर रहे बाइक सवार संतोष ढीमर सीजी पल्सर 04 एमसी 0469 बाइक को टक्कर मार कर उनकी पत्नी श्रीमती सरिता ढीमर आयु 45 वर्ष को गंभीर रूप से घायल कर लिया।

अलग अलग थाना क्षेत्रों में हजारों की हुई चोरी

रायपुर। शहर में चोरों द्वारा रेकी कर सुनसान मकानों एवं ताला लगे रिहायशी मकानों में आये दिन चोरी की घटनाएं होती रहती है। सिविल लाइन थाने एवं टिकरापारा थाने से मिली जानकारी के अनुसार डॉ. वैभव जैन आयु 42 वर्ष पिता डॉ. गौतम जैन निवासी महावीर अस्पताल भगतसिंह चौक के पास स्थित आवास में अज्ञात चोर द्वारा अस्पताल में प्रवेश कर कमरे का ताला तोड़कर एक नग लेनेवो कंपनी का लेपटॉप कीमत 15 हजार रुपये चोरी कर लिया गया। उक्त मामले में सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ आईपीसी की धारा 380 के तहत मामला दर्ज किया है। इसी प्रकार टिकरापारा क्षेत्र में मोहम्मद नियाजुद्दीन 47 वर्ष पिता सिराजुद्दीन साहू काम्प्लेक्स टिकरापारा घटनास्थल संजय नगर में रोड में खड़ा हुआ था उसकी जेब से अज्ञात चोर ने वीवो कंपनी का एक नग मोबाइल कीमत 12 हजार चोरी कर लिया। दोनों क्षेत्रों में कुल 27 हजार की चोरी हुई है। टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ 379 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोरोना से संघर्ष- 31 मार्च तक अटेंशन पोजिशन इन जगहों पर ध्वस्त

बैंक, करंसी और वाइन शॉप सेनेटाइज्ड नहीं!

नवप्रदेश संवादाता

वैवाहिक कार्यक्रम, कोर्ट, सरकारी दफ्तर में जुटने वाली भीड़ चुनौती

रायपुर। अब तक देश में कोरोना वायरस से ज्ञात मौक की संख्या में 1 इजाफा हुआ है। वहीं वायरस इफेक्टेड संदिग्धों और पॉजिटिव लगातार मिल रहे हैं। पुख्ता तैयारियां तो हैं पर कई ऐसी जगह, स्थान और जरिया है जिससे कोरोना के फैलने की गंभीर आशंका बनी हुई है। चाहकर भी इन संभावित खतरों से निपटने और इन्हें सेनेटाइज करने का कोई दूसरा तरीका भी नहीं है। इनमें सबसे ज्यादा खतरनाक बैंक और शराब दुकानें हैं। यहां रोजाना हजारों लोगों की आवाजाही है और इनमें से वायरस इनफेक्टेड लोगों के संपर्क में आने वाली कैरंसी(नकदी)और शराब दुकानों, बार, रेस्टोरेंट्स में जुटने वाली भीड़ बड़ा खतरा हैं। अब तक जिला प्रशासन और शासन की तरफ से इन ठिकानों में ऐसे कोई उपाय नहीं किये गए हैं जिससे यह खतरा रोका जा सके।

सिर्फ बैंक, शराब ठेकों या बार-रेस्टोरेंट्स ही नहीं कई वैवाहिक कार्यक्रमों व कोर्ट परिसर समेत, जेल, सरकार दफ्तर जहां रोजाना लोगों की आमदरफ्त रहती है उसे एंटी वायरस बनाया जा सके।

बता दें कि राजधानी में 150 से ज्यादा बड़े-छोटे वैवाहिक मंगल भवन हैं जहां 31 मार्च तक वैवाहिक कार्यक्रम व आयोजन हैं। जबकि सामुदायिक भवनों में भी बुकिंग की गई है जिसमें पारिवारिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। ऐसे में जब केंद्र व राज्य सरकार का साफ निर्देश है कि 4 से अधिक की संख्या में लोग न जुटें वहां उक्त निर्देशों की धज्जियां उड़ते और तैयारियों पर पानी फिरते देखा जा सकता है। अब तक कोई सख्त व उपयोगी कदम इनके लिए जिम्मेदारों के जेहन में नहीं है।

वीआईपी सुरक्षा में तैनात स्टाफ से खतरा !

मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात थ्री लेयर सिक्योरिटी है। गृहमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यपाल के अलावा मंत्रिमंडल की हिफाजत में तैनात सुरक्षा जवानों को कोरोना से सुरक्षित उपकरण या संसाधन नहीं दिये गए हैं। ऐसे में वीआईपी सुरक्षा में तैनात एक से ज्यादा संख्या में सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटि भी सीधे रिजर्व व लाइन से पहुंचती है। जहां पहले से ही वे अपनी यूनिट, लाइन व फोर्स के कई लोगों के संपर्क में हैं।

मैरिज पैलेस, सामुदायिक भवन में प्रोग्राम

विवाह कार्यक्रम, मांगलिक कार्य व सामाजिक कार्यक्रमों के अलावा राजधानी में कई सामुदायिक भवन में आयोजन निर्बाध तरीके से होते रहे हैं। मैरिज पैलेस, सामुदायिक भवन और बैंक, शराब दुकानों, सार्वजनिक स्थानों के अलावा सरकारी दफ्तरों में भी तय संख्या से बहुत ज्यादा लोग जुट रहे हैं। पहले ही सरकार निर्देशों में एक साथ एक ही स्थान पर भीड़ को जुटने से भी रोकने कहा गया है। लेकिन इन कार्यक्रम, आयोजनों व स्थानों पर सीधे तौर पर कार्रवाई करने से जिला प्रशासन भी कतरा रहा है।

संक्रमण फैलने से रोकने के लिए व्यवस्था व तैयारियां हर स्तर पर

हर संभावित स्थानों जहां एक ही वक्त पर ज्यादा लोग जुटते हों वह निगरानी में है। लगातार कोरोना वायरस से बचने के तरीके भी व जनजागरूकता के संदेश भी दिये जा रहे हैं। सार्वजनिक स्थानों, कार्यक्रमों और गैर जरुरी प्रोग्राम को निरस्त करने के भी निर्देश हैं। संक्रमण फैलने से रोकने के लिए इंतजाम व तैयारियां हर स्तर पर हैं, लेकिन लोगों को भी इसमें सहयोग देना होगा ताकि खतरे से निपटा जा सके।

एस.भारतीदासन, कलेक्टर रायपुर

लघु वनोपज के संग्रहण के लिए लक्ष्य निर्धारित करें

■ **लघु वनोपज संबंधी राज्य स्तरीय समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में सीएस मंडल ने दिए निर्देश**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में लघु वनोपजों का समर्थन मूल्य पर क्रय करने संबंधी राज्य स्तरीय समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में लघु वनोपजों का ग्रामीण हाट बाजार एवं संग्रहण केन्द्रों में खरीदी, वनोपजों के प्राथमिक प्रसंस्करण कार्य और संग्राहकों को भुगतान संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर वन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुवा भी मौजूद थे।

बैठक में मुख्य सचिव ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये है कि लघु वनोपजों के संग्रहण के लिए जिलेवार लक्ष्य निर्धारित करें एवं वनोपज के संग्रहणकर्ताओं को वाजिब मूल्य मिले यह सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव ने वनोपजों का समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए जिलों के कलेक्टरों, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं वन मंडलाधिकारियों का सक्रिय सहयोग लेने के निर्देश वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दिये है। बैठक में न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा लघु वनोपज संघों द्वारा निर्धारित दरों पर खरीदी, लघु वनोपजों का ग्राम स्तर पर हाट बाजारों एवं संग्रहण केन्द्रों में खरीदी के लिए जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। इसी तरह से ग्रामीण क्षेत्रों में वनोपजो के संग्रहण के लिए वन क्षेत्रों में स्व सहायता समूहों की सहायता के लिए हाट बाजारों एवं वन-धन विकास केन्द्र में प्रेरक नियुक्त करने के निर्देश भी विभागीय अधिकारी को दिए।

तीन शैक्षणिक सत्रों के लिए गैर अनुदान प्राप्त 132 कॉलेजों के 21 पाठ्यक्रमों की फीस निर्धारित

रायपुर। प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति द्वारा राज्य में संचालित गैर अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों के शैक्षणिक सत्र वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 के विभिन्न पाठ्यक्रमों की फीस का निर्धारण किया जा चुका है।

■ **प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति ने वर्ष 2020-21, 2021-22 और 2022-23 के लिए किया फीस का निर्धारण**

प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति, छत्तीसगढ़ शासन के अध्यक्ष एवं न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) श्री अनिल कुमार शुक्ला से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति द्वारा गैर अनुदान प्राप्त 132 महाविद्यालयों के 21 पाठ्यक्रमों की फीस का निर्धारण-पुनरीक्षण किया जा चुका है, ताकि इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश तथा काउंसिलिंग के समय छात्रों को कॉलेजों की फीस, कॉलेज किस स्तर का है, यह जानकारी छात्रों को हो सके। उल्लेखनीय है कि प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति को ऐसे अशासकीय महाविद्यालय जिन्हें शासन से अनुदान प्राप्त नहीं होता है, के फीस निर्धारण का अधिकार माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय द्वारा प्राप्त है।

करोना वायरस से लड़ने में सबको साथ होना चाहिये : त्रिवेदी

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सब करोना के खिलाफ जंग में साथ आयें। करोना महामारी जनजीवन से जुड़ा विषय है, इससे लड़ने में सबको साथ होना चाहिये। करोना राजनीति का विषय नही है और जनस्वास्थ्य से जुड़ा बेहद गंभीर मामला है। भाजपा यह देखे कि भाजपा शासित राज्यों में करोना की महामारी को फैलने से रोकने के लिये क्या-क्या कदम उठाए गये हैं ? अगर किसी भाजपा शासित राज्य में कोई अतिरिक्त कदम उठाए गए हैं जो छत्तीसगढ़ में नहीं उठाए गए हैं तो उनकी जानकारी भाजपा को जनहित में सरकार को और मीडिया को जरूर देना चाहिये। कांग्रेस अपनी सरकार से वो सब कदम भी उठाने का अनुरोध करेगी।

श्री त्रिवेदी ने कहा है कि स्कूल, कॉलेज बंद करोना की महामारी को फैलाने से रोकने के लिये पूरा देश दलगत मतभेदों को भुलाकर एकजुट हो चुका है। एचएनएलयू सहित देश के अनेक संस्थानों के हॉस्टल तक खाली कर लिये गया है। सभी राजनैतिक दलों को लोक स्वास्थ्य के इतने महत्वपूर्ण विषय में छत्तीसगढ़ की सरकार द्वारा उठायें गये इन कदमों का स्वागत करने करना चाहिये और इसमें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सबको सहयोग करना चाहिये। करोना से लड़ने में सबको साथ होना चाहिये।

करोना की स्थिति पर श्री त्रिवेदी ने कहा है कि पूरा देश और और पूरा विश्व कोरोना के विभीषिका का सामना कर रहा है। अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश ने करोना को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया है। इसे देखते हुए करोना को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वैश्विक महामारी घोषित कर दिया है। अमेरिका में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। जापान, इरान, इटली और दक्षिण कोरिया में सैंकड़ो मौते हुयी है, चीन में हजारों मौते हुयी है।

भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के सभी कार्यक्रम 31 मार्च तक रद्द

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव 2020 के आयोजन को लेकर व्यापक तैयारी शुरु हो गई थी। मुख्य समारोह के पहले 23 मार्च से अलग-अलग कार्यक्रम वार्डो में भी होना था। मिली जिम्मेदारी को लेकर वार्ड प्रभारी इसे भव्य रूप से आयोजित करने में लगे हुए थे कि कोरोना वायरस के चलते सभी प्रकार के ऐसे कार्यक्रमों जहां लोगों की भीड़ जुटती हो, रद्द करने का आदेश जिला प्रशासन की ओर से जारी किया गया है।

भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष ललित पटवा ने इस विषय को लेकर एक अति आवश्यक बैठक बुलाई जिसमें सकल जैन समाज के सभी 14 घटकों के पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्यजनों की उपस्थिति में वर्तमान हालात को देखते हुए शासन-प्रशासन के दिशा निर्देशों का परिपालन करते हुए निर्णय लिया गया कि 31 मार्च तक के सभी कार्यक्रम रद्द किये जाते हैं। फिलहाल आगामी कार्यक्रम तय नहीं हैं,पहली अप्रैल को फिर बैठक होगी इसमें निर्णय लिया जायेगा, इसकी सूचना सामाजिकजनों को दी जायेगी। बैठक में उपस्थित सामाजिक सदस्यों ने वर्तमान पदाधिकारियों को ही आगामी महोत्सव कार्यक्रम लिए जिम्मेदारी सौंपी है। भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अध्यक्ष ललित पटवा, महासचिव शेखर बैद, कोषाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन ने महोत्सव कार्यक्रम में सहभागिता निभा रहे सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताया है, साथ ही कोरोना वायरस से सभी को सतर्क व स्वस्थ रहने की कामना की है।

ऐहतियात आपदा को रोकने हर नागरिक एवं समाज की सक्रिय भागीदारी की जरूरत- कलेक्टर

एयरपोर्ट में स्क्रीनिंग, रेल्वे और बस स्टैण्ड में हेल्प डेस्क

■ **एम्स एवं मेकाहारा में संभावित मरीजों को 24 घंटे प्रॉपर रिस्पांस देने के निर्देश**

■ **रैपिड रिस्पांस टीम भी गठित**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन ने रेडक्रास सोसायटी के सभाकक्ष में सोमवार को जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, एयरपोर्ट, रेल्वे सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर पूरी दुनिया के साथ अब भारत को भी प्रभावित कर रहे कोरोना वायरस से बचाव करने के लिए हर संभव उपाय करने को कहा।

उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस की स्थिति देश के कई स्थानों में स्टेज 2 में पहुंच गयीं है और किसी भी बड़े आपदा को रोकने के लिए हर एक नागरिकों को जागरूक होने, सभी संभव तैयारी करने और हर समाज के सक्रिय भागीदारी की जरूरत है।

कलेक्टर ने बताया कि हालांकि अभी तक छत्तीसगढ़ और रायपुर में कोरोना वायरस के एक भी प्रकरण सामने नहीं आये है, लेकिन इससे बचाव के लिए अनेक ऐहतियाती उपाय किए गए है। स्कूलों, कॉलेजों सहित जिमखाना, स्वीमिंग पुल ,लायब्रेरी आदि को बंद किया गया है। धरना ,प्रदर्शन, रैली ,प्रदर्शन, सभाएं ,जुलूस आदि की अनुमति नहीं है। कार्यक्रमों एवं आयोजनों की अनुमति भी नहीं है। उन्होंने बताया कि राज्य में संभाग में कमिश्नर, जिलों में कलेक्टर, अनुविभाग में अनुविभागीया दण्डाधिकारियों के साथ स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सिविल सर्जन को विशेष पावर दिए गए हैं। संदिग्ध लोगों द्वारा जानकारी छिपाने या इलाज नहीं कराने जैसी स्थितियों में उनके खिलाफ कार्यवाही की जा सकती है।

कलेक्टर ने कहा कि कुछ स्कूलों में क्लास चलाने, जिम चलाने तथा ऑडिटोरियम में कार्यक्रम करने जैसी शिकायतें मिली हैं, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर एक सुरक्षित है, तो सभी सुरक्षित है। हम सभी का प्रयास होना चाहिए कहीं भी भीड़ भाड़ इकट्ठा न हो, विशेषकर पचास लोगों से अधिक भीड़ कहीं भी इकट्ठा न हो।

कलेक्टर ने कहा एयरपोर्ट जैसी जगह में हर यात्रियों के स्क्रीनिंग का कार्य को पूरी जिम्मेदारी से करने की जरूरत है। विशेषकर विदेशों से आने वाले व्यक्तियों की जांच की जाएंगी । इसी तरह रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैण्ड में भी स्वास्थ्य विभाग के द्वारा हेल्पलाईन बनायी गयी है। प्राइवेट हॉस्पिटल में भी स्क्रीनिंग कार्नर बनाने के निर्देश दिए गए है। विशेष रूप से एम्स एवं मेकाहारा में संभावित मरीजो को 24 घंटे प्रॉपर रिस्पांस देने के निर्देश दिए गए है। जिले में रैपिड रिस्पांस टीम भी गठित करने के निर्देश दिए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि होटल संचालकों को विदेशों से आने वाले से आने वाले टूरिस्टों की जानकारी देने को कहा गया हैं। कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने हाल ही बताया कि नये रायपुर में कोरोना वायरस से प्रभावित लोग होने और नये रायपुर को बंद करने जैसी गलत खबरें सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित हुई थी। सभी को ऐसे गलत समाचारों एवं फेक न्यूज से बचने की जरूरत हैं। बिना पुष्टि के ऐसे खबरों के माध्यम से भ्रम या अफ्वाह फैलाने वालो के खिलाफ भी कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों को थूककर गंदा करने वाले लोगों के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा मास्क और हैंड-सैनिटाइजर को आवश्यक वस्तुओं की सूची में शामिल किया है। जिले में मास्क और सेनेटाइजर की कालाबाजारी करने, स्टाफ होल्डिंग करने अथवा ज्यादा कीमत पर बेचने वालों के आकस्मिक निरीक्षण के लिए टीम गठित की गई है।

विमानतल पर यात्रियों की जांच के लिए पुख्ता व्यवस्था

राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल में आने वाले यात्रियों की जांच के लिए सख्त और पुख्ता व्यवस्था कर ली गई है। खासकर विदेश से लौटने वाले व्यक्तियों द्वारा सेल्फडिक्लेरेशन फार्म भरने और उनकी जांच के लिए एयरपोर्ट अधिकारियों से बेहतर समन्वय बनाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह ने माना स्थित आइसोलेशन सेंटर में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कंट्रोल एंड कमांड सेंटर एवं कोविड-19 के लिए गठित राज्य स्तरीय कोर कमेटी की बैठक में रायपुर की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को एयरपोर्ट पर स्क्रीनिंग व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में कोरोना वायरस की जांच और इलाज के इंतजामों की भी समीक्षा की। स्वास्थ्य सचिव ने बैठक में जानकारी दी कि जगदलपुर, रायगढ़ और रायपुर में कोरोना वायरस की जांच हेतु लैब स्थापित करने के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव को पत्र लिखकर अनुरोध किया जाएगा। प्रदेश के मेडीसिन और एनेस्थेशिया विशेषज्ञों को चिन्हाँकित कर वेंटीलेटर के उपयोग पर मेडिकल स्टॉफके लिए विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। सामुदायिक सर्विलेंस के लिए जन सामान्य को जागरूक करने के साथ ही होम आइसोलेशन गाइडलाइन को भी अपडेट करने पर चर्चा की गई।बैठक में बताया गया कि माना में 60 बिस्तरों वाले आइसोलेटेड अस्पताल की व्यवस्था है। इसमें छह वेंटिलेटर्स की भी सुविधा है। यहां काम करने के लिए 70 मेडिकल स्टाफको प्रशिक्षण दिया गया है। विदेश से यात्रा करके आए ऐसे लोग जो संक्रमित नहीं है, लेकिन संदिग्ध सूची में हैं, उनके लिए कॉल ऑन टाइम (स्वस्थ व्यक्ति को रखने की व्यवस्था) की व्यवस्था निमोरा में की गई है।

संपादकीय

कब खाली होगा शाहीन बाग

सारी दुनिया में दहशत फैलाने वाले कोरोना वायरस के कारण भारत में भी 130 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए है। विश्व स्वास्थ्य संगठन में इसे महामारी घोषित कर दिया है। भारत में भी कोरोना वायरस से निपटने के लिए कारगर पहल की जा रही है। देश के अधिकांश राज्यों में स्कूल, कालेज, आंगनबाड़ी केन्द्र, सिनेमा हाल, मल्टी फ्लेक्स आदि एक पखवाड़े के लिए बंद कर दिए गए है। महाराष्ट्र में तो सरकारी कार्यालयों में भी छुट्टी घोषित कर दी गई है। देश की राजधानी नई दिल्ली में भी कोरोना का कहर टूटने लगा है जिसके चलते नई दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने किसी भी सार्वजनिक स्थल पर 50 से अधिक लोगों की भीड़ जमा होने पर रोक लगा दी है। इसके बावजूद नई दिल्ली के शाहीन बाग में धरना प्रदर्शन बदस्तूर जारी है। नए नागरिकता कानून के खिलाफ पिछले 4 माह से चल रहे इस तथा कथित आंदोलन को खत्म कराने के लिए कई बार कोशिश हुई लेकिन आंदोलनकारी अपनी जिद पर अड़े हुए है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसके लिए तीन वार्ताकारों की नियुक्ती की थी लेकिन वे भी प्रदर्शनकारियों को समझाने में असफल रहे। उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरस लोगों के संपर्क में आने से फैलता है ऐसे में शाहीन बाग में दिन रात जमे प्रदर्शनकारियों में कोरोना वायरस फैलने की आशंका बनी हुई है। किन्तु प्रदर्शनकारी वहां से हटने के लिए तैयार नहीं है उनका कहना है कि नया नागरिकता कानून कोरोना वायरस से भी ज्यादा खतरनाक है इसलिए जब तक सरकार नए नागरिकता कानून को वापस लेने की घोषणा नहीं कर देती तब तक वे अपना आंदोलन जारी रखेंगे। जाहिर है यह अत्यंत विकट स्थिति है यदि शाहीन बाग में जमा भीड़ में कोरोना वायरस फैलता है तो इसका गंभीर दुष्परिणाम समूची नई दिल्ली को भुगतना पड़ सकता है। यदि प्रदर्शनकारी अभी भी आंदोलन खत्म करने के लिए तैयार नहीं होते है तो सरकार को उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिए। इस बारे में सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दाखिल की गई है जिसमें याचिकाकर्ता ने कहा है कि कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए देश के किसी भी हिस्से में इस तरह से धरना प्रदर्शन को खत्म करने के निर्देश दिए जाएं। देखना होगा कि अब इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट क्या निर्णय लेता है और शाहीन बाग के धरना प्रदर्शन को खत्म कराने के लिए सरकार को क्या निर्देश देता है।

विचार

कोरोना: साझा शत्रु के विरुद्ध

भारत में कोरोना वायरस से निपटने के लिए भरपूर तैयारियां की जा रही हैं। अपने इस अभियान में देश ने अपने पड़ोसियों को भी साथ लेकर चलने का फैसला किया है, ताकि सबको एक-दूसरे के संसाधनों और अनुभवों का लाभ मिल सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महामारी को लेकर रविवार को सार्क राष्ट्रप्रमुखों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए चर्चा की। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खां को छोड़कर बाकी सभी सार्क देशों के राष्ट्राध्यक्ष इस विडियो कांफ्रेंसिंग में शामिल हुए। पाकिस्तान की ओर से प्रधानमंत्री के प्रतिनिधि ने इसमें हिस्सा लिया। मोदी ने कहा कि हमें कोरोना से घबराने की नहीं बल्कि साथ मिलकर लड़ने की जरूरत है। यह भी कि हम एक साथ आकर आपसी समन्वय और तालमेल से भ्रम और घबराहट को दूर करके पूरी तैयारी के साथ इस महामारी से निपटेंगे। उन्होंने एक कोविड-19 आपातकालीन कोष बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसमें सभी देश स्वैच्छिक योगदान करेंगे। इस कोष के लिए भारत ने एक करोड़ डॉलर दिया है।

डॉक्टरों और विशेषज्ञों की एक त्वरित कार्रवाई टीम का गठन भी भारत कर रहा है जो परीक्षण किट और दूसरे जरूरी उपकरणों से लैस होगी। जब भी दक्षिण एशिया के किसी देश को जरूरत होगी, यह टीम तुरंत अपनी सेवाएं देने के लिए तैयार रहेगी। एक एकीकृत रोग निगरानी पोर्टल शुरू किया जा रहा है, जिससे इस विषाणु के एक व्यक्ति से दूसरे तक फैलने की प्रक्रिया पर नजर रखी जाएगी। गौरतलब है कि दक्षिणी एशिया के सारे देश किसी न किसी स्तर पर कोरोना वायरस की चपेट में हैं और इलाके में रोज-ब-रोज इसके पीड़ितों की संख्या बढ़ती जा रही है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक भारत में कोरोना से 116 लोग संक्रमित हैं, जबकि पाकिस्तान में 94, अफगानिस्तान में 21, श्रीलंका में 19, मालदीव में 13, बांग्लादेश में 8 और नेपाल-भूटान में एक-एक शख्स इस बीमारी से पीड़ित है। भारत की यह पहल जन स्वास्थ्य के अलावा क्षेत्रीय सौहार्द की दृष्टि से भी काफी अहम है। कोरोना वायरस के साथ मुश्किल यह है कि इसे मारने का कोई तरीका अभी दुनिया में नहीं है। आगे यह क्या स्वरूप लेने वाला है, यह भी स्पष्ट नहीं है। लोगों में तरह-तरह की आशंकाएं हैं। ऐसे में एक-दूसरे का हाथ थामने से मनोबल बढ़ता है और समस्या से टकराने की ताकत बढ़ती है। पिछले कुछ वर्षों में हमने संक्रामक बीमारियों से निपटने का एक मजबूत तंत्र तैयार किया है। अभी तक कोरोना वायरस से काफी हद तक बचे रहना इसी के बूते संभव हो पाया है। दुनिया भर में इसकी सराहना हो रही है। इन उपायों का लाभ हमारे पड़ोसियों को भी मिले तो यह अच्छी बात होगी। फिर, कोरोना के बहाने ही सही, अगर सार्क देशों में आपसी सहयोग का माहौल बनता है, एक समझदारी कायम होती है तो यह दक्षिण एशिया के हित में होगा। बहरहाल, भारत ने एक राह दिखाई है। दुनिया के और इलाकों में भी कोरोना वायरस से निपटने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर प्रयास किए जाने चाहिए।

कोविड -19 और भारतीय शहरों के लिए सबक

अमिताभ कांत

> आज की दुनिया में एक स्पष्ट अंतर यह है कि चिकित्सा विज्ञान का अत्यधिक विकास हुआ है और कोविड 19 का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए डिजिटल अवसंरचना का उपयोग किया जा सकता है। आज दुनिया की आबादी 4 गुनी बढ़ गयी है। लगभग आधी आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करती है। वैश्विककरण के कारण राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाएं एक दूसरे से जुड़ी हुई है। उभरते हुए संक्रामक रोगों से लड़ने के लिए कार्यकुशल और नवाचार तरीकों को विकसित करने में नगर -सरकारें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके लिए भौतिक और सामाजिक अवसंरचना (जल और स्वच्छता, अस्पताल एवं स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं) की सुविधा सुनिश्चित की जाती है तथा डिजिटल नेटवर्क और आर्थिक अवसंरचना के माध्यम से पूरे पारितंत्र को सुरक्षित बनाया जाता है। जल और स्वच्छता प्राधिकरणों को नगर में स्वच्छ प्रणाली सुनिश्चित करनी चाहिए। वायरस को फैलने से रोकने के लिए पर्यावरण स्वच्छता बहुत जरूरी है। सभी सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की नियमित रूप से सफाई की जानी चाहिए। इन शौचालयों में हैंडवॉश और हैंडटिशू उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

भारत में दुनिया की सबसे घनी आबादी वाले शहर हैं, जहां प्रतिदिन अत्याधिक भीड़ वाली मेट्रो और बसों में यात्रा करते समय लोगों की एक-दूसरे से दूरी बेहद कम होती है। नोवेल कोरोनावायरस (कोविड 19) मामलों की संख्या बढ़ रही हैं। इसने 100 से अधिक देशों को प्रभावित किया है। इस महामारी को समाप्त करने की योजना बनाने में शहरी आयामों को समझना महत्वपूर्ण है। इससे रोकथाम संबंधी और चिकित्सा संबंधी उपायों को सुनिश्चित किया जा सकेगा। अपने सुदृढ़ नगर प्रबंधन के साथ भारत इस महामारी से लड़ने में अग्रणी भूमिका निभा सकता है। इतिहास महामारी और नगर योजना के बीच के संबंध को रेखांकित करता है। 19वीं शताब्दी के मध्य में कई आधुनिक नगर प्रणालियों में जल और स्वच्छता आधारित अवसंरचना का विकास हुआ ताकि मलेरिया और हैजा जैसी महामारियों से मुकाबला किया जा सकें। इसी प्रकार 20वीं शताब्दी में स्पैनिश फ्लू से मुकाबला करने के लिए नगर आधारित प्रशासनिक संरचना और संस्थागत रूपरेखा का निर्माण हुआ। स्पैनिश महामारी से पूरी दुनिया में 5 करोड़ लोगों की मौत हुई थी।

पार्क, बाजार और संस्थान जैसे सार्वजनिक स्थलों में कचरा प्रबंधन और सुरक्षित निपटान प्रणाली होनी चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन और अमृत जैसी योजनाओं ने कई भारतीय शहरों को ऐसी स्थिति से सफलतापूर्वक निपटने के लिए सक्षम बनाया है। डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से देखरेख करने की आवश्यकता है। केरल राज्य कोरोनावायरस के मामलों को सफलतापूर्वक पता लगाने और उनसे निपटने में अग्रणी है। यह संदेश वाले मामलों को पृथक करने तथा पुष्टि वाले मामलों के उपचार के लिए अपने डिजिटल स्वास्थ्य सुविधों का कारगर उपयोग कर रहा है। गहन अभियान के एक हिस्से के रूप में, पथानामथिट्टा जिला प्रशासन ने उन्मुक्त आवाजाही को प्रतिबंधित करने के लिए जिले में उन लोगों का पता लगाने के लिए जीपीएस समर्थित एक प्रणाली तैयार की है। नीति आयोग की रिपोर्ट 'हेल्थ सिस्टम फॉर ए न्यू इंडिया (2019)' इस बात का समर्थन करती है कि नैदानिक, प्रशासनिक और वित्तीय रूप से स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में डिजिटल पहल महत्वपूर्ण है। तैयारियों को बढ़ाने, मामलों में कमी लाने और पहचाने गए मामलों के प्रसार को रोकने में डेटा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। स्थानीय अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों के स्थानिक तथा लौकिक वितरण एवं प्रभावित क्षेत्रों की भौगोलिक संभावना की नियमित रूप से निगरानी करनी चाहिए। इसके बाद, एक व्यापक और

> सार्वजनिक परिवहन एजेंसियों को नियमित साफसफाई के काम में तेजी लानी चाहिए और स्वियं एवं दूसरों को बचाने के सर्वोत्तम उपायों के बारे में अपने कर्मचारियों एवं यात्रियों को लगातार बताते रहना चाहिए। दिल्लीज मेट्रो और मुम्बमई लोकल ट्रेनों को परिचालन और गैर-परिचालन अवधि के दौरान संक्रमण मुक्तक और कीटाणुरहित कर साफकिया जा रहा है। इसके साथ ही स्टेधशनों पर भी सफाई की जा रही है। इस तरह की सफाई गैर-मोटर चालित वाहनों, बसों, रेलवे, जहाजों आदि जैसी अन्यु सेवाओं में भी की जानी चाहिए। कोविड 19 के यात्रा संबंधी और इससे भिन्न। संदिग्ध मामलों की पहचान कर उसे नामित स्वा.स्य्नो सुविधा केन्द्रों में तुरंत आइसोलेशन में रखा जाना चाहिए और ऐसे मामलों में इनके सभी संपर्कों की सूची बनाई जानी चाहिए।

मजबूत प्रतिक्रिया प्रणाली विकसित करने के लिए इस तरह के डेटा का विश्लेषण किया जा सकता है। चूंकि भारत के सौ स्मार्ट शहरों में स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर मौजूद है, डेटा संग्रह और प्रबंधन का लाभ लेते हुए इसे क्षेत्रीय स्तर पर बढ़ाया जा सकता है। भौगोलिक सूचना प्रणाली का आधार मुख्य रूप से 1854 में जॉन स्नो के काम से जुड़ा हुआ है, जिन्होंने पानी के स्रोतों जैसे अतिरिक्त परतों को जोड़ते हुए भौतिक मानचित्रों और इन्फोग्राफिक्स का विलय करके लंदन में हैजा मामलों के प्रसार का मानचित्रण किया था। इससे यह पता चला कि हैजा के वायरस पहले की तरह हवा के बजाय जल स्रोतों से फैल रहे थे। ऐसे विवरणों से सुधारात्मक कार्रवाइयों में काफी तेजी आ सकती है।

गैर-फार्मास्युटिकल हस्तक्षेप (एनपीआई) से संक्रामक रोगों को रोकने में मदद मिलती है। 1918 में स्पेनिश इन्फ्लूएंजा महामारी के मामले में, अमेरिका के उन शहरों में कम मौतें हुई थीं, जिसने लोगों के बीच संक्रामक संपर्क को कम करने के प्रयासों को शीघ्रतापूर्वक लागू किया था। जबकि उन शहरों में अधिक मौतें हुई थीं, जहां रोग प्रतिरोधक नीतियों को अपनाने में देरी हुई थी। फिलाडेल्फिया ने सार्वजनिक समारोहों की अनुमति दी, जबकि सेंट लुइस ने सभी सार्वजनिक समारोहों पर प्रतिबंध लगाने का विकल्प चुना। नतीजतन, शहरों के बीच प्रति दिन मृत्यु दर में काफी अंतर था। सेंट लुइस में प्रति एक लाख व्यक्तियों पर औसत साप्ताहिक मृत्यु दर 31 थी , जबकि फिलाडेल्फिया में यह प्रति एक लाख व्यक्तियों पर 257 थी। इस प्रकार, घर से काम करने, स्कूल बंद करने, सार्वजनिक समारोहों को प्रतिबंधित करने जैसे एनपीआई से बड़े पैमाने पर सामूहिक संक्रमण के जोखिम कम होते हैं और लोगों के बीच सामाजिक संपर्क कम हो जाता है और बीमारी को फैलने से रोकने में मदद मिलती है। इससे स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर बोझ में कमी आती है तथा कीमती संसाधनों की बचत होती है। समुदाय के साथ व्यापक संवाद सुनिश्चित करना बचाव और प्रतिरक्षा की दिशा मंण पहला ठोस कदम सिद्ध हो सकता है। कुछ एनपीआई कार्रवाइयों से लोगों का ध्यान आकर्षित किया जा सकता है। विशेष रूप से उच्च जोखिम और कमजोर जनसंख्या के लिए इसके नकारात्मक मनो-सामाजिक एवं आर्थिक परिणाम भी हो सकते हैं। सार्वजनिक संदेशों में भय, कलंक तथा भेदभाव का समाधान किया जाना चाहिए। बच्चों में कोरोनावायरस के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने हाल ही में ÷किड्स, वायु और कोरोना : कौन लड़ाई जीतता है?÷ नामक एक कॉमिक बुक का विमोचन किया है।

स्वास्थ्य प्रणाली हमें महामारी से बचाएगी

डॉ. राजीव कुमार

> उल्लेखिनीय है कि कोविड-19 न तो पहली महामारी है और न ही यह निश्चित रूप से अंतिम महामारी होगी। दरअसल, तेजी से वैश्वीकृत होने के साथ-साथ त्वरित शहरीकरण के मार्ग पर अग्रसर होती दुनिया में इस तरह की महामारी के पूरे विश्व में तेजी से फैलने का खतरा निरंतर बढ़ता ही जा रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए एक ऐसी सुदृढ़ सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली सुनिश्चित करना समय की मांग है जो बीमारियों की रोकथाम करने एवं अच्छे स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ इतने बड़े पैमाने पर किसी रोग का प्रकोप बढ़ने की स्थिति में लोगों की मौतों को अत्यंत सीमित रखने के लिए बड़ी तेजी से ठोस कदम उठाने में सक्षम साबित हो सके।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस (कोविड-19) को अब आधिकारिक रूप से महामारी घोषित कर दिया है। भारत में मौजूदा समय में कोरोना वायरस से संक्रमण के लगभग 110 मामलों की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें से 17 विदेशी नागरिक हैं। सरकार ने इस दिशा में त्वरित कदम उठाते हुए एक बहुआयामी रणनीति अपनाई है। आपसी समन्वय से ठोस कदम उठाने के लिए विभिन्नम मंत्रालयों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करना, यात्रा संबंधी पाबंदियां लगाना, बड़ी संख्याा में वीजा निलंबित करना, बड़े पैमाने पर स्क्रीनिंग (जांच) करना एवं कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों के संपर्क में आये लोगों का पता लगाना और आम जनता को नियमित रूप से आवश्यक जानकारियां देना इस रणनीति में शामिल हैं। भारत जैसे विशाल एवं व्यापक विविधता वाले देश में सभी हितधारकों को शामिल करते हुए बड़ी तेजी से विभिन्न आवश्यक कदम उठाना निश्चित रूप से अत्यंत सराहनीय है। इन समस्त उपायों पर अमल की बदौलत हमें पूरा विश्वास है कि भारत इस बीमारी को फैलने से रोकने में निश्चित तौर पर समर्थ साबित होगा। इसके अलावा, किसी भी महामारी को नियंत्रण में रखने के लिए क्षेत्रीय एवं वैश्विक सहयोग की आवश्यकता को ध्यारन में रखते हुए कोविड-19 से निपटने हेतु एक सुदृढ़ साझा रणनीति तैयार करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वयं पहल करते हुए सार्क देशों को एकजुट करना निश्चित तौर पर प्रशंसनीय है।

पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत सरकार ने विभिन्न कार्यक्रमों जैसे कि मिशन इंद्रधनुष और राष्ट्रीय आयुष मिशन के कार्यान्वयन के जरिये सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए अनेक प्रभावकारी कदम उठाये हैं। इसी तरह अनेक प्रमुख योजनाओं जैसे कि पोषण अभियान और स्वच्छ भारत मिशन का भी लोगों के स्वास्थ्य पर अनुकूल असर पड़ा है क्यों कि इनसे बीमारियों की रोकथाम करने और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में काफी मदद मिलती है। अतः ऐसे में यह सवाल उठता है कि देशभर में एक सुदृढ़ एवं अनुकूल सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए हमें अब और क्यो करना चाहिए पहला, हमें सार्वजनिक स्वास्थ्य पर खर्च बढ़ाने की जरूरत है। केन्द्र सरकार स्वास्थ्य पर खर्च को बढ़ाकर जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का कम से कम 2.5 प्रतिशत करने के लिए प्रतिबद्ध है, जैसा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (एनएचपी), 2017 में उल्लेख किया गया है। इसके साथ ही राज्यों को भी स्वास्थ्य पर खर्च को बढ़ाकर वर्ष 2020 तक अपने बजट का 8 प्रतिशत से भी अधिक करने संबंधी एनएचपी लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। जैसा कि वर्ष 2015-16 के राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा-जोखा डेटा से पता चला है, भारत में स्वास्थ्य पर कुल सरकारी खर्च में केन्द्र सरकार की हिस्सेदारी 35.6 प्रतिशत है, जबकि राज्य् सरकारों की हिस्सेदारी 64.4 प्रतिशत है। स्वास्थ्य पर कुल सरकारी खर्च बढ़ाने के अलावा हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि इस धनराशि का एक बड़ा हिस्सा निवारक संबंधी स्वास्थ्य देखभाल में लगाया जाए। दूसरा, जैसा कि नीति आयोग की 'न्यू इंडिया @ 75 के लिए रणनीति'' में रेखांकित किया गया है, राज्य स्तरीय समकक्षों के साथ केन्द्रीय स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक विशिष्ट एजेंसी बनाने की आवश्यकता है। इस एजेंसी पर ही बीमारी की निगरानी एवं आवश्यक कदम उठाने, स्वास्थ्य की स्थिति पर पैनी नजर रखने, लोगों को सूचित करने एवं आवश्यक जानकारियां देने और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े कदमों को उठाने के साक्ष्यं प्रस्तुत करने की जिम्मेददारी होगी। अपने कामकाज में प्रभावकारी साबित होने के लिए इस एजेंसी को कानूनी दृष्टि से सशक्त बनाने की भी आवश्यकता है, ताकि अन्य सार्वजनिक प्राधिकरणों एवं लोगों द्वारा नियम-कायदों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। यह अत्यंत आवश्यक है क्योंकि अनेक कार्यकलों के लिए विभिन्नि सेक्टरों के बीच आपसी समन्वीय की जरूरत पड़ती है, ताकि लोगों के स्वास्थ्य पर पड़े असर से अवगत हुआ जा सके। संभवतः 'सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिनियम' नामक इस कानून के तहत इस एजेंसी को विशेषकर 'सार्वजनिक स्वास्थ्य को व्यापक खतरा' पहुंचने की स्थिति में सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट अधिकार प्रदान किये जायेंगे। उदाहरण के लिए, ऐसे चिकित्सा केन्द्र जो अत्यंत हानिकारक कचरे को इधर-उधर फैला देते हैं उन्हें इसके लिए जिम्मेसदार ठहराने की जरूरत है। इसी तरह ऐसी आवासीय कॉलोनियों को भी जिम्मेदार ठहराने की जरूरत है जो सही ढंग से पानी बहने का इंतजाम नहीं करती हैं। इस वजह से इन स्थाकनों पर मच्छरों को पनपने का मौका मिलता है। इस तरह की बदइंतजामी से केवल एक-दो नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में लोगों का स्वास्थ्य एवं जीवन खतरे में पड़ जाता है। राज्यों् में एक सार्वजनिक स्वास्थ्य कैडर बनाना भी आवश्यक है, जिसमें विभिन्न् विषयों जैसे कि महामारी विज्ञान, जैव सांख्यिकी, जनसांख्यिकी और सामाजिक एवं व्यवहार विज्ञान में प्रशिक्षित पदाधिकारियों को रखा जाना चाहिए।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

दिमाग़ वाला दिल

काश ! हमारा भी होता दिमाग़ वाला दिल तो क्यों होती निराशा दिल भी सोचता दिमाग़ से तो-- पूरी हो जाती प्रत्येक अभिलाषा यूँ ही न तड़पते कर के मुहब्बत और-- न ही होते रुस्वा ज़माने मेंक्यों बनती इस बेमुरव्वत दुनिया में यूँ हमारी ज़िंदगी तमाशा....!

- नीलोफर नीलू

आकाश के ओलों पर

आकाश के ओलों पर बहस जारी है अच्छी बात है होनी चाहिए ! पर साथ ही होनी चाहिए बहस उन सूखती आँखों पर, जिनके पानी सूखकर ओले बन गए हैं ! जो गिरते भी नहीं बस अपने वजन से, रोज दबाते हैं, इंसानी मन को थोड़ा-थोड़ा ! मुझे डर है इंसान एक दिन टूट जाएगा !

- यू एस मिश्रा स्वप्निल

ख़ास पाती

नदारद होने लगे बुजुर्ग अब

नदारद होने लगे बुजुर्ग अब चौपालों से। ओटलों पर आजकल वाई फाई ने कब्जा कर लिया।। होने लगी दोस्तों से दूर की ही राम राम। वाट्सएप पर जबसे हाई ने कब्जा कर लिया।। दर बदर भटकती फिरती माँ दरवाजों पे। मां की कमाई पर भाई भाई ने कब्जा कर लिया।। पूरे मोहल्ले में एक फुलझड़ी करती थी उजाला। उस पर भी आजकल जमाई ने कब्जा कर लिया।। चैनो अमन प्यार की बातें करता कौन है। सियासत पर जबसे लड़ाई ने कब्जा कर लिया।। बमुश्किल झूठे वादे कर के बैठे थे सत्ता की कुर्सी पे। लगी बद्दुआ अवाम की तो मोटाभाई ने कब्जा कर लिया।। **- कवि धीरज पचवारिया**

तेरे सजदे मे झुक जाती है दुनीया

तेरे सजदे मे झुक जाती है दुनीयाँ। तेरे लहराते आंचल से सवर जाती है ये दुनियाँ हर पल एक नया रूप एक नई शक्शियत हर बार दबाने लगे लोग उँगलियाँ दांतो तले परी कथा की नायिका जैसी तेरी मुस्कराहट से निखर जाती है ये दुनियाँ। अपने आत्म विशवास सूझबूझ की जादुई छड़ी से जब तू कमर कसती है तो थम जाती है ये दुनीयाँ आँख में पानी नही , अब आग लिखा जाएगा आज तेरे बारे में एक नया इतिहास लिखा जाएगा अपने हिस्से का सूरज चाँद तारे भी मुझे चाहिए इस धरा से मेरा मन नही भरता। मुझको पूरा आसमान भी चाहिए। **- हेमा पाण्डेय**

चाइना वालों सिकुड़ी आँखों वाले सालों

चाइना वालों सिकुड़ी आँखों वाले सालों उल्टा-सीधा खाकर बीमारी पैदा करते हो हंय साँप, बिल्ली, कुत्ता खाओगे तो बीमारी पैदा नहीं होगी बीमारी भी पैदा करते हो करोना दाल रोटी खाना सीख लो। **- कुमार संतोष**

जब पथ में थी रौशनी की उजियार

जब पथ में थी रौशनी की उजियार फूलों की बहार और खुशियों की झंकार जब उम्मीद थी सबको मुझसे बेशुमार तब साथ खड़े थे सभी मेरे अपने। आया फिर अँधेरे में ग़म का साया विकल मन मेरा बहुत घबराया खोई जब मैं अवसादों के वीराने में अतः पीड़ा गहरी होती गई हिज्र के तहखानों में घुट रही थी जब सांसे मेरी कुंठित सोच के घराने में पलटकर देखा मैंने तो कोई न था साथ मेरे अकेली थी मैं बिल्कुल अकेली । **- पूजा 'बहार '**

प्रेम में पड़ना इक अतिसाधारण क्रिया

प्रेम में पड़ना इक अतिसाधारण क्रिया है, परन्तु प्रेम में पड़े रहना उतनी ही जटिल प्रक्रिया है। इन रिश्तों की कश्ती को दूर किसी किनारे से देखकर प्रसन्न होना सरल है, परन्तु उसी कश्ती को साथी के साथ मिल कर भँवर से पार लगा पाना कठिन है। **- रोहित गोस्वामी रुद्रांश**

दर्द की शाम ढले तो चले आना

दर्द की शाम ढले तो चले आना तुम। तुंमको मन्ज़िल न मिले तो चले आना तुम। जिंदा है आज भी मुझमे तेरी यादों का सफर। तुंमको तन्हाई जो छ्ले तो चले आना तुम।।

- सविता वर्मा ग़ज़ल

जुदा है खुद दिवाना जानता है

जुदा है खुद दिवाना जानता है उसे सारा जमाना जानता है मेरे इंकार की क्या फिक्र उसको मुझे अपना बनाना जानता है।। मुझे भी जान ही लेगा वो इक दिन अभी मेरा ठिकाना जानता है।। **- माधुरी स्वर्णकार**

QUIZ TIME

1) भारत के प्रथम लोकपाल कौन हैं? (विनोद राय / पिनाकी चन्द्र घोष)

2) 'शकर-खेडा' की लड़ाई कब हुई थी? (क) 11 अक्टूबर, 1766 (ख) 11 अक्टूबर, 1824 (ग) 11 अक्टूबर, 1724 (घ) 11 अक्टूबर, 1757

3) प्रथम मुफ्ती मोहम्मद सईद पुरस्कार किस राज्य के मुख्यमंत्री को दिया गया? (क) बिहार (ख) उत्तरप्रदेश (ग) छत्तीसगढ़

4) किस वर्ष 'प्लूटो' को उसकी पूर्व में ग्रह की पदस्थिति से पदावनत किया गया?

5) डेल्टा का नाम बताए जो 1000 वां यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है?

उत्तरमाला- (1) पिनाकी चन्द्र घोष (2) 11 अक्टूबर, 1724 (3) बिहार (4) 2006 (5) ओकावांगो डेल्टा, बोत्सवाना

Ramaquiz

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1801- भारत में पहले आयुध निर्माण कारखाने की स्थापना हुई। 1910- स्वतंत्रता सेनानी गोपाल कृष्ण गोखले ने मुफ्त और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा प्रावधान के लिए ब्रिटिश विधान परिषद के समक्ष प्रस्ताव रखा। 1922- महात्मा गांधी को अदालत ने सविनय अवज्ञा आंदोलन के बाद राजद्रोह मामले में छह साल की सजा सुनायी। 1938 - बॉलीवुड अभिनेता शशि कपूर का जन्म हुआ। 1940 - इटली के तानाशाह बेनिटो मुसोलिनी ने इंग्लैंड और फ्रांस के खिलाफ जर्मनी का साथ दिया। 1944 - नेताजी के नेतृत्व में आजाद हिंद फौज बर्मा की सीमा पार कर भारत में घुसी। 1965 - सोवियत संघ के अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी लियोनोव ने पहली बार अंतरिक्ष में चहलकदमी की।

डाउ जोंस में इतिहास की सबसे बड़ी गिरावट

न्यूज गैलरी

एकीकृत बाल विकास परियोजना तखतपुर में अनंतिम मूल्यांकन पत्रक जारी

बिलासपुर । आंगनबाड़ी सहायिकाओं के नियुक्ति हेतु ग्राम बांधा के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक बांधा-1, ग्राम चोरहा सिंघनपुरी के आंगनबाड़ी केन्द्र चोरहा सिंघनपुरी एवं ग्राम जोगीपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक जोगीपुर-1 से प्राप्त आवेदन पत्रों के मूल्यांकन पश्चात अनंतिम मूल्यांकन पत्रक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय तखतपुर, जनपद पंचायत तखतपुर, ग्राम पंचायत बांधा, घोघरा एवं डोमनपुर तथा संबंधित आंगनबाड़ी केन्द्रों में चस्पा किया गया है। इस संबंध में 17 मार्च से 26 मार्च 2020 तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय तखतपुर में कार्यालयीन समय पर दावा-आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक 19 को

बिलासपुर । पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट 1994 (लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम) के अंतर्गत अनुवांशिक सलाह केन्द्र अनुवांशिक प्रयोगषाला, अनुवांषिक क्लीनिक के पंजीयन मंजूर, निलंबन या रद्द करने के संबंध में प्राप्त आवेदनों/प्रकरणों पर सलाह व विचार करने हेतु जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक 19 मार्च 2020 को शाम 4 बजे से कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कक्ष नूतन चैक बिलासपुर में आयोजित की गई है।

निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी 19 मार्च को

बिलासपुर । उप संचालक कृषि बिलासपुर कार्यालय के अधीन अनुविभागीय कृषि अधिकारी गौरेला सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी बिलासपुर एवं पेण्ड्रारोड सहायक संचालक कृषि सीसल क्षेत्र चोरभट्ठी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बिल्हा, मस्तूरी, पेण्ड्रा, मरवाही, तखतपुर एवं गौरेला/सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी तोरवा मण्डी बिलासपुर के कार्यालय में निष्प्रयोजन सामग्रियों का 19 मार्च 2020 को दोपहर 3 बजे से नीलामी होगी। जो व्यक्ति इस नीलामी में बोली लगाना चाहते हैं वे निर्धारित स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं। नीलामी की शर्तें तथा नीलामी योग्य सामग्री की सूची कार्यालयीन पटल पर देखी जा सकती है।

सड़क दुर्घटना में मृत्यु पर सहायता राशि स्वीकृत

बिलासपुर । सड़क दुर्घटना में आर्थिक सहायता योजनांतर्गत विकासखंड कोटा में तीन व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मृत्यु पर उनके परिजनों को 25-25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। सड़क दुर्घटना में मृत बलदाऊ साहू पिता डोमराराम साहू निवासी ग्राम छतौना तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर के पिता को 25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह अनिल कुमार पिता रामबहादुर पटेल निवासी ग्राम दोनासागर, तहसील कोटा जिला बिलासपुर के पिता, संजय मरावी पिता जेठू ग्राम रानीगांव तहसील कोटा जिला बिलासपुर की पत्नी श्रीमती यशोदा बाई और रामू साहू पिता भावत निवासी डबरीपारा डाकबंगला करगीरोड कोटा, तहसील कोटा जिला बिलासपुर की पत्नी श्रीमती रूखमणी साहू को 25-25 रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

31 मार्च तक नहीं लगवाया जाएगा बायोमेट्रिक्स पर अंगूठा

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही । राज्य शासन द्वारा प्रदेश में कोरोना वायरस के संक्रमण से सुरक्षा के लिए निरंतर उपाय किए जा रहे हैं। खाद्य विभाग द्वारा प्रदेश के सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न, राशन सामग्रियों के वितरण में आधार प्रमाणीकरण को तत्काल प्रभाव से 31 मार्च 2020 तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। इस अवधि में राशन दुकानों से राशन सामग्री वितरण के दौरान उचित मूल्य के दुकानदारों द्वारा हितग्राहियों से बायोमेट्रिक्स प्रमाणीकरण नही कराया जाएगा।

जिले में प्रदर्शन, सभाएं, जुलूस की अनुमति नहीं दी जाएगी

बिलासपुर । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ.संजय अलंग द्वारा कोरोना वायरस से संक्रमण की आशंका को देखते हुए जिले में सामूहिक धरना, प्रदर्शन, सार्वजनिक सभाएं, जुलूस आदि की अनुमति नही देने का आदेश दिया गया है। इस हेतु आवेदन प्राप्त होने पर संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी कलेक्टर कार्यालय को अवगत करायेंगे।

अनदेखी: सीएमएचओ का आदेश दरकिनार

तीन दिन बाद भी नहीं हुई फर्जी डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर, सीएमएचओ ने दिया था एफआईआर दर्ज करवाने का आदेश

■ **फर्जी डॉक्टर स्वास्थ्य विभाग को दिखा रहा ठेंगा या डॉक्टर के ऊपर की जा रही मेहरबानी, आखिर कौन है जिम्मेदार**

नवप्रदेश संवाददाता

हसौद। जैजैपुर विकासखण्ड अंतर्गत हसौद के एक फर्जी डॉक्टर का क्लीनिक 4 थीं बार सील किया गया है जो कि अपने आप में ही एक अनोखी बात है जो पूरे जिले में चर्चित हो गई है बंगाली क्लिनिक को केवल सील कर औपचारिकता निभा दी जाती है उसके खिलाफ नर्सिंग होम एक्ट के तहत कार्रवाई करने में अधिकारियों के पसीने छूट रही है। बार बार बिना आदेश का सील क्लिनिक का ताला टूटना डॉक्टर के लिए आम बात हो गई है। ज्ञात हो कि 8 अगस्त 2019 को खंड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा हसौद के बस स्टैंड पर स्थित फर्जी डॉक्टर के क्लीनिक को सील किया गया था , उसके उपरांत कुछ दिन बीतने के बाद ही वह दोबारा अपना क्लीनिक चला रहा था उसी बीच एक महिला का गर्भपात करने जैसा आरोप डॉक्टर के ऊपर लगा जिसके कुछ दिन बाद फिर क्लीनिक को सील किया गया। लेकिन डॉक्टर के मंसूबे इतने बड़े थे कि इसके बावजूद भी वह क्लीनिक फिर से संचालित करने लगा जिसके बाद गांव के ही एक व्यक्ति के गलत इलाज के कारण मृत्यु हो गई। जिसका मृतक की बेटी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई उसके बावजूद भी क्लीनिक संचालित कर रहा था बाद में घर में इलाज करना शुरू किया। जिस पर 22 नवंबर को बीएमओ की टीम घर में दबिश देकर 31 प्रकार की दवाईयां जब्त की गई थी जिसमे प्रतिबंधित

दवाई भी मिला था लेकिन आज तक उसके खिलाफकड़ी कार्रवाई नहीं हुई। जिसका फायदा उठाते हुए बंगाली ने सील क्लिनिक का ताला बिना किसी आदेश का खुद तोड़ दिया। जिसकी सुचना सीएमएचओ को दी गई जिस पर उनके द्वारा जैजैपुर बीएमओ को तहसीलदार व थाना प्रभारी को साथ में लेकर जाँच कर बंगाली के खिलाफएफआई आर दर्ज करने कहा गया था। 14 मार्च 2020 को जैजैपुर बीएमओ , थाना प्रभारी , तहसीलदार की टीम फिर से क्लीनिक में जाँच करने पहुंचे जाँच के दौरान ताला टूटी हुई पाई गई जिसे फिर से सील कर औपचारिकता निभा दी लेकिन अभी तक एफआईआर दर्ज नही हुई । गौर करने वाली बात यह है कि आखिरकार स्वास्थ विभाग के अधिकारी फर्जी डॉक्टर के ऊपर इतने मेहरबान कैसे हो सकते हैं जबकि क्लीनिक को इतनी बार सील किया गया फिर भी डॉक्टर के ऊपर नर्सिंग होम एक्ट के तहत करवाई नहीं किया गया। जबकि नर्सिंग होम एक्ट के तहत भी एफ आईआर दर्ज करवाने का नियम है। इससे साठगांठ की चर्चाएं जोर पकड़ने लगी है। इसके बावजूद कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता ही निभाई जा रही है सूत्रों की मानें तो उच्च अधिकारी की बात को भी खंड चिकित्सा अधिकारी मानने को तैयार नहीं।

> मेरे द्वारा बीएमओ को आदेश दे दिया गया है कि बीएमओ थाना प्रभारी तहसीलदार को साथ लेकर जाँच करें। लेकिन ताला टूटा पाया गया है तो तत्काल एफआई आर दर्ज की जानी चाहिए।
>
> **एस. के. बंजारे,** सीएमएचओ जांजगीर

> अगर ऐसा है तो सीएमएचओ को बोलकर कार्रवाई की जायेगी।
>
> **नीरज बंसोड़,** संचालक स्वास्थ्य विभाग छग

> जैजैपुर बीएमओ द्वारा कार्रवाई करने आवेदन दिया गया है लेकिन पूरे दस्तावेज नहीं दिए गए हैं जिसके चलते एफ आईआर दर्ज नहीं हुई है।
>
> **देवेश सिंह राठौर,** थाना प्रभारी हसौद

गर्मी एवं लू से बचाव हेतु दिशा-निर्देश जारी

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । प्रदेश में अप्रैल से जून माह के दौरान भीषण गर्मी (लू) को देखते हुए इसके प्रबंधन एवं बचाव के उपाय करने के संबंध में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा दिशा-निर्देश जारी किया गया है।

जारी दिशा-निर्देश के अनुसार भीषण गर्मी एवं लू से जनधन की हानि होने पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत निहित प्रावधान अनुसार प्रभावित हितग्राहियों को अनुदान सहायता प्रदान किया जाये। इसके अतिरिक्त अनुभाग, तहसील तथा ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर दूरभाष, मोबाईल नंबर एवं ईमेल की जानकारी राहत आयुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराया जाये तथा भीषण गर्मी एवं लू से बचाव की उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये।

इस संदर्भ में कलेक्टर बिलासपुर द्वारा सभी बिन्दुओं पर पालन प्रतिवेदन दो दिवस के भीतर कलेक्टर कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश सभी संबंधित विभागों को दिया गया है।

लू की स्थिति में बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगायें, अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलायें जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटा दें, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें, पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सक या अस्पताल में इलाज के लिए ले जायें और मितानिन या ए.एन.एम से ओ.आर.एस.की पैकेट हेतु संपर्क करें। लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है। अतः इससे बचाव के लिये निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिये।

लू के लक्षण एवं बचाव के उपाय

लू के लक्षण दिखते ही तत्काल प्रारंभिक उपचार किया जाना चाहिये। लू के लक्षणों में सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना और बेहोश होना आदि है।

जिला मुख्यालय की सड़कों का बुरा हाल

■ **नगरवासी धूल और कीचड़ से परेशान**

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। जिला मुख्यालय की सड़के बदहाल हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़क होने के बावजूद नगरवासियों को शहर के भीतर भी हर पल जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है। नेता और अधिकारी भी इसी रोड पर हिचकोले खाते रोज गुजर रहे हैं, मगर जनप्रतिनिधि खामोश हैं, वहीं प्रशासन गहरी नींद में है इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

जिला मुख्यालय की सड़कों की हालत बद से बदत्तर है। यहां कई जगह सड़क की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि वाहन चलाना तो दूर आसानी से पैदल भी नहीं चला जा सकता। नगरवासी धूल और कीचड़ से परेशान है।सड़क पर इतने बड़े-बड़े गड्ढे हैं कि वाहन चलाने वालों को भारी दिक्कतें हो रही है। साथ ही पैदल चलने वालों को भी जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ रहा है। यहां जर्जर सड़क होने के चलते वाहन चालक अपने वाहन को गड्ढों से बचाने के लिए अचानक वाहन कहीं भी मोड़ रहे हैं। जिसके चलते कभी भी दुर्घटना हो सकती है। जिला मुख्यालय के विवेकानंद मार्ग पर स्टेट बैंक के सामने रोजाना बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लगी रहती है, मगर यहां स्टेट बैंक से लेकर पुराना जिला अस्पताल तक की सड़क जर्जर हो गई। यहां सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती (परि.भूमि) सक्ती, जिला-जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

ईश्तहार

क्रमांक 89/अनु.अधि./स्टेनो/ सक्ती, दिनांक 09.03.2020 रा.प्र.क्र. अ-2/2019-2020 ग्राम पोता, तह. मालखरौदा

एतद् द्वारा आम जनता साकिन पोता प.ह.नं. 14, तहसील मालखरौदा, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती वर्षा दिव्य पिता/पति श्री शिव कुमार दिव्य निवासी-मोहतरा, तहसील मालखरौदा, जिला जांजगीर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पोता, प.ह.नं. 14 तहसील मालखरौदा, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 20/2 रकबा 0.027 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन उपयोग हेतु व्यपवर्तन किए जाने के लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती को आवेदन दिए जाने पर उनका प्रकरण इस न्यायालय में जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदक के उक्त भूमि का आवासीय व्यपवर्तन किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 20.03.2020 को स्वयं या जरिए अधिवक्ता के द्वारा उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप से पेश कर सकते हैं। पेशी तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सक्ती नगरवासी जिला जांजगीर चांपा को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतराम बरेठ पिता स्व. चौकीराम बरेठ ग्राम सक्ती तहसील सक्ती जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि नजूल शीट क्रं. 10 ए भूखण्ड का चलता नंबर 22 पुराना ख.नं. 650 कुल क्षेत्रफल 220 वर्गमीटर आवेदक के पिता चौकीदार पिता भुखाउ के नाम पर दर्ज है। आवेदक के पिता की मृत्यु दिनांक 16.07.15 हो गई है। आवेदक फौती दर्ज करवा कर अपना नाम दर्ज करवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

आवेदक के द्वारा पेश उक्त फौती नामांतरण के संबंध जिस किसी व्यक्ति व संस्था को यदि कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता सुनवाई दिनांक 25.03.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं, सुनवाई दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 12.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

मैन्युअल पद्धति निविदा निरस्तीकरण सूचना दिनांक 09.03.2020

क्रमांक 47/ले.शा./लो.स्वा.यां./2019-20 दिनांक 04.03.2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जांजगीर-चांपा जिले के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में ग्रामीण नल प्रदाय योजनांतर्गत 90 मि.मी. से 160 मि. मी. व्यास के जल वितरण प्रणाली का कार्य हेतु आमंत्रित निविदा क्रमांक 47 दिनांक 04.03.2020 अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

जी-77892/5

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
जांजगीर- चांपा (छ.ग.)

कार्यालय, प्रबंध संचालक छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड बीज भवन, जी.ई. रोड, तेलीबांधा, रायपुर-492006

फोन नं. 0771-4240501, फैक्स-4094472, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website www.samb.cg.gov.in

क्र./बी-6/निविदा/345/दुग्ध महासंघ/19-20/7789 रायपुर, दिनांक 16/03/2020

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

Main Portal:http//eproc.cgstate.gov.in
Sub portal: http://samb.eproc.cgstate.gov.in

छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ''प्रपत्र अ'' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-
(अमानत राशि तथा निविदा की फीस दोनों ही ऑनलाईन ली जावेंगी।)

क्र.	कार्य का नाम/स्थल	अनुमानित लागत (लाख में)	ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि	एस.ओ.आर. विवरण
1	छ.ग. राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ चरौदा जिला दुर्ग में प्रयोगशाला भवन निर्माण, इन्टीरियर फिनिशिंग, इलेक्ट्रिक्लस इत्यादि कार्य।	192.10	09.04.2020	लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दि. 01.01.2015 एवं विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर.

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर देखे जा सकते हैं।

फिजिकल्स सबमिशन हेतु चाहे गए अभिलेख पंजीकृत डाक से छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड, बीज भवन, जी.ई. रोड, तेलीबांधा, रायपुर को नियत तिथि तक प्रेषित करना अनिवार्य होगा।

contractor can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding for process of Electronic Procurement system Help Desk ar M/s mjunction services Raipur-492001 on Toll Free no. 1800 419 9140 of email- helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

सं.-25002/4

(अभिनव अग्रवाल)
प्रबंध संचालक

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी, मस्तूरी जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

प्रारूप ''क'' प्रकाशन

भू-अर्जन प्र.क्र./02/अ082/2019-20 बिलासपुर, दिनांक 03/03/2020

राज्य शासन के कार्यपालन अभियंता सारंग जल संसाधन संभाग बिलासपुर को पाराघाट फीडर व्यपवर्तन योजना के अंतर्गत मुख्य नहर निर्माण हेतु ग्राम डोड़की रा.नि.मं. व तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर की भूमि क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर आधार सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। विवरण निम्नानुसार है -

ग्राम- डोड़की प.ह.नं. -34 रा.नि.मं. व तहसील - मस्तूरी जिला - बिलासपुर

क्र.	कास्तकार का नाम/ पिता का नाम	खसरा क्र.	क्रय की जाने वाली भूमि		भूमि का निर्धारित प्रतिफल	पुनर्वास अनुदान	कुल देय राशि	अन्य विवरण
			एकड़ में	हेक्ट. में				
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	गोकुल पिता जनक सा. देह भूमि	21/3	0.17	0.069	186052	93026	279077	
2	चंद्रिका प्रसाद द्वारिका प्रसाद त्रिभुवन पिता जगमोहन कालिन्दी पिता जगमोहन सा. देह भूमि स्वामी	21/2	0.30	0.121	326264	163132	489397	
3	राजेन्द्र पदुम पिता पकलू कचरा बेवा पकलू सा. देह भूमिस्वामी	12/1	0.36	0.146	393674	196837	590512	
4	गोमती बाई पति बहूरसिंह सा. देह भूमिस्वामी	11/2	0.42	0.17	458388	229194	687582	
5	जबलपुरिहा वल्द साधराम सा. देह भूमिस्वामी	23	0.04	0.016	43142	21571	64714	
6	लोकेश्वर सिंह, महेश्वर सिंह, बम्लेश्वर सिंह, ज्ञानेश्वर सिंह, रामेश्वर सिंह पिता चितरंजन सिंह, गुलाबाबाई बेवा चितरंजनसिंह दुर्गादेवी, गीतादेवी पिता चितरंजनसिंह सा. दे. भूमिस्वामी	80/1	0.13	0.053	142909	71455	214364	
7	गुड्डी बेवा धनीसिंह सा. देह भूमिस्वामी	99/1	0.82	0.332	895205	447602	1342807	
	कुल योग	7	2.24	0.907	2445635	1222817	3668452	

कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित प्रारूप '' क''

जी-77914/1

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं भू-अर्जन अधिकारी मस्तूरी
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मनियारी जल संसाधन संभाग मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

// निविदा निरस्तीकरण आदेश //

आदेश क्रमांक 1198/व.ले.स./2019-20 मुंगेली, दिनांक 13/3/2020

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्र. 08/व.ले.लि./2019-20, दिनांक 31.01.2020, सिस्टन क्र. 60449 (प्रथम आमंत्रण) ''मनियारी जलाशय सैंच्य क्षेत्र के विकसित 2524.92 हे. (जल उपभोक्ता संथा डिंडौरी एवं साल्हेघोरी के अंतर्गत) प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लक्ष्य के अनुरूप कृषकों को एग्रीकल्चर, सेरीकल्चर से प्राप्त योजनाओं एवं सुविधाओं से कृषकों को परिचित कराते हुए जागरूकता कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जाना है।'' (लागत राशि रुपए 851.84 लाख) की निविदा में कोई भी निविदाकार द्वारा भाग नहीं लेने के फलस्वरूप उक्त निविदा को '' **निरस्त** '' किया जाता है।

जी-77974/8

कार्यपालन अभियंता
मनियारी जल संसाधन संभाग,
मुंगेली (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक 77/न.पा.नि./जोन क्र.-6/2019-20 रायपुर, दिनांक 07/03/2020

नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक 06 द्वारा निम्न कार्य हेतु निर्धारित SOR (निविदा दिनांक तक संशोधित) पर लोक कर्म विभाग से पंजीकृत ठेकेदारों (ई-रजिस्ट्रेशन ''डी'' एवं उससे ऊपर) से दो लिफाफा पद्धति के अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसमें (1) लिफाफा ''अ'' में कार्य हेतु निर्धारित अमानती राशि का FDR एवं निर्धारित निविदा प्रपत्र का शुल्क का DD जो कि आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम दे देय हो। (2) लिफाफा ''ब'' में नगर निगम के वेबसाईट से निविदा प्रपत्र की प्रति डाउनलोड कर उक्त प्रति के साथ निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज को सील बंद कर दिनांक 28/03/2020 तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सायं 5.00 बजे तक कार्यालय जोन कमिश्नर जोन क्रमांक-06 नगर पालिक निगम, भाठागांव, रायपुर (छ.ग.) में प्राप्त होना अनिवार्य है। प्राप्त समस्त निविदाएं दिनांक 28/03/2020 को 5.30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा आमंत्रित कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अगणित राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	एस.ओ.आर.	समया अवधि
1	जोन क्रमांक 06 अंतर्गत भाठागांव कांजी हाउस में बंद जानवरों के चार हेतु पैरा कुट्टी प्रदाय करने का कार्य	1677600.00	50400.00	750.00	NON SOR	12 माह

कार्य के निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न की जाने वाली आवश्यक दस्तावेज निम्नानुसार है :-
(1) अमानती राशि का एफ.डी.आर. आयुक्त नगर पालिका निगम रायपुर के पदनाम से मूल प्रति पृथक लिफाफे में रजिस्टर्ड डाक/ स्पीड पोस्ट से स्वीकार की जावेगी। (2) निविदाकारों द्वारा निविदा के साथ (a) Bank Solvancy (b) Valid Registration Certificate (c) तीन साल का ITR (इनकम टैक्स रिटर्न) एवं तीन माह का GSTR की प्रति व जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति संलग्न करें। (3) संलग्न प्रपत्रों की सत्यता एवं काली सूची में न होने बाबत् शपथ पत्र संलग्न करें।
टीप :- निविदा जमा करने की तिथि एवं खोलने की तिथि में किसी वजह से अवकाश घोषित होता है, तो वह आगामी कार्यालयीन दिवस में किया जावेगा। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा के नियमों एवं शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा एवं निविदा से संबंधित अन्य जानकारी व शर्तें कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है।

साफ सफाई समस्या निराकरण संपर्क
महापौर स्वच्छता हेल्पलाईन- 9301953294

कार्यपालन अभियंता
जोन क्रमांक 06
नगर पालिक निगम, रायपुर

CHHATTISAGRH STATE POWER GENERATION COMPANY LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN:U40108CT2003SGC015821

No. 03-03/Tn-S-751/6109 RaipurDtd. 16.03.2020

E-TENDER NOTICE NO. Tn-S-751/2020

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP-SRM) from Experienced & reputed contractors for the work as mentioned below:-

S. N.	Tender No. / Rfx No.	Description	Tender Fee (Rs.)	EMD Amount (Rs.)	Due date & time for bid submission	Bid opening date (EMD, Tech. Bid)
1.	TS-1042/ 8100017044	Work contract for conducting water audit of 2X500 MW, ABVTPS, Marwa, Janjgir-Champa.	590/- (500/- +GST @18%)	21,000/-	07.04.2020 Upto 15:00 Hrs.	07.04.2020 At 15:30 Hrs.
2.	TS-1047/ 8100017092 (With RLA)	Deployment of 01 no.AC Ambulance for Occupational Health Centre at 2X500 MW, ABVTPS, Marwa, Janjgir-Champa for 36 months.	885/- (750/- +GST @18%)	13,000/-	07.04.2020 Upto 15:00 Hrs.	07.04.2020 At 15:30 Hrs.
3.	TS-1048/ 8100017093	Pollution monitoring work for 730 days at 2X500 MW, ABVTPS, Marwa, Janjgir-Champa.	590/- (500/- +GST @18%)	11,500/-	07.04.2020 Upto 15:00 Hrs.	07.04.2020 At 15:30 Hrs.

For more details, please Visit our Website at:-http://www.cspc.co.in/cspgcl/ Any amendment / Corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

"SAVE ELECTRICITY" S. 24983/3

EXECUTIVE DIRECTOR (S&P: Gen.)
CSPGCL, RAIPUR

न्यूज गैलरी

महिलाओं ने किया कार्य, अब भटक रहीं राशि के लिए

कवर्धा। बोडला, लोहारा, सहित आसपास क्षेत्रों से

सोमवार को महिलाएं बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय पहुंची हुई थी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत श्रम विभाग द्वारा दिनांक 10-10-2018 से दिनांक 02.12.2018 तक नवदीप प्रेरणा जन कल्याण संस्थान सहसपुर लोहारा के माध्यम से सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त किए थे और उन्हें प्रशिक्षण के दौरान स्टायफ्ड के रूप में 9000 रूपय दिया जाना था। किंतु प्रशिक्षण तो पूरा हो गया लेकिन 17 माह बाद भी इन महिलाओं को राशि प्राप्त नहीं हो पाई आखिरकार सहसपुर लोहारा क्षेत्र से रत्ना साहू, रोशनी साहू, पुष्पा साहू, सुशीला साहू, चित्र वाणी, हेमलता, नंदनी महाशक्ति, दिलेश्वरी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं कलेक्टर कार्यालय पहुंची और ज्ञापन सौंपकर प्रशिक्षण उपरांत मिलने वाली राशि को दिलाने की मांग की है।

युवक ने लगाई फांसी

महासमुंद। खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम तमोरी में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक तमोरी निवासी विजय साहू पिता नाथूराम (28) ने 14 मार्च को कमरे लगे पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

तुमगांव में युवक से शराब जब्त

महासमुंद। तुमगांव पुलिस ने एक युवक से करीब 16 सौ रूपए की शराब जब्त की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम भोरिंग में आशाराम सोनवानी पिता संतराम (30) को अछोला सोसायटी मार्ग में शराब बेचते हुए पकड़ लिया। आरोपी से 3.780 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद कर युवक के खिलाफ आबकारी एक्ट 34 ए के तहत कार्रवाई की।

युवती से छेड़छाड़, जुर्म दर्ज

महासमुंद। सरायपाली में युवती के साथ छेडखानी किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ 354, 294, 323 के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना 14 मार्च की शाम की है। सामान लेने के लिए दुकान गई युवती से गांव के युवक गोविंदा सोलंकी ने छेड़छाड़ करते हुए गाली-गलौच कर दी। जिसकी शिकायत परिजनों ने थाने में दर्ज कराई है।

भुट्टे से लदी ट्रेक्टर ट्राली युवक पर पलटी

महासमुंद। शहर के मुख्यमार्ग में सोमवार को हुए हादसे में भुट्टे से लदी ट्रेक्टर ट्राली एक बेजुबान युवक पर पलट गई। हालांकि घटना में युवक के दबने के तत्काल पश्चात निकालकर घायल अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन, लोग ट्रेक्टर ट्राली पलटने के बाद युवक की मदद की बजाय भुट्टा लूटने में लगे रहे। जानकारी के अनुसार सोमवार को शहर के तिवारी बिल्डिंग के सामने भूट्टा लेकर रायपुर की ओर जा रहा ट्रेक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे बाइक सवार दिव्यांग युवक दबा गया। घटना के बाद आसपास के लोग युवक को बचाने में जुट गए तो, कुछ लोग भुट्टा लूट में जुट गए। जेसीबी की मदद से ट्रेक्टर के नीचे दबे युवक को निकाला गया और संजीवनी 108 से उन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

किशोरी से अनाचार, अधेड़ को 20 वर्ष की कैद

महासमुंद। शादी समारोह में शामिल होने गई 14 वर्षीय किशोरी का दैहिक शोषण मामले में अपराध सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश निधि शर्मा तिवारी ने बागबाहरा थानाक्षेत्र के फुलवारी पारा निवासी शोभित लोहार(48) पुत्र साधुराम लोहार को धारा 376 (3) के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की राशि अदा न करने पर दो माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार प्रार्थिया के पिता ने बागबाहरा थाना में लिखित में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पुत्री 12 मई 2019 को अन्य लोगों के साथ फुलवारीकला में शादी समारोह में शामिल होने गई थी। रात होने पर घर नहीं लौटकर शोभित लोहार के घर चली गई। जहां 13 मई 19 को रात ढाई बजे अभियुक्त ने दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी दी। जिस पर बागबाहरा थाना ने धारा 376, 506 एवं लैगिंक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 4, 8 का अपराध दर्ज कर कोर्ट को सौंपा था। जहां आरोप सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश ने 376 (3) के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया है।

दाऊटोला में आयोजित जिला स्तरीय जन चौपाल शिविर स्थगित

राजनांदगांव। जिला प्रशासन द्वारा अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम दाऊटोला में 28 मार्च को आयोजित जिला स्तरीय जन चौपाल शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। आम जनता से उनकी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन लेने और समस्याओं के निराकरण के लिए जरूरी कार्रवाई करने के उद्देश्य से कलेक्टोरेट में हर सोमवार को होने वाला जन चौपाल भी आगामी आदेश तक स्थगित रहेगा।

734 उपभोक्ताओं पर विद्युत विभाग ने की वसूली की कार्रवाई

- 344 के कनेक्शन कटे, तो 390 ने किया रकम अदा, विद्युत चोरी के 18 मामले
- दो माह तक रूका बिल तो नही मिलेगा बिजली बिल हाफका लाभ

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कवर्धा संभाग के कार्यपालन अभियंता के.एल.उईके ने ऐसे उपभोक्ताओ पर कार्यवाही करने निर्देश दिए जिन्होने लंबे समय तक बिजली का बिल अदा नही किया व विद्युत चोरी करने वालो पर भी विद्युत अधिनियम के तहत कार्यवाही करने व बिजली बिल की बकाया राशि जमा कराने कडे निर्देश दिए। परिणाम स्वरूप विद्युत विभाग के टीम में 734 उपभोक्ताओ पर कार्यवाही की जिसके तहत 44 लाख से अधिक की राशि वसूली व 344 लोगो के कनेक्शन काटे गए वहीं विद्युत चोरी के 18 मामलो पर कार्यवाही जारी है। कार्यपालन

अभियंता के अनुसार यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। विद्युत विभाग के द्वारा लगातार बिल भुगतान संबंधी तो किए जा ही रहे है साथ ही इस कार्यवाही के दौरान 18 लोगो को विद्युत चोरी करते भी पकडा गया है। और विद्युत अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। कवर्धा विद्युत संभाग के अंतर्गत 04 अधिकारियो की टीम बनाकर उन बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काटे गए, जिनकी बकाया राशि 5000 से अत्यधिक थी। 04 टीम का गठन किया गया जिसमें प्रत्येक टीम में तीन लोगों शामिल थे। जिसमें एक प्रमुख अधिकारी शामिल थे। और उनके साथ दो लाइन मेन थे। अधिकारी के द्वारा जो दिशा निर्देश दिए जा रहे थे। उन दिशा निर्देशों को ध्यान में रखते हुए बकायादारो के लाइन कनेक्शन काटने का काम सुचारु रुप से किया गया। इस टीम में लगभग 12 लोग शामिल थे। जिसमें 04 अधिकारीयो ने कार्य का संचालन करते हुए कारवाई कियां।

लाभ लेना है तो हर माह करें बिल अदा

विभागीय जानकारी के अनुसार जिन विद्युत उपभोक्ताओं के द्वारा लगातार दो माह से बिजली का बिल अदा नहीं किया जा रहा है। ऐसे उपभोक्ताओं को राज्य सरकार के द्वारा घोषित किए हुए बिजली बिल हाफका लाभ नहीं मिल पाना है। विद्युत विभाग ने यह भी कहा कि जिन्हें इस योजना का लाभ लेना हो वह प्रत्येक माह अपनी विधुत की बकाया राशि जमा कर इस योजना का पूरा-पूरा लाभ ले सकते हैं।

पांच गांवों में 10 हेक्टेयर से ज्यादा की बेनामी संपत्ति कुर्क

- विधायक चंद्राकर के सवाल पर राजस्व मंत्री ने दी जानकारी

महासमुंद। पिथौरा तहसील के पांच गांवों में बेनामी संपत्ति संव्यवहार प्रतिषेध अधिनियम के तहत 10.01 हेक्टेयर भूमि को बेनामी संपत्ति मानते हुए कुर्क कर हस्तांतरण से प्रतिबंधित किया गया है। यह जानकारी विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के सवाल पर राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने दी है।

बजट सत्र के दौरान सोमवार को विधायक श्री चंद्राकर ने महासमुंद जिले के पिथौरा तहसील में बेनामी संपत्ति को राजसात करने के मामले को उठाया। जिस पर जवाब देते हुए राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2019-20 में बेनामी संपत्ति लेनदेन अधिनियम 1988 की धारा के तहत पारित आदेश के तहत ग्राम लहरौद, टेका, सेवैयाकला, राजासवैयाखुर्द व डिघेपुर में स्थित भूमि को बेनामी संपत्ति मानते हुए अनंतिम रूप से कुर्क किया जाकर हस्तांतरण से प्रतिबंधित किया गया है। जिसमें ग्राम लहरौद के रमेश पिता उमराव के रकबा 0.09 हेक्टेयर, 1.60 हेक्टेयर, ग्राम टेका के परसराम पिता माखनू के 0.28 हेक्टेयर, रमेश पिता सुमराव के 0.04 हेक्टेयर व 1.37 हेक्टेयर, बालाराम पिता माखनू के 0.27 हेक्टेयर भूमि आदि शामिल हैं।

कूटरचना कर फर्जी दस्तावेज किया तैयार

ग्राम लहरौद के खसरा नं 614 को वर्ष 2004 में कलेक्टर द्वारा एनजीओ को आबंटन-पट्टा देने के आवेदन को निरस्त किया गया। बाद इसके सुरेश पिता शौकीलाल भोई को भूमिस्वामी अधिकार का प्रमाण पत्र दिया गया। विधायक श्री चंद्राकर के एक अन्य सवाल पर उक्त जानकारी देते हुए राजस्व मंत्री ने बताया कि उल्लेखित भूमि को न्यायालय कलेक्टर महासमुंद में पदस्थ तत्कालीन वाचक भगतराम रात्रे द्वारा कूटरचना कर फर्जी दस्तावेज तैयार करने की शिकायत होने पर इसकी जांच कराई गई। बाद इसके महासमुंद थाने में धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120बी के तहत मामला दर्ज कराया गया। विवेचना के दौरान भगतराम रात्रे की मृत्यु हो गई। जबकि आरोपी मिथलेश रात्रे व गणेशिया बाई रात्रे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में लिया गया।

अर्थव्यवस्था में गिरावट मोदी सरकार की गलत रीति-नीति का नतीजा : चंद्रवंशी

- कहा- केंद्र सरकार को कच्चे तेल के घटे हुये अंतर्राष्ट्रीय दामों का लाभ देश की जनता को पहुंचाने फौरन पेट्रोल-डीजल, गैस के मूल्य 40 प्रतिशत कम करने चाहिये

कवर्धा। पेट्रोल-डीजल के दामों में सिर्फ14 पैसे और 17 पैसे की कमी को अपर्याप्त और अन्यायपूर्ण निरूपित करते हुये कवर्धा जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी ने कहा है कि भाजपा सरकार ने पिछले 6 सालों में आम आदमी की जेब से 15 लाख करोड़ निकाल लिये है। आज जब अर्थव्यवस्था का बुरा हाल है तो ईंधन के दामों में 3 रू. प्रति एक्साइज बढ़ाकर भाजपा सरकार ने आम आदमी के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है। पहले हर सप्ताह और बाद में हर दिन क्रूड आइल के दामों में वृद्धि का हवाला देकर पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने और महंगाई बढ़ाने का जनविरोधी कृत्य करते रहे। अब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल क्रूड आईल का दाम घटकर 30 डालर प्रति बैरल हो जाने के बाद मोदी सरकार द्वारा इसका लाभ पेट्रोल-डीजल के उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के बजाय एक्साइज ड्यूटी में 3 रू. प्रति लिटर की वृद्धि का गरीब विरोधी जनविरोधी फैसला मोदी सरकार ने लिया है। कच्चा तेल गिर कर 30-32 डॉलर प्रति बैरल हो गया, परंतु नवंबर 2004 में जब कच्चा तेल 38 डॉलर प्रति बैरल था, उसके बराबर कीमतें लाना तो दूर, मोदी सरकार पेट्रोल में 32 रुपया 45 पैसे और डीजल में 38 रूपया 69 पैसे प्रति लीटर खुद की जेब में डाल रही हैं। ये कहाँ का न्याय है?

जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी ने कहा है कि मोदी-शाह सरकार को अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल के मूल्यों में भारी कमी के अनुरूप पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस के मूल्यों को 35 से 40 प्रतिशत कम करके कच्चे तेल के अंतर्राष्ट्रीय दामों में आई रिकार्ड गिरावट का लाभ देश की जनता को देना चाहिये। ताकि उन्हें स्टैगफ्लेशन (कमर तोड़ महंगाई एवं आर्थिक मंदी) तथा बढ़ती बेरोजगारी से कुछ राहत मिल सके।

डोंगरगढ़ सहित जिले के अन्य मेले स्थगित करने के निर्देश

- कलेक्टर ने कोरोना वायरस से बचाव के संबंध में ली आवश्यक बैठक

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में चैत्र नवरात्रि पर्व पर आयोजित डोंगरगढ़ मेले एवं कोरोना वायरस के खतरे को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेले के दौरान कोरोना वायरस के बचाव और सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा हुई और आवश्यक रणनीति तैयार की गई। श्री मौर्य ने कहा कि कोरोना वायरस एक व्यक्ति से भी शहर में आ जाए तो इससे लाखों लोग पीड़ित हो जाएंगे। ऐसे में बचाव ही सुरक्षा है। बैठक में राजनांदगांव नगर निगम की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी, पूर्व मंत्री लीलाराम भोजवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पुलिस अधीक्षक बीएस ध्रुव, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती तनुजा सलाम, अपर कलेक्टर ओंकार यदु, अपर कलेक्टर हरिकृष्ण शर्मा, एडिशनल एसपी श्रीमती सुरेशा चौबे, नगर निगम राजनांदगांव के आयुक्त चंद्रकांत कौशिक, सीएमएचओ डॉ. मिथलेश चौधरी, सभी एसडीएम, नगरीय निकायों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने कहा कि कोरोना वायरस के बढ़ते प्रभाव के कारण पैदलयात्रा और कार सेवा को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

ग्राम खरोरा मे अवैध शराब बंद कराने के लिए सक्रिय हुए ग्रामवासी

महासमुंद। ग्राम पंचायत खरोरा मे नवनिर्वाचित सरपंच,और पंच गण के नेतृत्व मे समस्त ग्रामवासी खरोरा खरोरा ने सुबह अवैध शराब बेचने वालो के खिलाफमुहिम चलाते हुए उनके घर घर जाकर सख्त हिदायत दी कि किसी भी सुरत मे अब गाँव खरोरा मे अवैध शराब बिक्री नही होने दी जायेगी, और बेचने वालो पर नियमानुसार कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी, इस अवसर पर प्रमुख रूप से समेलाल जाँगड़े, शंकर पटेला, चोवाराम पटेला, मोहन बाँधे, देवदत्त चंद्राकर, हेमु चंद्राकर, दुर्गेश चंद्राकर, सोमन पुरेना, धंनजय, पुरेन्द्र, गौरव, लक्की, पंकज, शंकर चंद्राकर, पवन चंद्राकर, राकेश चंद्राकर, तुषार चंद्राकर, सालिक कन्नौजे, तुषार कन्नौजे, मोहन कन्नौजे, संदीप चंद्राकर, पंकज उलास और अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

नॉन सीबीएसई प्राईवेट स्कूल अब नहीं लिख पायेंगे सीबीएसई पैर्टन

राजनांदगांव। कुछ प्राईवेट स्कूलों के द्वारा जो सीबीएसई बोर्ड से संबद्धता प्राप्त नहीं है, इसके बावजूद शिक्षा विभाग से स्कूल संचालित करने हेतु मान्यता प्राप्त करने और मान्यता नवीनीकरण प्राप्त करने लिए प्रपत्र-1 में यह जानकारी दिया जाता है कि उनके स्कूलों में सीबीएसई पैर्टन से अध्यापन कराया जा रहा है, लेकिन ऐसा लिखना अब गैरकानूनी होगा, क्योंकि ऐसा लिखकर कुछ स्कूलों के द्वारा पालकों और बच्चों को गुमराह कर भ्रमित किया जा रहा है कि उनके स्कूलों में सीबीएसई पैर्टन और एनसीईआरटी की किताबों से अध्यापन कराया जा रहा है, जबकि इन स्कूलों का सीबीएसई बोर्ड से कोई लेना-देना नहीं है। इस संबंध में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव के द्वारा 29 फरवरी 2020 को पत्र लिखकर पालकों को सावधान रहने को कहा गया है।

छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल का कहना है कि स्कूल शिक्षा विभाग का यह स्पष्ट आदेश है कि सीजी बोर्ड के स्कूलों में एससीईआरटी और सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों में एनसीईआरटीई की किताबों से ही अध्यापन कार्य किया जायेगा, लेकिन इस आदेश का जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा कड़ाई से पालन नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण ही प्राईवेट स्कूलों में ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है, जिसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी समग्र रूप से उत्तरदायी है। श्री पॉल ने डीईओ के पत्र लिखकर सीबीएसई पैर्टन लिख कर विभागीय मान्यता और मान्यता नवीनीकरण प्राप्त कर आम जनता को गुमराह कर भ्रमित करने वाले प्राईवेट स्कूलों के खिलाफसख्त कार्यवाही करने की मांग किया गया है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने चलाया जागरूकता अभियान

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनय कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण जिला राजनांदगांव में विश्व स्तर पर फेले कोरोना वायरस पर विशेष जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत प्राधिकरण के समस्त पैरा लीगल वॉलिन्टियर्स घर-घर जाकर उक्त वायरस से सुरक्षित रहनें के उपयों से लोगों को अवगत करा रहे है।

पैरा लीगल वॉलिन्टियर्स द्वारा लोगों को बताया जा रहा है कि उक्त वायरस से धबराने की आवश्यकता नही है। और ना ही किसी प्रकार के भ्रम में पडने की आवश्यकता है। केवल थोड़ी सी सजगता और सावधानी बरते जाने पर उक्त बीमारी के प्रभाव से बचा जा सकता है। पैरा लीगल वॉलिन्टियर्स द्वारा विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रो मे जाकर लोगो को सुरक्षा के उपाय से अवगत कराया जा रहा है, उनके द्वारा बताया जा रहा है कि कोरोना बायरस की बीमारी संक्रामक बीमारी है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को होती है। यह बीमारी मानव के कई अंगों पर प्रभाव डालती है। मुख्य रूप से इस बीमारी द्वारा फेफड़े को नुकसान पहुंचता है, इसलिए इस बीमारी का वर्तमान में एक ही उपचार है, स्वयं तथा समाज की सुरक्षा तथा जागरुकता।

बचाव के लिए जितनी राशि लगेगी, दी जाएगी : बघेल

राजनांदगांव। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राज्य सरकार कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए जितनी भी राशि लगेगी उसे राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) से प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही कोरोना वायरस के परीक्षण के लिए प्रदेश में और अधिक टेस्ट सेंटर खोलने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के सचिव को दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को छत्तीसगढ़ में कोरोना वायरस से बचाव, रोकथाम तथा दवाईयों और आवश्यक उपकरणों आदि की व्यवस्था के लिए स्टेट डिजास्टर रिपोंस फण्ड (एसडीआरएफ) से सभी आवश्यक इंतजाम तत्काल करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस को महामारी घोषित किया है। देश के विभिन्न हिस्सों से लगातार इस वायरस से संक्रमित लोगों की पुष्टि हो रही है।

30 हितग्राहियों को भवन निर्माण के लिए वर्क आर्डर जारी

महासमुंद। नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विभिन्न वार्डों के 30 हितग्राहियों को भवन निर्माण के लिए वर्क ऑडर जारी किया। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2025 तक देश भर में कच्चे मकान की बजाए पक्के मकान बना कर देने का लक्ष्य तय किया है। इसी कड़ी में सोमवार को आवास बनाने का निर्माण अनुमति हितग्राहियों को दी है। इस दौरान पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने हितग्राहियों को समझाइश देते हुए कहा कि भवन निर्माण के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों से सावधानी बरतें। किसी को भी अपना एटीएम कार्ड, बैंक पास बुक न दें। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि निर्माण के पूर्व अपने वार्ड के पार्षदों से संपर्क करें और सही ठेकेदार का चयन करें। उन्होंने कहा कि पूर्व में हितग्राहियों से भवन का भुगतान ले लिया गया और भवन भी आधा अधूरा निर्माण किया गया। हितग्राही आज भी ऐसे ठेकेदारों के चक्कर काट रहे हैं। इस अवसर पर पार्षदद्वय अमन चंद्राकर, रिंकू चंद्राकर, आवास इंजीनियर लोकरंजन साहू सहित वार्डों के नागरिकगण उपस्थित थे।

स्टेशन और कलेक्टोरेट मार्ग पर भी लगेगी 110 वोल्ट की एलईडी

महासमुंद। नगर के स्टेशन रोड और कलेक्टोरेट रोड पर भी 110 वोल्ट की एलईडी लाइट्स लगाई जाएंगी। अभी इन दोनों रोड पर 35-35 वोल्ट की एलईडी लाइट्स लगी हैं। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर की अध्यक्षता में हुई पीआईसी की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि नगर की कौशिक कॉलोनी में विकास शुल्क लिया जाएगा, जैसा कि शहर के अन्य हिस्से में लिया जाता है। साथ ही लोगों को वहां भवन निर्माण की अनुमति दी जाएगी। शासन ने इस कॉलोनी का नियमितीकरण कर दिया है। अब पीआईसी के निर्णय से कॉलोनीवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। कई लोग जो बैंक से लोन नहीं ले पा रहे थे, अपना मकान नहीं बना पा रहे थे, उनकी मुश्किलें अब खत्म हो जाएंगी। पीआईसी की बैठक में कुल 17 एजेंडों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। 30 वार्डों को 5 जोन में बांटकर 20-20 लाख के कार्य की स्वीकृति दी गई है।

मंथन — वायरस संक्रमण से बचने और बचाने के लिए जिला अस्पताल में विस्तृत चर्चा

सतर्कता बरतें और रहें कोरोना से सुरक्षित : परदल

महासमुंद। दुनियाभर में 90 से अधिक देशों में कोरोना वायरस अब विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा महामारी के रूप में घोषित किया जा चुका है। भारत में भी बड़ी संख्या में संदिग्ध मरीजों के साथ कर्नाटक जैसे अन्य राज्यों में कुछ पीड़ितों के पुष्टि होने के बाद प्रदेश सरकार भी इस दिशा में कड़े कदम उठाए हैं।

जिला अस्पताल में हुई एक विस्तृत परिचर्चा बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके परदल ने अनुभवी चिकित्सकों, स्टाफ नर्स सहित स्वास्थ्यकर्मियों के लिए पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। कोरोना वायरस संक्रमण से बचने में काम आने वाली पुरानी तकनीक के साथ नए आयामों पर भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। डॉ परदल ने सबसे पहले कोरोना वायरस संबंधित भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया। इसके बाद रखी जाने वाली सावधानियों जैसे हाथ धुलाई से लेकर, सिनेटाइजर के उपयोग और मास्क के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सावधानी और बचाव ही इसका सबसे अहम रास्ता है।

कोरोना के चलते विपक्ष ने की शराब दुकान को भी बंद करने की मांग

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। गुंडरदेही ब्लॉक मुख्यालय सिकोसा अर्जुंदा देसी व अंग्रेजी शराब दुकान में प्रतिदिन हजारों का भीड़ लग रहा है। वहीं राज्य सरकार के द्वारा 31 मार्च तक कोरोनावायरस के चलते शासकीय व निजी संस्थानों को पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। राज्य सरकार के आदेश अनुसार धार्मिक स्थल जैसे मेलाओ को नवरात्रि पर्व पर पूरी तरह ज्यादा भीड़भाड़ वाली जगहों को राज्य सरकार पूरी तरह कोरोनावायरस से बचने पूरी तरह बंद किया गया है। लेकिन राज्य सरकार की कार्यशैली से भाजपाई काफी नाराज है, गुंडरदेही शराब भट्टी बंद नहीं करने के मामले में क्या कहते हैं। भाजपा के नेता वही नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष कोमल सोनकर का कहना है कि राज्य सरकार के नियत में खोट है। इसलिए ज्यादा भीड़ बढ़ाने वाले जगह जैसे शराब भट्टी को बंद नहीं करना सरकार की मनमानी है। वही गुंडरदेही के वरिष्ठ पूर्व महामंत्री राजूअग्रवाल का कहना है कि ज्यादा भीड़भाड़ वाले इलाके को पूरी तरह राज्य सरकार बंद करवाएं तो शराब भट्टी को क्यों बंद नहीं करवा रहे हैं राज्य सरकार

को शराब भट्टी से ज्यादा आय होने कारण भट्टी बंद नहीं करा रहे हैं जबकि शराब भट्टी में प्रतिदिन हजारों की संख्या में भीड़ होती है जिसके कारण भी काफी संक्रमण बीमारी होने की संभावना है। हम मीडिया के माध्यम से शराब भट्टी बंद करने की मांग कर रहे हैं वही गुंडरदेही के वरिष्ठ वह प्रदेश के किसान मंत्री अश्वनी यादव ने कहा कि सरकार जानबूझकर शराब भट्टी बंद नहीं कर रहे हैं क्योंकि शराब से ज्यादा आए राज्य सरकार को हो रही है और शराब भट्टी बंद नहीं करने से कहीं न कहीं बाहरी लोगों का आना-जाना शराब भट्टी में लगा रहता है। जो कभी भी करोना के चपेट में आ सकता है राज्य सरकार को इस पर जल्द निर्णय लेना चाहिए। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद जैन का कहना है कि स्कूल कॉलेज धार्मिक स्थल बन्द हो सकता है तो शराब भट्टी क्यों बंद नहीं हो रहा है। राज्य सरकार लगातार छल कपट से अपना सरकार चला रही है यदि शराब भट्टी बंद नहीं करते तो हम भाजपा के कार्यकर्ता मिलकर शराब भट्टी बंद करने की मांग को लेकर आंदोलन कर सकते हैं। वह कलेक्टर एसडीएम को ज्ञापन देंगे कि शराब भट्टी में प्रतिदिन हजारों की संख्या में गुंडरदेही ब्लॉक के मदिरा प्रेमियों को भी लगा रहता है जो कभी भी संक्रमण बीमारियों के चपेट में आ सकते हैं। इस चीज को ध्यान में रखकर सरकार को जल्द निर्णय लेना चाहिए कि शराब भट्टी को बंद करें वही गुंडरदेही ब्लॉक के अबकारी विभाग के अधिकारी से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के आदेश आने के बाद हम तुरंत बंद कर देंगे अब तक राज्य सरकार हमें शराब भट्टी बंद करने का आदेश नहीं दिया है और गुंडरदेही ब्लॉक के शराब भट्टी में लगभग अर्जुंदा गुंडरदेही सीकोसा मिलाकर 20 लाख रुपए की अंग्रेजी व देशी शराब की बिक्री हो रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि गुंडरदेही छोटा सा ब्लॉक में 20 लाख रुपए की सरकार को फायदा हो रहा है तो शराब भट्टी इसलिए बंद नहीं कर रही है। कांग्रेस की राज्य सरकार व क्षेत्र के कांग्रेस की विधायक कुंवर सिंह निषाद से संपर्क करने पर उन्होंने कहा यह प्रदेश स्तर का मामला है राज्य सरकार यदि शराब भट्टी बंद करने की आदेश करें तो निश्चित रूप से हम उस भट्टी को बंद करवाएंगे।

न्यूज गैलरी

बहनों की आत्महत्या : मामा पर दुष्कर्म का आरोप

धमतरी। कुरुद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डाही में दो सगी बहनो के आत्महत्या वाले मामले में नया मोड़ आ गया है इसमें बड़ी बहन के द्वारा लिखा हुआ सुसाइड नोट मिला है जिसमें उसके मामा द्वारा बलात्कार किए जाने का उल्लेख है। इस मामले में आरोपी मामा चन्द्रहास बारले 33 वर्ष ग्राम कोड़ापार भरदा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।ज्ञात हो

कि तालाब किनारे पेड़ पर फंदे से दोनों बहनों की लटकी हुई लाश मिली है।घटना शुक्रवार की रात लगभग 8-00 बजे बताई जा गई है। इसमें बड़ी बहन चंद्रकला बीए अंतिम वर्ष की छात्रा थी और छोटी बहन अंजू सोनवानीव पढ़ाई छोड़ चुकी थी। इस संबंध में एएसपी मनीषा ठाकुर ने बताया कि शुक्रवार की रात पुलिस को आत्महत्या की सूचना मिली थी। रात में ही पुलिस के जवान तैनात कर दिए गए थे ।आज कुरूद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जांच में एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें बड़ी बहन चंद्रकला के द्वारा लिखा गया है कि उसके मामा चंद्रहास के द्वारा जबरन गाड़ी में उठाकर ले जाएगा और उसके द्वारा दुष्कर्म किया गया ।इस वजह से वह आत्महत्या कर रही है फिलहाल चंद्रहास बारले को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। धारा 376 306 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

25 मार्च तक लिये जायेंगे कोषालय में देयक

गरियाबंद । राज्य शासन द्वारा कोषालय/उप कोषालयों में वित्तीय वर्ष 2019-20 के बजट से संबंधित देयकों को पारित करने के संबंध में लिए गये निर्णय के अनुसार वर्ष 2019-20 से संबंधित समस्त देयक कोषालय/उप कोषालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 25 मार्च 2020 निर्धारित की गई है। जिला कोषालय अधिकारी ने आज समय-सीमा के बैठक में समस्त जिला प्रमुख अधिकारियों को उक्त जानकारी देते हुए अवगत कराया कि अंतिम तिथि के पश्चात वित्त विभाग की अनुमति से 30 मार्च 2020 तक ही देयक कोषालय/उप कोषालय में जमा किये जा सकेंगे।

उप निर्वाचन : फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार करने कार्यक्रम जारी

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा गरियाबंद जिले के त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2020 हेतु अर्हता तिथि एक जनवरी 2020 के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिये कार्यक्रम जारी किया गया है। कार्यक्रम के अनुसार रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति 16 मार्च, प्रारंभिक प्रारूप निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु कर्मचारियों का नियुक्ति एवं प्रशिक्षण 18 मार्च, भारत निर्वाचन आयोग की एक जनवरी 2020 की स्थिति में तैयार विधानसभावार अद्यतन निर्वाचक नामावली की दो प्रतियां जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त करना और जनपद पंचायतवार भागों में बांटना 21 मार्च को निर्धारित है।

दो मृतक के परिजन को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

धमतरी । कलेक्टर श्री रजत बंसल ने पानी में डूबने से दो मृतक के परिजनों को आर बी.सी. 6.4 के तहत चार.चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक नगरी तहसील के ग्राम उमरगांव निवासी श्रीमती पूर्णिमा मरकाम की 16 दिसंबर 2019 को पानी में डूबने से मृत्यु हो गई। इसके मद्देनजर उनके पति श्री भगवानी मरकाम को आर बी.सी. 6.4 के तहत चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह ग्राम आमगांव निवासी श्री शंकरलाल मरकाम की 17 दिसंबर 2019 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई।

धरना-प्रदर्शन रैली सभाएं एवं जुलूस पर 5 अप्रैल तक प्रतिबंध

धमतरी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री रजत बंसल ने नोवेल कोरोना वायरस की संभावना के मद्देनजर जिले में धरना प्रदर्शन रैली सभाएं जुलूस तथा आडिटोरियम इत्यादि पर आगामी 05 अप्रैल तक प्रतिबंधित किया है। उन्होंने अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी को निर्देशित किया है कि वे आवेदन प्राप्त होने पर जिला दण्डाधिकारी को जरूर अवगत कराएं।

दो साल से आंगनबाड़ी भवन अपूर्ण

- नौनिहाल सामुदायिक भवन के 6 बाई 6 के कमरे में पढ़ने को मजबूर

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग। 2 साल से आंगनबाड़ी भवन अपूर्ण होने से गांव के 32 नौनिहालों को सामुदायिक भवन के 6 बाय 6 कमरे में पोषण आहार मध्यान भोजन खिलाने सहित पढ़ाने को मजबूर हैं। फिर भी निर्माण एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारी अधूरे भवन को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं ! जानकारी अनुसार देवभोग ब्लॉक के ग्राम पंचायत निष्टीगुड़ा के आश्रित ग्राम परेवापाली पर वर्ष 2018-19 मैं मनरेगा और महिला बाल विकास के संयुक्त योजना के अंतर्गत 6 लाख50 हजार की लागत से आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत किया गया और पंचायत को इसके लिए 1 लाख 45हजार जारी भी कर दिया गया लेकिन सरपंच सचिव ने

लेंटर लेवल तक कार्य कर छोड़ दिया है। तब से लेकर आज 2 वर्ष से अधिक समय हो रहा है कार्य पूरी तरह बंद है।और भवन के अपूर्ण होने के कारण छोटे-छोटे नौनिहालों को पंचायत सामुदायिक भवन पर मध्यान भोजन पोषण आहार खिलाना पड़ता है।उक्त कमरे पर भी सभी बच्चे को एक साथ बैठा ना मुश्किल नजर आता है! फिर भी जानवरों की तरह बच्चों को बिठाने के लिए मजबूर है।ऐसे सारी स्थिति से स्थानीय अधिकारी भी अच्छी तरह अवगत हैं।लेकिन आंगनवाड़ी भवन प्रगति में लाने के लिए किसी प्रकार की भी कार्यवाही नहीं हो रही है! यही वजह है।कि निर्माण ऐजेंसी उदासीनता बरतने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है! जबकि ग्रामीणों द्वारा कईयों बार भवन पूर्ण कराने के लिए कहा गया लेकिन आज कल मे निर्माण शुरू करने की बात कह कर टाल दिया जाता है।जबकि आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य में इस्तेमाल किए गए गुणवत्ताहीन मटेरियल की पोल

> जितना राशि मिला है उससे अधिक का काम करवाया गया है और एफटीओ नहीं होने के कारण अब तक आंगनबाड़ी भवन नहीं बन पाया है।
>
> **हस्ताराम यादव,** सचिव ग्राम पंचायत निष्टीगुड़ा

पहली बरसात में ही खुल कर रह गई जोड़े गए ईट अभी से टूटने के अलावा घुल कर धूल में तब्दील हो रहा है।इससे यह आशंका जताई जा रही है। कि आने वाले दिनों में खड़ी की गई दीवार भरभरा कर गिर ना जाए क्योंकि गुणवत्ता ही मटेरियल के इस्तेमाल से दरार जिसको लेकर ग्रामीणों द्वारा सवाल खड़ा किया जा रहा है।आज ग्रामीण निर्माण एजेंसी पर आरोप लगाते हुए भी कहा है। खानापूर्ति कार्य दिखाकर राशि बचाने की फिराक में नजर आते है।

सब्जी मंडी में हो डस्टबीन की पर्याप्त व्यवस्था : यादव

नवप्रदेश संवाददाता

गंडई पंडरिया। वार्ड नंबर 1 के पार्षद भिगेश यादव ने कहा कि नगर पंचायत कार्यालय के द्वारा सभी छोटे-बड़े सब्जी व्यापारियों को डस्टबिन की व्यवस्था हो जिससे कि गीले व सूखे कचरे को एक नियत स्थान पर रखा जा सके। सब्जी मंडी प्रवेश द्वार पर स्टील डोर बनना चाहिए साथ ही रास्ते की जमीन पर ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जिससे मवेशी अंदर प्रवेश नहीं कर सकेंगे साइकिल व मोटरसाइकिल भी अंदर प्रवेश नहीं होंगे जिससे सब्जी व्यापारी व ग्राहकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी । पार्षद यादव ने मंगलवार को ये सब बातें मंगलवार को मीडिया से चर्चा में कही। उन्होंने सब्जि विक्रताओं को सुझाव भी दिए कि वे गर्मियों में सब्जियों को धूप से बचाने के लिए ग्रीन नेट का इस्तेमाल करें।

मछली मार्केट हटाकर पूरी जगह हो सब्जी मंडी

पार्षद ने यह भी कहा कि मछली मार्केट को हटाकर उस पूरे स्थान पर सब्जी मंडी को संचालित किया जाए । सब्जी मंडी के अंदर एक बड़ा डस्टबिन हो उस डस्टबिन के अंदर में सड़ी हुई सब्जियों से कंपोस्ट खाद बनाया जा सकता है। पानी की निकासी के लिए उचित ड्रेनेज सिस्टम भी बनाया जाना चाहिए।

नगर व सब्जी मार्केट में सफाई को लेकर कोई कोताही नहीं

- कोरोना के चलते सक्रिय हुई नगर पंचायत

नवप्रदेश संवाददाता

गंडई पंडरिया। नगर पंचायत गंडई मे भी कोरोना वाइरस को देखते हुये नगर पंचायत के अधिकारी व कर्मचारी सक्रिय हुये । हल ही मे सोमवार को नगर पंचायत के अध्यक्ष श्यामपाल ताम्रकार ने नगर के सब्जी मार्केट का जायजा लेते हुये कहा था की नगर के सब्जी मार्केट मे गंदगी का आलम बना हुआ था । जो की बहुत भयानक हो सकता था । पूरे देश मे फैले महामारी और स्वक्षता को देखते हुये यह कदम

उठाना पड़ा । इस पहल से व्यापरी भी खुश नजर आ रहे है । इसके साथ चौक - चौराहो के अलावा नगर के गली मोहल्ले मे भी साफसफाई का ध्यान दिया जाए ।

सब्जी विक्रेता खराब सब्जी को सामने ही फेक देते थे । बीते कई दिनो से बरसात के कारण गंदगी बढ़ गई थी। नागरिकों को बाजार मे चलना मुश्किल हो गया था । तीन सेड के किनारे बोरा लगा रखा था जिससे मार्केट का पानी सुख नहीं पा रहा था । नगर पंचायत अध्यक्ष ने एक अच्छी पहल उठाई है ।

साहू समाज को कमला बाई ने दान किए एक लाख रुपए

बालोद। बालोद नगर के वार्ड नं 1पारास निवासी श्रीमती कमला बाई साहू ने अपनी माता के नाम से गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम भाठागांव (बी) में ग्रामीण साहू समाज को एक लाख रुपये का दान समाज के भवन निर्माण के लिए दिया है और क्षेत्र के लिए मिसाल पेश की है। दानदाता कमला साहू ने बताया कि उनकी नानी फुलकुँवर बाई भाठागांव की मूल निवासी थी और उनकी मां माना बाई की जन्मभूमि हैं,उनकी मां माना बाई सार्वा के नाम यहां लगभग3डिसमिल कच्चा मकान जमीन था जिसको उन्होंने अपने रिश्तेदार के पास बेच कर उसमें से प्राप्त एक लाख रुपए को अपने माता स्व.माना बाई की याद में ग्रामीण साहू समाज को दान कर दी और ताकि उक्त रकम समाज

के भवन निर्माण में काम आए।

परिक्षेत्र अध्यक्ष दोषन लाल साहू ने बताया कि दानदाता कमला बाई ने जिस प्रकार से समाज के लिए दान किया है यह सराहनीय कदम है और उस राशि का समाज के भवन निर्माण कार्य में उपयोग किया जाएगा।यह कार्य समाज के लिए यादगार रहेगा।

दानदाता कमला बाई का कहना है कि उनकी माँ माना बाई का याद की निशानी जन्मभूमि भाठागांव में रहे यही इच्छा थी जो आज पूरी हो गई।इस दौरान परिक्षेत्र अध्यक्ष दोषन लाल साहू, ग्रामीण अध्यक्ष उदे राम साहू, उपाध्यक्ष चरण साहू, कोषाध्यक्ष डोमन लाल साहू, पूर्व सरपंच रिकेश साहू, दानसिंह साहू, कीर्तन साहू, अयोध्या प्रसाद साहू, रामस्वरूप साहू, गोपाल साहू, ईश्वर लाल साहू, पूरन दास,सचिव सुरेश कुमार साहू उपस्थित रहे।

एक ही थाने में डटे पुलिस कर्मियों का तबादला, हड़कंप

धमतरी। जिला पुलिस प्रशासन ने एक बार फिर आरक्षक और हवलदार सहित 12 पुलिस कर्मियों को इधर से उधर किया है वही तबादला होने से विभाग में हड़कंप मच गया है बात दे कि एक ही थाने में लंबे समय से डटे हुए पुलिस कर्मियों का तबादला किया गया है जिससे विभाग के कार्यो में कसावट लाया जा सके गौरतलब है कि 4 हवलदार और 8 आरक्षक का तबादला हुआ है ये तबादला एसपी बीपी राजभानु के निर्देश पर हुआ है।

राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्र मरादेव के कुपोषित बच्चों को सौंपी सुपोषण टोकरी

धमतरी । प्रदेश की राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके ने अपने दो दिवसीय धमतरी प्रवास के दौरान आज आंगनबाड़ी केंद्र मरादेव ;गंगरेल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आज अपराह्न आंगनबाड़ी केंद्र मरादेव पहुंचकर नौनिहाल बच्चों से संक्षिप्त भेंट की तथा उनसे चर्चा भी की। इस अवसर पर केन्द्र में मौजूद 03 कुपोषित बच्चे हर्षिता दुलेश और उर्वशी व 02 एनीमिक महिला श्रीमती प्रतिभा श्रीमती सोहद्रा को सुपोषण टोकरी राज्यपाल ने अपने हाथों से भेंट किया गया तथा खानपान पर ध्यान देने की नसीहत

दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर श्री रजत बंसल ने राज्यपाल सुश्री उइके को जानकारी दी कि सुपोषण अभियान में जिले के कुपोषित व एनीमिक महिलाओ को प्रतिदिन गरम भोजन व अँडा दिया जाता है। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री सोनमणि बोरा पुलिस अधीक्षक श्री बी.पी. राजभानू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता गांधी जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री नायक प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

झुंड से बिछड़े जंगली सूअर ने किया युवक पर हमला, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

धमतरी /मगरलोड । सोमवार को एक जंगली सूअर अपनी झुंड से बिछड़कर मोहदी रेंज के अंतर्गत ग्राम राजपुर में जंगली सूअर घुस गया । गांव में घुसते ही सुअर ने ग्रामीणों पर हमला करना शुरू कर दिया। गांव में सूअर के घुसने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया । सुबह लगभग 11-30 बजे गांव के बाजार चौक में युवक रेखराम ध्रुव पिता माधव राम जा रहा था तभी खेत तरफ से पीछे से आया और उसके बायां हाथ के कोहनी और जंघा पर हमला कर लहूलुहान कर दिया । युवक ने किसी तरह से अपनी जान वहां से निकला । घायल का

इलाज मगरलोड हॉस्पिटल में कराने के बाद छुट्टी दे दी गई ।सुअर ने गांव के और कई ग्रामीणों पर हमला किया । ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी । सूचना मिलते ही मोहदी वन विभाग की टीम गांव में पहुँची ।डिप्टी रेंजर लोमन गिरी गोस्वामी ने बताया कि राजपुर गांव में घुसे जंगली सूअर को जंगल की तरफ खदड़ने की प्रयास किया जा रहा है। जो घायल हुआ है उनको शासन की नियमों अनुसार मुआवजा दिया जाएगा।

नाबालिग युवती का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

धमतरी। जिले के अर्जुनी थाना अंतर्गत एक नाबालिग युवती की अपहरण कर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है वही परिजनों की शिकायत के बाद आरोपी युवक को अर्जुनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग छात्रा 5 मार्च को ग़ायब हो गई थी जिसकी रिपोर्ट परिजनों ने थाना में किया था मामला दर्ज कर अर्जुनी पुलिस लापता युवती की तलाश कर रही थी इसी दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि लापता युवती कोमल साहू पिता चिरौंजी लाल साहू निवासी भटगांव के पास हैं जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर युवती से पूछताछ की जिस पर युवती ने बताया कि आरोपी ने उसको जबर्दस्ती अपने साथ ले जाकर दुष्कर्म किया जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 363,366,376 और 6,4 पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

समीक्षा धान के बदले दिया जाएगा मक्के के रकबे को बढ़ावा

पूर्व वितरित वन अधिकार पट्टों की होगी जांच

गरियाबंद। गरियाबंद जिले में पूर्व में वितरित वन अधिकार पट्टों की जांच होगी। कलेक्टर श्याम धावड़े ने आज अधिकारियों की समय-सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी और सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को उक्त जांच 15 अप्रैल तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वन अधिकारी पट्टा के लिए शासन द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार इसकी जांच की जाये। जांच में सही नहीं पाये जाने पर ऐसे पूर्व में वितरित पट्टे को निरस्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित

किया जाये। कलेक्टर श्री धावड़े ने आज मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, केसीसी के प्रकरण, उपार्जन केन्द्रों से धान के उठाव, धान के बदले मक्का की रकबा को बढ़ावा और वन अधिकार पट्टा वितरण, जिला मुख्यालय में अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने की तैयारी तथा वृक्षारोपण हेतु तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने शासन की प्राथमिकता वाले कार्यो के बेहतर क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष के समाप्ति पर अधिकारी शासन के मार्गदर्शी निर्देशों का पालन करते हुए आवश्यक खरीदी आदि करें। कलेक्टर ने शासन के मंशा के अनुरूप अधिकारियों को निष्ठापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जिला मुख्यालय में एक अंग्रेजी माध्यम के शासकीय स्कूल प्रारंभ किया जाना है। इस हेतु जिला शिक्षा अधिकारी चयनित विद्यालय में 15 अप्रैल तक सभी आवश्यक प्रबंध करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिले में मुख्यमंत्री सुपोषण योजना की समीक्षा करते हुए अवगत कराया कि जिला नोडल अधिकारियों की मॉनिटरिंग से जिले में अभियान को सफलता मिली है। 1834 बच्चे कुपोषण से बाहर आये हैं।

पाइप लाइन कई जगहों से फटी, 7-8 महीने से नहीं मिल रहा पानी, टंकी बन गई शो पीस

■ **ग्रामीणों के लिए लाखों की लागत से बनाई गई थी पानी टंकी**

नवप्रदेश संवाददाता

सूरजपुर। राज्य सरकार नगर निकायों से लेकर ग्राम तक सभी घरों में नल कनेक्सन उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रही है। किन्तु पीएचई विभाग, ग्राम पंचायत के उदासीनता से लाखों की लागत से पानी टंकी का निर्माण किया गया साथ गुणवत्ता विहिन्न पाइप लाइन तो बिछा दिया गया था। जो पानी लीकेज जैसे कई तरह की दिक्कत उतपन्न होने लगी है।

गौरतलब है कि सूरजपुर विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत केतका में पीएचई विभाग द्वारा वर्षों पहले ग्रामीणों का प्याऊ जल की समस्या को देखते हुए लाखों रुपए के लागत से पानी टंकी का निर्माण व नल जल का पाइप विस्तार कार्य कराकर सुविधा उपलब्ध कराया था। जिसका देख रेख नही होने के कारण पाइप लाइन में कई जगह फाल्ट हो गई है जिसके चलते उपभोक्ताओं के पास पानी नही पहुंच पा रहा है, साथ ही पानीटंकी की वर्षो से देख रेख नही होने के कारण पिछ्ले 7-8 महीनों से पानी टंकी बंद पड़ा हुआ है। जिससे ग्रामीणों को प्याऊ जल के लिए भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात और ठंडी का समय में कूप व हेण्डपम्प के माध्यम से काम चल गया किन्तु गर्मी के दिनों में पानी टंकी के अलावा और दूसरा कोई सुविधा नही है। गर्मी अपने शुरुआती दौर में है और कुआँ के पानी सूखने लगे है। जो गर्मी तक पूर्ण रूप से सुख जाएगा।

पानी टंकी बना कांजी हाउस

खास बात तो यह कि पानी सप्लाई बंद होते ही कुछ ग्रामीणों ने पानी टंकी केम्पस को कांजी हाउस बना दिया है। किसानों की फसल खाने वाले व नुकसान पहुँचने वाले आवारा पशुओं बन्दी गृह बन गया है। पास रहने वाले ग्रामीणों ने बताया कि किसी भी किसान का फसल को नुकसान पहुचाने वाला पशु को पानी टंकी के लिए बना केम्पस में बांध बन्द कर रख दिया जाता है।

इस समस्या को देखने से पता लगता है कि 7-8 महीना से पानी सप्लाई बंद है। और संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी गहरी निद्रा में सोई हुई प्रतीत होती है। ग्रामीणों के बताया कि सम्बधित विभाग में लिखित व मौखिक दोनों प्रकार की शिकायत दर्ज कराने उपरांत अब तक कोई ठोस कदम नही उठाया गया है। ताकि ग्रामीणों को पानी उपलब्ध करा सके। विभाग के द्वारा सतत मॉनीटिरिंग नही करने के कारण लाखों रुपए के लागत से बनी पानी टंकी आज सिर्फशो पीस बन कर खड़ा है। जो किसी काम का नही है।

कब्जा छोड़ने का नोटिस : आशियाने बचाने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे कोडेजूंगा के ग्रामीण

■ **कलेक्टर से लगाई गुहार**

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। नगर से लगे ग्राम पंचायत कोड़ेजुंगा में इंदिरा आवास योजना में बने मकानों को तोडऩे के लिए शासन का नोटिस मिलते ही ग्रामीण अपने घर को बचाने की फरियाद लेकर सोमवार को कलेक्टर से गुहार लगाई।

ग्रामीणों ने बताया कि नगर से निकलने वाली कचरा को ग्रामीण क्षेत्र में फेंके जाने का विरोध करने पर तहसीलदार और पटवारी के द्वारा ग्रामीणों के साथ दूर्व्यवहार करते हुए मकान को तोड़वाने की धमकी दिया गया था। जिसके कुछ दिन बाद तहसीलदार के द्वारा जेसीबी लेकर मकान तोडऩे के लिए पहुंचे तो ग्रामीणों ने विरोध किया तो उनको तहसील में 40 हजार रूपये जमा करने के लिए कहा और वहां से चले गए । ग्रामीणों ने बताया कि इंदिरा आवास योजना के तहत 2009-10 में शासकीय सहायता राशि आबंटित किया गया था एवं ग्राम पंचायत के द्वारा हितग्राहियों को भूमि आबंटित किया गया था जिसमें मकान बनाकर वर्षो से निवास कर रहे थे। उक्त भूमि का जूर्माना भी हितग्राहियों ने जमा कर दिया था जिसके बाद भी दो दिन पहले मकान तोडऩे का नोटिस मिलते ही ग्रामीणों में हडक़ंप मच गया और इस संबध में ग्राम में बैठक आयोजित कर सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए गुहार लगाई कि मकान से बेदखल किया जाता है या उसे तोड़ दिया जाता है तो गरीब ग्राम वासी बेघर हो जाएंगे। नोटिस में सात दिन के अंदर मकान खाली करने निर्देश दिया गया है। उक्त हितग्राहियों को शासन स्वयं मकान बनाकर निवास करने सहायता राशि स्वीकृत आबंटित कि गई और दूसरी तरफ मकान तोडऩे का आदेश जारी किया गया है। ग्रामाणों ने कहा कि यदि उनका मकान तोड़ा जाता है तो समस्त ग्रामवासी आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे। इस दौरान ग्रामीण भागीरथी, अकालु, तीजूराम, रामनाथ, पीलाराम, हीरालाल, कलानाथ, राधा नेताम, सिलोबाई, सुकेश्वरी के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

मुख्य मार्ग की जर्जर स्थिति को देख नगरवासी पहुंचे एसडीएम के द्वार

■ **ज्ञापन सौंप सड़क निर्माण की रखी मांग**

सक्ती। वार्ड नंबर 1 की सड़क की हालत बद से बदतर होती जा रही है। सड़क की जर्जर स्थिति को देख अब तो जानवर भी गुजरने से परहेज करने लगे है।

ज्ञात हो कि वार्ड नंबर 1 से होते हुए राजापारा, अग्रसेन चौक, बीएसएनएल कार्यालय तक कि सड़क की स्थिति इतनी ज्यादा दयनीय हो गई है कि वाहन तो दूर अब पैदल चलना भी पूरी तरह से दूभर हो गया है। यह कहना अतिसंयोक्ति नही है कि इंसान तो दूर अब जानवर भी इस सड़क में चलने से परहेज करने लगे है। सड़क की दयनीय स्थिति को देखते हुए आज शहर के प्रभुद्ध नागरिकों ने सक्ती एसडीएम डॉ सुभाष सिंह राज को ज्ञापन सौंप अनुरोध किया कि जल्द से जल्द शहरवासियों को इस जर्जर सड़क से निदान दिलाएं। ज्ञापन देने विधायक प्रतिनिधि आनंद अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय रामचन्द्र, पार्षद ईश्वर लोधी, गोविंद निराला, सागर सहिस, राम संजीवन, धनंजय नामदेव सहित कसेर पारा के सैकड़ो नागरिक उपस्थित थे।

'उठाव न होने सूख रहा धान समितियों पर क्षति का खतरा'

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। सोमवार को धान परिवहन की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे लैम्पस अध्यक्षों ने बताया कि जिले के सहकारी समितियों के अंतर्गत उपार्जन केंन्द्रों द्वारा वर्ष 2019-20 में शासन की उपार्जन निती के आधार पर उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से संम्पादन किया गया। किन्तु शासन की निती के अनुसार परिदान की व्यवस्था भी किया जाना था लेकिन निती अनुसार उपार्जित धान का बफर लिमिट निर्धारण तैयार किया गया। जिसके अनुसार बफर लिमिट से अधिक होने पर खरीदी केन्द्रों से 72 घंटे के अंदर उठाव किया जाना था। समय सीमा में धान का उठाव नहीं होने से धान के वजन में कमी आ रही है जिससे समिति को आर्थिक क्षति का नुकसान हो रहा है। छग. खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी धान खरीदी निती में धान उपार्जन कार्य हेतु नियुक्त एजेंसी को भारत शासन द्वारा निर्धारित माप दंडो के आधार पर प्रसांगिक व्यय के उपरांत भी यदि हानि होती है तो हानि की प्रतिपूर्ति करने का शासन के द्वारा निर्देश दिया गया है।

इस दौरान लैम्पस अध्यक्षों ने कलेक्टर से गुहार लगाते हुए कहा कि धान उपार्जन केंन्द्रों से धान का उठाव विलंम्ब होने के कारण धान सुखती जा रही है जिससे कि समिति को आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। एक ट्रक में करीब 5-7 क्विंटल धान सुखने के कारण वजन कम हो रहा है। जिसकी नियमानुसार छतिपूर्ति प्रदान किया जाए। वर्तमान में समितियां आर्थिक क्षति वहन करने की स्थ्ती में नहीं है। क्षतिपूर्ति नहीं मिलती है तो आगामी वर्षों से धान उपार्जन का कार्य कर पाना संभव नहीं है। इस दौरान अविनाश ठाकुर, अंकालुराम पवार, रमल कोर्राम, रामसुमन उइके, जयराम मरकाम, श्रवण उइके, राम बघेल, कल्याण पोटाई, घनाराम साहू, तुलसीराम नेताम, कचरा बाई , प्यारी सलाम, ईश्वर लाल कडिय़ाम आदि उपस्थित थे।

नया बस स्टैण्ड के पास गार्डन में बनेगा गढ़कलेवा

कांकेर। जिला मुख्यालय कांकेर के नया बस स्टैण्ड के सामने स्थित गार्डन में गढ़कलेवा की स्थापना की जाएगी, जहॉ पर लोगों को छत्तीसगढ़ी व्यंजन का आनंद उठाने का मौका मिलेगा। जिले के कलेक्टर श्री के.एल. चौहान ने आज अधिकारियों के साथ गढ़कलेवा संचालित करने के लिए उपयुक्त स्थल का चयन करने हेतु शहर के विभिन्न स्थलों जैसे- घड़ी चौक, डंडिया तालाब के पास चौपाटी स्थल और नया बस स्टैण्ड के सामने स्थित गार्डन का अवलोकन करने के बाद गढ़कलेवा संचालन के लिए नया बस स्टैण्ड के गार्डन का चयन किया गया। निरीक्षण के दौरान कांकेर के एसडीएम उमाशंकर बंदे, आदिवासी विकास विभाग के उपायुक्त विवेक दलेला, मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल उईके, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सी.एस. मिश्रा, आकांक्षी जिला फेलो अंकित पिंगले एवं नेहा सिंह भी मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि गढ़कलेवा में छत्तीसगढ़ी व्यंजन जैसे- दाल-भात, रोटी, सब्जी, चिला रोटी, ठेठरी, खुर्मी, फरा, अरसा, लडडू, रखिया बरी, कोंहड़ा बरी, मुरई बरी, उड़द दाल, मूंग दाल और साबूदाना के पापड़, मसाला युक्त मिर्ची, बिजौरी, लाइ बरी सहित मड़िया पेज एवं अन्य छत्तीसगढ़ी व्यंजन उपलब्ध होंगे।

राजनीति विज्ञान, रसायन शास्त्र की परीक्षा संपन्न

■ **नकल का एक प्रकरण दर्ज**

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चापा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित कक्षा बारहवीं बोर्ड की सोमवार को आयोजित राजनीति विज्ञान और रसायन शास्त्र विषय की परीक्षा में नकल का एक प्रकरण दर्ज किया गया। इस परीक्षा के लिए 20 हजार 249 विद्यार्थियों का पंजीयन किया गया था। इनमें से 19 हजार 758 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 492 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। आज संपन्न उक्त विषयों की परीक्षा में जिले के विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत नकल का एक प्रकरण दर्ज किया गया। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैजैपुर परीक्षा केंद्र में नकल का एक प्रकरण दर्ज किया गया। इसी प्रकार 14 मार्च को हाई स्कूल सर्टिफिकेट के सामान्य अंग्रेजी विषय की कक्षा दसवीं की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुयी। इस परीक्षा में नकल का कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया गया। सामान्य अंग्रेजी की परीक्षा में 30 हजार 136 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 29 हजार 119 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इस परीक्षा में 395 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

आदेश के 24 घंटे...

ही में राज्य शासन ने वक्त के पहले ही सुब्रत साहू को प्रमुख सचिव से प्रमोट करते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव बनाया था। उन्हें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का विश्वस्त अधिकारी माना जाता है। जब वह मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में चुनाव आयोग में प्रतिनियुक्ति पर थे, तब भी यह चर्चा थी कि उन्हें मुख्यमंत्री का प्रमुख सचिव बनाया जा सकता है. प्रतिनियुक्ति खत्म होने के बाद मंत्रालय में उनकी वापसी तो हुई, लेकिन दूसरी जिम्मेदारी सौंप दी गई थी। बीते दिन राज्य में हुए तमाम घटनाक्रमों के मद्देनजर प्रशासनिक तंत्र में भूपेश सरकार ने बड़ा बदलाव किए जाना तय किया था। ताजा बदलाव में सुब्रत साहू पर भरोसा जताते हुए उन्हें उन्हें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने सचिवालय में ले आए।

मंत्री सिंहदेव रास...

चुनाव है। जिन राज्यों में चुनाव है उनमें- महाराष्ट्र (7), ओडिशा (4), तमिलनाडु (6) और पश्चिम बंगाल (5) की सीटें दो अप्रैल को खाली हो रही हैं। इसके अलावा आंध्र प्रदेश (4), तेलंगाना (2), असम (3), बिहार (5), छत्तीसगढ़ (2), गुजरात (4), हरियाणा (2), हिमाचल प्रदेश (1), झारखंड (2), मध्य प्रदेश (3), मणिपुर (1) और राजस्थान (3) की सीटें शामिल है।

फ्लोर टेस्ट पर...

को नोटिस ईमेल और व्हाट्सएप के जरिये भेजे जाएंगे। सोलह बागी विधायकों की अर्जी एवम याचिका की कॉपी भी पक्षकारों को ईमेल के जरिए भेजी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने लिखा...

के समक्ष लंबित है। विधानसभा नियमावली के अनुसार अध्यक्ष इस पर कार्यवाही करेंगे, तो अपने आप यह सिद्ध हो जाएगा कि हमारा विधानसभा में बहुमत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे बार बार अपने पत्रों के माध्यम से एवं व्यक्तिगत मुलाकात के दौरान भी असाधारण स्थिति के बारे में अवगत कराते आ रहे हैं कि कांग्रेस के 16 विधायकों को बंगलूर में भाजपा नेताओं ने बंदी जैसी स्थिति में रखा है। उन्हें भोपाल आने से भी रोका जा रहा है। कमलनाथ ने राज्यपाल को आश्वस्त करते हुए लिखा है कि वे राज्य के बंदी बनाए गए 16 कांग्रेस विधायकों को स्वतंत्र होकर पांच सात दिन खुले वातावरण में बिना किसी डर दबाव अथवा प्रभाव के उनके घर रहने दीजिए, ताकि वे स्वतंत्र मन से अपना निर्णय ले सकें। उन्होंने लिखा है 'आपका यह मानना है कि 17 मार्च तक मध्यप्रदेश विधानसभा में, मैं फ्लोर टेस्ट करवाऊं और अपना बहुमत सिद्ध करूं, अन्यथा यह माना जाएगा कि मुझे वास्तव में विधानसभा में बहुमत प्राप्त नहीं है, पूर्णतः आधारहीन होने से असंवैधानिक होगा।' मुख्यमंत्री ने लिखा है 'मुझे यह ज्ञात हुआ है कि भाजपा के नेतागणों ने न्यायालय में भी याचिका दायर की है। इन सारे तथ्यों के प्रकाश में मैंने आपके निर्देश को विधानसभा अध्यक्ष को समुचित निर्णय हेतु अग्रेषित कर दिया है। मैं इस पत्र की भी एक प्रति उन्हें अंकित कर रहा हूं।

बाकी विधायकों की...

पर कहा है कि उन्हें बंधक नहीं बनाया गया है। वे स्वेच्छा से आए हैं। ये विधायक बंगलूर से मध्यप्रदेश भी आना चाहते हैं और उन्होंने इसके लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य की कमलनाथ सरकार बहुमत साबित करने से भी बच रही है, क्योंकि उनके पास बहुमत नहीं है।

सभी अभियान बंद करे...

उन्होंने सांसदों का आह्वान किया कि वे अपने अपने क्षेत्रों में इस महामारी से बचने के लिए जागरूकता अभियान में भाग लें। मोदी ने कहा कि इस वक्त हमें किसी प्रकार की मतभिन्नता प्रकट नहीं करनी चाहिए और पूरी एकजुटता दिखाते हुए काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह संदेश पार्टी में नीचे तक जाना चाहिए और इसका गंभीरता से पालन होना चाहिए।

मीडिया को भी सराहा

प्रधानमंत्री कोरोना विषाणु के संक्रमण की महामारी से निपटने के लिए चिकित्सकों और नर्सों तथा हवाईअड्डों पर तैनात कर्मचारियों एवं अधिकारियों और सुरक्षा बलों की कर्त्तव्यपरायणता की प्रशंसा की। उन्होंने कोविड 19 के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया की भूमिका की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने सांसदों से आग्रह किया कि उन्हें मीडिया के प्रतिनिधियों से 'मिलना ही चाहिए।' क्योंकि मीडिया ने वाकई में बहुत ही सराहनीय भूमिका निभायी है।

अमेरिकी अर्थव्यवस्था...

वायरस के खत्म होने के बाद अर्थव्यवस्था में जबरदस्त उछाल आएगा। ट्रंप ने इसके अलावा सभी अमेरिकी नागरिकों से संकट की इस घड़ी में एक दूसरे के साथ मिल कर आवश्यक पदार्थों की कमी को दूर करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि हम सब एक साथ मिलकर मजबूत रहेंगे और इस चुनौती का सामना करेंगे। गौरतलब है कि कोरोना वायरस अबतक विश्व के 110 से अधिक देशों में अपने पैर पसार चूका है और इस वायरस के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था भी बुरी तरह से प्रभावित हुयी है।

पहले शपथ फिर...

सार्वजनिक तौर पर सवाल खड़े करके चर्चा में आए थे। इसके बाद वह चीफ जस्टिस बने और राम मंदिर से लेकर सबरीमाला सहित तमाम मामलों में ऐतिहासिक फैसले दिए। हालांकि, यह पहली बार नहीं है कि देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश राज्यसभा के सदस्य बनेंगे। इससे पहले देश के 21वें पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंगनाथ मिश्रा ओडिशा से कांग्रेस से राज्यसभा के सांसद बने थे और उनका कार्यकाल 1998 से 2004 था। रंगनाथ मिश्रा 25 सितंबर 1990 को सुप्रीम कोर्ट के चीफजस्टिस बने थे और 14 महीने बाद 24 नवंबर 1991 को रिटायर हुए थे। विपक्षी पार्टियों द्वारा रंजन गोगोई पर सवाल उठाए जाने के बाद काउंटर नैरेटिव के रूप में जस्टिस रंगनाथ मिश्रा को राज्यसभा का सदस्य बनाए जाने को लेकर भी सवाल उछाले जा रहे हैं।

संसद का बजट सत्र...

भाजपा संसदीय दल की बैठक में सूचित किया कि संसद का बजट सत्र बीच में समाप्त करने की कोई निर्णय नहीं हुआ है। दोनों सदनों की कार्यवाही तीन अप्रैल तक चलेगी। उल्लेखनीय है कि ऐसी अटकलें थीं कि कोरोना विषाणु के संक्रमण के कारण संसद में बड़ी संख्या में लोगों के आने को रोकने के लिए सरकार आम बजट पारित कराने के बाद संसद का चालू सत्र समय से पहले इसी सप्ताह अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर सकती है।

बचेली की शान शकुन शेंडे को मिला एक और सम्मान

■ **पूरे देश में कविता के माध्यम से बस्तर की बिखेर रही सुगंध, 'हिन्द देश रत्न' पुरुस्कार से हुई सम्मानित**

बचेली। मशहूर कवियत्री शकुन शेंडे को राष्ट्रीय साझा संकलन वीरों की धरती हिन्दुस्तान ' पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह के शुभ अवसर पर हिन्द देश रत्न पुरुस्कार से किया गया सम्मानित साथ ही प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर नवाज़ा गया। आपको बता दे की यह कार्यक्रम ÷नवोन्मेष रचना मंच रायगढ़ घरघोड़ा के सांई परिसर में आयोजित किया गया था। जिसमे देश भर के 27 राज्यों से साहित्यकार पधारे थे पुस्तक में शकुन शेंडे की देश भक्ति से पूरित 5 रचनाओं को स्थान मिला है। इसी अवसर पर कवि सम्मेलन में अपनी काव्य प्रस्तुति से भी कवियत्री ने उपस्थित जन समुदाय का मन मोह लिया और तालियों के रूप मे खूब तालियां बटोरी। शकुन शेंडे लगातार देश मे दंतेवाड़ा जिले एवं बचेली की पहचान बना रही है।

प्राथमिक शाला कौतुल की सहायक शिक्षिका निलंबित

कांकेर। कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के बालक आश्रम प्राथमिक शाला कौतुल में पदस्थ सहायक शिक्षिका (एल.बी.) श्रीमती मीरा देवी उसेण्डी को कलेक्टर श्री के.एल. चौहान ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधी में उनका मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अंतागढ़ नियत किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

जिला पंचायत में स्थायी समितियों के सभापति निर्वाचित

कांकेर। जिला पंचायत कांकेर के 08 समिति के सभापति व सदस्यों का सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचन किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यापालन अधिकारी एवं पीठासीन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे द्वारा निर्वाचन संपन्न कराया गया। जिला पंचायत के स्थायी समितियों में सामान्य प्रशासन समिति के सभापति जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हेमन्त ध्रुव सभी समितियों के पदेन सभापति एवं सदस्य निर्वाचित किये गये। इसी प्रकार जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री हेमनारायण गजबल्ला शिक्षा समिति के पदेन सभापित और कृषि समिति के सभापति नरोत्तम पडोटी, संचार तथा संकर्म समिति के सभापति नवली मीना मण्डावी, सहकारिता और उद्योग के सभापति श्रीमती मिथलेश शोरी, वन समिति के सभापति श्री दिलीप बघेल, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास समिति के सभापति श्रीमती अमिता उइके, स्वच्छता समिति के सभापति श्रांति बघेल को निर्वाचीत किये गये है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

अक्षरा का गाना मिलियन व्यूज क्लब में शामिल

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अभिनेत्री अक्षरा सिंह का नया गाना 'इधर आने का नहीं' मिलियन व्यूज क्लब में शामिल हो गया है। अक्षरा सिंह इन दिनों भोजपुरी म?यूजिक इंडस?ट्री में छायी हुईं हैं। उनके हर गाने, हर शोज और फि?मों को लेकर दर्शकों में गजब की दीवानगी है। इस साल में अब तक रिलीज उनके सभी गानों को भोजपुरी ऑडियंस ने खूब प?यार दिया है अक्षरा का एक टिक टॉक रैप गाना 'इधर आने का नहीं' रिलीज के साथ ही वायरल हो गया था और अब यह मिलियन व?यूज व?लब में भी शामिल हो गया है। इससे पहले उनका एक और होली स?पेशल टिक टॉक गाना वायरल हुआ था, जिसके बाद अब यह गाना भी सोशल मीडिया पर धमाल मचा रहा है।

फूल और कांटे का रीमेक बनायेंगे अजय देवगन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन अपनी सुपरहिट फिल्म फूल और कांटे का रीमेक बनाना चाहते हैं। अयज देवगन ने वर्ष 1991 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म फूल और कांटे से बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत की थी। बॉलीवुड में इन दिनों रीमेक फिल्मों का चलन जोरों पर है। अजय देवगन से पूछा गया कि वह अपनी किसी एक फिल्म का रीमेक बनाना चाहेंगे। अजय ने 'फूल और कांटे' का नाम लिया है। अजय देवगन का कहना है कि मैं फूल और कांटे को प्रोड्यूस करना चाहूंगा। इसे किस तरह से पेश किया जाएगा वो मैंने सोच रखा है।

करिश्मा की बेटी समायरा ने किया एक्टिंग डेब्यू

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर की बेटी समायरा कपूर ने एक्टिंग डब्यू कर लिया है। करिश्मा कपूर की बेटी समायरा कपूर ने अपना एक्टिंग में डेब्यू कर दिया है। समायरा कपूर ने शॉर्ट फिल्म दौड़ से एक्टिंग की शुरुआत की है। फिल्म को चंकी पांडे की बेटी रीसा पांडे ने डायरेक्ट किया है। करिश्मा की बेटी समायरा के साथ संजय कपूर के छोटे बेटे जहान कपूर ने भी एक्टिंग डेब्यू किया है। चंकी पांडे ने इस फिल्म को प्रोडयूस किया है। करीब साढ़े सात मिनट की शॉर्ट फिल्म 'दौड़' मुंबई की एक गरीब घर की बेटी 'मीरा' की मुख्य भूमिका वाली कहानी है। मीरा मुंबई की लोकल में पेंसिंल बेचा करती है।

गोविंदा ने रणवीर सिंह को बताया इंडस्ट्री का अगला सुपरस्टार

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा ने रणवीर सिंह को फिल्म इंडस्ट्री का अगला सुपरस्टार बताया है। एक अवॉर्ड समारोह के दौरान रणवीर सिंह से प्रशंसा पाने के बाद गोविंदा काफी भावुक हो गए। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर रणवीर सिंह को 'सुपरस्टार' कहा है। गोविंदा ने रणवीर सिंह के लिए कहा, 'मैं आपसे (एक अवार्ड शो में) मिला और मैंने आपका डांस देखा और जिस मूव के जरिए आपने मुझे सम्मान दिया, वह भी ध्यान में है। मेरे पास एक इंसान और अभिनेता के तौर पर आपकी प्रशंसा करने के लिए शब्द नहीं हैं। सम्मान के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद और मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि आप इस उद्योग के अगले सुपरस्टार बनें।' गोविंदा ने कहा, ÷मैंने यह पहले भी कहा है और मैं आपको अपनी फिल्मों के माध्यम से भारत का सुपरस्टार बनते देख रहा हूं। मुझे अच्छा लगता है आपको चमकते और ऊंचे उठते हुए देखना। भगवान आप पर कृपा करें और ढेरों शुभकामनाएं।''

रण का दूसरा लुक रिलीज

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अभिनेत्री काजल राघवानी और अभिनेता आनंद ओझा की आने वाली फिल्म 'रण' का दूसरा लुक रिलीज कर दिया गया है। कात्यायन फिल्म्स क्रियेएशन (कात्यायन ग्रुप) के बैनर की भोजपुरी फिल्म 'रण' का निर्देशन चंद्र पंत कर रहे हैं, जिन्होंने फ़िल्म 'रण' की कहानी और स्क्रीनप्ले भी लिखी है। इस फ़िल्म के निर्माता अरूण कुमार मिश्रा और सह निर्माता ज्योति दिनेश पांडेय हैं। फिल्म का दूसरा लुक रिलीज कर दिया गया है। फिल्म के दूसरे लुक में काजल राघवानी का लुक दिखाया गया है, साथ में हैं उनके साथ आनंद ओझा भी हैं। फ़िल्म 'रण' के इस दूसरे लुक को लेकर आनंद ओझा ने संतोष व्यक्त करते हुये कहा कि यह फ़िल्म दर्शकों की उम्मीद से बढ़कर होने वाली है। फ़िल्म का पोस्टर जब इतना प्यार लग रहा है, तो सोचिए फ़िल्म कितनी खूबसूरत होगी। इसका थोड़ा और अंदाजा दर्शकों एवं भोजपुरी को प्यार करने वाले लोगों को जल्द ट्रेलर से लग जायेगा। अब आप दर्शकों से उम्मीद है कि आप मेरी फिल्म पूरे परिवार के साथ सिनेमाघरों में जाकर देखें। मुझे और मेरी फ़िल्म को खूब प्यार दें। मुझे आपके प्यार और आशीर्वाद पर भरोसा है। यह फ़िल्म आपको खूब एंटरटेन करेगी। काजल राघवानी ने फ़िल्म के अभिनेता आनंद ओझा और निर्देशक चंद्रपंत की तारीफकी और कहा कि दोनों अच्छे इंसान हैं। उनके साथ काम करके मजा आया। वे मेरे साथ सेट पर काफी सपोर्टिव रहे। फ़िल्म की पूरी टीम मजेदार थी, तभी जाकर हमने एक खूबसूरत फ़िल्म की शूटिंग पूरी की।



गायन में हाथ आजमायेंगी तारा सुतारिया

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री तारा सुतारिया अब गायन में भी हाथ आजमाने जा रही है। टीवी से अपने करियर की शुरूआत करने वाली तारा सुतारिया अब फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाती जा रही हैं। स्टूडेंट ऑफद ईयर-2 से अपने करियर की शुरुआत करने के बाद वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के अपोजिट मरजावां फिल्म में नजर आईं। तारा गाना भी बहुत अच्छा गाती हैं। अब वह गायन में भी हाथ आजमाने के लिए तैयार हैं। तारा सुतारिया ने कहा, मुझे लगता है कि मैं फिल्मों में गाना गाने जा रही हूं। पिछले कुछ समय से ऐसा करने की कोशिश कर रही थी। अब मुझे गाने का मौका मिल रहा है और मैं इस बात को लेकर काफी उत्साहित हूं। मैं एक विलेन 2 में गाना गा सकती हूं।

न्यू साउथ वेल्स बनी शेफील्ड शील्ड की विजेता

मेलबोर्न। दुनियाभर में फैले खतरनाक कोरोना वायरस के कारण ऑस्ट्रेलिया की घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता शेफील्ड शील्ड को रद्द करने के बाद न्यू साउथ वेल्स टीम को इसका विजेता घोषित किया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए शेफील्ड शील्ड को रद्द करने का फैसला किया था जिसके कारण इसका फाइनल मुकाबला रद्द हो गया था। फाइनल मुकाबला 27 मार्च को खेला जाना था। शेफील्ड शील्ड के 10 में से नौ राउंड पूरे हो चुके थे और न्यू साउथ वेल्स नौ मैच में छह जीत के साथ 51 अंक लेकर पहले तथा विक्टोरिया 38 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर था। लेकिन शीर्ष पर रहने के कारण न्यू साउथ वेल्स को विजेता घोषित कर दिया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी केविन रोबर्टस ने कहा,÷दुनियाभर में फैले कोरोना वायरस के खतरे के कारण क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने खिलाड़ियों, स्टाफ, मैच अधिकारी और प्रशंसकों की सुरक्षा के मद्देनजर इस बार का शेफील्ड शील्ड का सत्र रद्द करने का फैसला किया था। यह बहुत कठिन फैसला था लेकिन हालात को देखते हुए सही फैसला था।÷ उन्होंने कहा कि अंक तालिका में शीर्ष पर रहने के कारण शेफील्ड फील्ड जीतने पर मैं न्यू साउथ वेल्स की टीम को बधाई देता हूं।

धोनी की वापसी का भरोसा नहीं: सहवाग

धोनी की जगह टीम में दो युवा विकेट कीपर बल्लेबाज, टीम में जगह मुश्किल

भारतीय क्रिकेट के धुरंधर बल्लेबाजों में शुमार रहे वीरेंद्र सहवाग ने मंगलवार को कहा कि उन्हें नहीं लगता कि आगामी आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन करने पर भी पूर्व कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी की टीम इंडिया में वापसी हो सकेगी।

अहमदाबाद (वार्ता)। यहां अपने ब्रांड वीएस के पहले स्टोर के उद्घाटन के लिए आये सहवाग ने पत्रकारों से कहा कि आईपीएल में प्रदर्शन के जरिये टीम इंडिया में धोनी की वापसी उन्हें लगभग असंभव लगती है। पहली बात तो यह है कि एक बार जब चयनकर्ता किसी खिलाड़ी को छोड़ कर आगे बढ़ जाते हैं तो आम तौर पर उसकी वापसी बहुत मुश्किल होती है। सहवाग ने साथ ही कहा,÷दूसरी बात यह है कि अगर यह मान भी लिया जाये कि वह आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन कर देते हैं तो वह टीम इंडिया में किसकी जगह लेंगे। उनकी जगह आये रिषभ पंत और अभी विकेटकीपिंग कर रहे लोकेश राहुल को हटा कर उनकी जगह ले पाना तो उनके लिए अब लगभग असंभव है। खास कर राहुल का जैसा प्रदर्शन है, उसे देखते हुए धोनी को उनकी जगह लेने की बात भी नहीं सोची जा सकती।÷

कप्तान विराट कोहली के खराब फार्म के बारे में पूछे जाने पर सहवाग ने कहा कि हर खिलाड़ी के करियर में अच्छा और बुरा दौर आता है। रिकी पोंटिंग और स्टीव वॉ भी ऐसे दौर से गुजरे थे। विराट की तकनीक या खेलने के अंदाज में उन्हें कुछ खामी नजर नहीं आ रही। अलबत्ता उन्होंने इंगलैंड में चार टेस्ट की सीरिज में और अब पिछले समय में न्यूजीलैंड में कुछ ढीला प्रदर्शन किया। इसमें किस्मत और अन्य बातें भी शामिल होती हैं। जब भारत में फिर से श्रृंखला होगी या आगामी आईपीएल में वह निश्चित तौर पर फार्म में वापसी करेंगे।

सहवाग ने कहा कि टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड में बेशक खराब प्रदर्शन किया लेकिन हार्दिक पांड्या जैसे आलराउंडर की टीम में वापसी से आस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी-20 विश्वकप में भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी। उन्होंने हालांकि कहा कि टी-20 मैच में एक खिलाड़ी भी रूख बदल देता है इसलिए इसके मैचों में किसी टीम विशेष को दावेदार नहीं कहा जा सकता।

घरेलू क्रिकेट विशेष तौर पर रणजी ट्राफी में पहले की दिग्गज टीमों मुंबई और दिल्ली की अब कमजोर स्थिति तथा गुजरात और इस बार की विजेता सौराष्ट्र आदि के बेहतर प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर सहवाग ने कहा कि छोटी टीमों के कम खिलाड़ी भारतीय टीम में खेलते हैं इसलिए उन्हें चोट का खतरा कम होता है और पूरे टूर्नामेंट में टीम एक जैसी रहती है जबकि दिल्ली, मुंबई जैसी टीमों के बड़े खिलाड़ी अक्सर चोटिल होते हैं या खेलने के लिए उपलब्ध भी नहीं होते।

इंग्लैंड के हेल्स संक्रमित पीएसएल का प्लेऑफ स्थगित

लाहौर (वार्ता)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कोरोना वायरस के खतरे और एक विदेशी खिलाड़ी के कोरोना से संक्रमित होने के चलते पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के प्लेऑफ मैचों को मंगलवार को स्थगित कर दिया।

पीसीबी ने हालांकि संक्रमित हुए विदेशी खिलाड़ी के नाम का खुलासा नहीं किया है लेकिन रिपोर्टों में यह दावा किया जा रहा है कि इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स कोरोना के लिए पॉजिटिव पाए गए हैं। हेल्स इस टूर्नामेंट में कराची किंग्स की तरफ से खेल रहे थे। पीसीबी ने यह पुष्टि की है कि एक विदेशी खिलाड़ी कोरोना से संक्रमित है और वह पाकिस्तान से जा चुका है। लेकिन इस विदेशी खिलाड़ी की पहचान इंग्लैंड के हेल्स के रुप में की गयी है। 31 वर्षीय हेल्स ने इंग्लैंड पहुंचने के बाद खुद को अलग-थलग कर लिया है।

पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर और अब कंमेटेटर रमीज राजा ने दावा किया है कि पॉजिटिव पाया गया खिलाड़ी इंग्लैंड का हेल्स है। गल्फ न्यूज के अनुसार सभी खिलाड़ियों और प्रसारक दल के सदस्यों का एहतियातन टेस्ट किया जा रहा है।

रमीज राजा ने मंगलवार को दावा किया कि हेल्स में कोरोना के लक्षण दिखायी दिए थे। उन्होंने यह बयान पीएसएल के प्लेऑफ मैचों को स्थगित किए जाने के बाद लाहौर में मीडिया को दिया। राजा ने कहा,÷जहां तक मुझे पता है कि हेल्स का अभी टेस्ट नहीं हुआ है और हम यह नहीं जानते हैं कि जो लक्षण दिखाई दिए हैं वे कोरोना के हैं या नहीं। लेकिन हम सभी को बहुत सावधान रहने की जरुरत है और सभी को मिलकर इस समस्या से लड़ना होगा। पीएसएल के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले 17 मार्च और फाइनल मैच 18 मार्च को लाहौर में खेला जाना था लेकिन कोरोना वायरस के कारण इसे स्थगित करने का फैसला किया गया है। पीसीबी ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि फिलहाल के लिए टूर्नामेंट को स्थगित किया गया है।

विराट एक पत्रकार के सवाल पर भड़क गए थे, विवाद खड़ा न करने की दी सलाह

हमें विराट जैसे कप्तान की जरूरत है : मदन

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) क्रिकेट सलाहकार समिति के प्रमुख मदल लाल ने कप्तान विराट कोहली के आक्रामक व्यवहार का बचाव करते हुए कहा है कि वह उनके इस व्यवहार का आनंद लेते हैं और टीम को विराट जैसे कप्तान की जरुरत है।

हाल ही में संपन्न हुए न्यूजीलैंड दौरे के दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच के दौरान न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन का विकेट गिरने के बाद उत्साहित विराट कुछ अपशब्द कहते पाए गए थे। यह घटना कैमरे में कैद हुई थी और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था।

मदन ने कहा,÷मुझे नहीं पता क्यों भारत में लोग विराट को शांत रहने के लिए बोलते हैं। पहले तो लोग चाहते थे कि हमें आक्रमक कप्तान मिले और अब चाहते हैं कि विराट अपने गुस्से पर काबू रखें। वह जिस तरह मैदान में रहते हैं उसे मैं बेहद पसंद करता हूं। पहले लोग कहते थे कि भारतीय आक्रामक नहीं होते हैं और अब इस पर सवाल उठा रहे हैं और कह रहे हैं कि इतनी आक्रामकता की क्या जरुरत है। मैं विराट के इस व्यवहार का आनंद लेता हूं और हमें उनके जैसे कप्तान की सख्त जरुरत है। भारत को न्यूजीलैंड के हाथों तीन मैचों की वनडे सीरीज 0-3 से और दो मैचों की टेस्ट सीरीज 0-2 से गंवानी पड़ी थी।

साई के केंद्र बंद, ट्रेनिंग निलंबित, लेकिन ओलिंपिक तैयारी जारी

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने कोरोना वायरस के खतरे के चलते अपने सभी राष्ट्रीय केंद्रों को बंद कर दिया है और ट्रेनिंग निलंबित कर दी है। लेकिन उसके केंद्रों में ओलंपिक की तैयारी जारी रहेगी।

नई दिल्ली (वार्ता)। साई ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि उसने अपने सभी राष्ट्रीय केंद्रों और साई ट्रेनिंग सेंटर में कोरोना को रोकने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। राष्ट्रीय केंद्रों और ट्रेनिंग सेंटर में अकादमिक ट्रेनिंग तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए निलंबित कर दी गयी है। हालांकि हॉस्टल सुविधाएं 20 मार्च तक के लिए खुली रहेंगी ताकि एथलीटों को असुविधा ना हो।

सभी राष्ट्रीय शिविर स्थगित कर दिए गए हैं और केवल वही शिविर खुले हैं जहां एथलीट ओलंपिक की तैयारियां कर रहे हैं। जिन एथलीटों की अगले कुछ दिनों में परीक्षा है उन्हें केंद्र में रहने की अनुमति रहेगी ताकि वे अपने परीक्षा दे सकें। लेकिन यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी स्वास्थ्य प्रक्रियाओं का पूरी तरह पालन किया जाए जिससे केंद्र में रुकने वाले एथलीटों को कोई संक्रमण ना हो। अन्य सभी प्रशिक्षुओं को उनके माता-पिता को सूचना देने के बाद घर भेज दिया गया है। जिनके घर केंद्र से 400 किलोमीटर के दायरे में हैं उन्हें एसी थ्री टियर का ट्रेन टिकट दिया गया है और जिनके घर 400 किलोमीटर से आगे हैं उन्हें हवाई यात्रा का टिकट दिया गया है।

राजस्व मंत्री के प्रयास से एसईसीएल ने सड़कों के लिए 200 करोड़ की दी मंजूरी

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। एसईसीएल ने सड़कों के लिए 200 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इस राशि से कोल परिवहन जिन सड़कों से होता है उनका चौड़ीकरण व नई बाइपास सड़क बनाई जाएगी। कोरबा की सड़कों की स्थिति जल्द ही बदलेगी। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा है कि उनका लक्ष्य है कि कोरबा शहर के प्रमुख हिस्सों से औद्योगिक परिवहन करने वाले भारी वाहन न गुजरें और जल्द ही इस लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा।

कोरबा शहर से गुजरने वाले 80 प्रतिशत कोयला परिवहन करने वाले वाहन कोरबा पश्चिम, कुसमुंडा, बांकीमोंगरा, गेवरा-दीपका की खदानों से आना-जाना करते हैं। राजस्व मंत्री ने लंबे अरसे से कोरबा शहर को इन वाहनों से मुक्त कराने के लिए संबंधित विभागों से न केवल बातचीत की बल्कि मंत्री बनने के बाद से वे समीक्षा बैठकों में भी इस मुद्दे को प्रमुखता से रखते रहे हैं। साथ ही विधायक रहते हुए उन्होंने इसके लिए आंदोलन किया था। सांसद ज्योत्सना महंत के साथ उन्होंने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से 7 माह पहले मुलाकात कर कटघोरा, कोरबा, चांपा हाईवे के निर्माण की बात रखी थी। इस सड़क के निर्माण के लिए अब निविदा प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है। इधर कलेक्टर किरण कौशल भी निरंतर यहां के औद्योगिक उपक्रमों तथा संबंधित विभागों से सड़कों की स्थिति को लेकर चिंता जताती रही हैं व उन्हें ठीक करने के लिए निर्देशित करती रही हैं। कुछ माह पूर्व केन्द्रीय कोयला सचिव अनिल जैन जब यहां आए थे। तब उन्होंने भी एसईसीएल के अधिकारियों को यहां के जनप्रतिनिधियों की मंशा के अनुरूप लोगों के सुरक्षित यातायात व कोल परिवहन के वैकल्पिक मार्ग के लिए काम करने कहा था। अब जाकर एसईसीएल ने सड़कों के लिए 200 करोड़ की बड़ी राशि मंजूर की है। इसके अलावा सीएसईबी चौक से दर्री बराज तक फोरलेन का काम जारी है। कटघोरा से गोपालपुर, दर्री बराज होते हुए रुमगरा बालको से रिस्दी चौक होकर बरमपुर होते हुए कोरबा चांपा मुख्य मार्ग भी जुड़ जाएगा।

एसईसीएल के सहयोग से बनेंगी ये सड़कें

- सर्वमंगला चौक से इमलीछापर चौक तक 53.36 करोड़ रुपए की लागत से फोरलेन सीसी रोड का निर्माण, दूरी 5.55 किलोमीटर.
- हरदीबाजार से तरदा होकर सर्वमंगला मंदिर तक 145.84 करोड़ रुपए की लागत से टू लेन रोड का निर्माण, दूरी 21.64 किलोमीटर।

7 शराबी वाहन चालकों पर 72000 का ठोका जुर्माना

कोरबा। यातायात पुलिस द्वारा लोगों को यातायात नियमों का बखूबी पालन करने बार-बार निर्देश दिए जाते हैं लेकिन लोग इसके बाद भी हरकतों से बाज नहीं आते हैं और यातायात नियमों को ताक में रखकर वहान को बेहतर तेज दौड़ आते हैं तो शराबी चालक मनमौजी ढंग से वाहनों को दबाते हैं जिसकी वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होती है पुलिस अधीक्षक जितेन सिंह मीणा के निर्देश पर सोमवार को यातायात प्रभारी श्याम सिदार सूबेदार भुवनेश्वर कश्यप उनकी पूरी टीम ने सीएसईबी चौक में यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले चालकों पर सख्ती से कार्यवाही की और इस दौरान साथ शराब के नशे में वाहन दौड़ा रहे चालकों को रंगे हाथों पकड़ा गया है और उन्हें सीधे न्यायालय में पेश किया गया न्यायालय ने सभी सातों शराबी चालकों पर ?72000 का जुर्माना ठोका है वही 1 दिन के भीतर ही यातायात पुलिस ने कुल 42 वाहन चालकों के खिलाफ कर लगभग ?80000 बतौर जुर्माना वसूल किया है यातायात पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले चालकों में हड़कंप मचा हुआ है यातायात प्रभारी ने बताया कि कारवाही निरंतर जारी रहेगी नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी खासतौर पर विशेष निगरानी की जा रही है ताकि हादसों को रोका जा सके।

बैंक मैनेजर द्वारा किशोरी से व्हाट्सएप पर फोटो मांगने का मामला

जांच अधिकारी ने पीड़िता की मां का बयान दर्ज किया

- बैंक मैनेजर के खिलाफ हो कार्रवाई : पीड़िता की मां

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर /जनकपुर । कोरिया जिले के भरतपुर विकासखंड अंतर्गत स्तिथ बैंक में खाता खुलवाने के नाम पर बैंक मैनेजर जनकपुर द्वारा रात्रि किशोरी से व्हाट्सएप पर फ़ोटो मांगने के मामले में बैंक प्रबंधन ने कार्यवाही करना शुरू कर दिया है। पीड़िता किशोरी की माँ के द्वारा बैंक के रायपुर हेड आफिस में शिकायत करने के बाद ग्रामीण बैंक के जांच अधिकारी महेंद्र सिंह जनकपुर पहुंचे और पीड़िता किशोरी के घर जाकर पीड़िता की माँ व शिकायतकर्ता का बयान लिया। बयान में पीड़िता की माँ ने बैंक मैनेजर के करतूतों की जानकारी जांच अधिकारी को दी। पीड़िता की माँ ने जांच अधिकारी को बताया कि बैंक मैमेजर द्वारा उनकी बेटी के व्हाट्सएप नम्बर पर रात 12 बजे मैसेज कर फ़ोटो की मांग की गई थी। जिसकी शिकायत उन्होंने ग्रामीण बैंक के रायपुर कार्यालय में की थी।

यह है मामला: जनकपुर के ग्रामीण बैंक में एक किशोरी 27 फरवरी को खाता खुलवाने के फार्म भरने गयी थी। किशोरी ने फार्म में अपना मोबाइल नम्बर भी लिखा था। किशोरी के फार्म से मोबाइल नम्बर लेकर बैंक मैनेजर ने रात 12 बजे किशोरी के नम्बर पर व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर फ़ोटो मांगी। इतना ही नही रात 12 बजे मैसेज कर पूछा कैसी हो। इस पूरे मामले की जानकारी किशोरी ने अपनी माँ को दी तो जब उसने बैंक मैनेजर को इस बात को लेकर फटकार लगाई तो बैंक मैनेजर मानवता के नाते माफ करने की बात कहकर गिड़गिड़ाने लगा। इसके बाद किशोरी की माँ ने रायपुर के ग्रामीण बैंक मुख्यालय के उच्चाधिकारियों को इस पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए बैंक मैनेजर के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही।

बैंक मैनेजर पर गिरेगी गाज

छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के जांच अधिकारी ने नाम न छापने के मुताबिक बैंक के रायपुर स्थित मुख्य कार्यालय में इस पूरे घटनाक्रम के साक्ष्य मौजूद है। जिनमे व्हाट्सएप चैट के स्क्रीनशॉट और कॉल रिकॉर्डिंग का ऑडियो बैंक प्रबंधन के पास है। अब देखना यह है कि पीड़िता की माँ के बयान के बाद कब तक बैंक प्रबंधन जनकपुर शाखा के बैंक मैनेजर अमित प्रसाद के खिलाफकार्यवाही करता है।

पीड़िता की मां पर बना रहे थे दबाव

सूत्रों की माने तो बैंक मैनेजर के खिलाफबयान न देने को लेकर पीड़िता की माँ पर दबाव बनाया जा रहा था। बैंक मैनेजर ने जनकपुर के रसूखदार लोगो और जनप्रतिनिधियों को अपने पक्ष में करकर बैंक मैनेजर के पक्ष में गवाही देने की बात करी जा रही थी। वही पैसे को लेकर मामले को रफा दफा करने की भी बात सामने आ रही थी। लेकिन पीड़िता की माँ ने उसकी बेटी के साथ जो घटनाक्रम हुआ वही बयान बैंक के जांच अधिकारी को दर्ज कराया है।

आत्महत्या करने पेड़ पर चढ़ गया युवक

- पुलिस ने 500 रुपए के नोट दिखाकर दिया लालच, बचाई जान
- जांजगीर जिले के मुलमुला थाना इलाके के गांव चोर भट्टी की घटना

जांजगीर। जिले में एक युवक आत्महत्या की कोशिश करने लगा। खुद को मार डालने के मकसद से वह गांव के पेड़ पर चढ़ गया और नीचे कूदने की धमकी देने लगा। परिजनों ने जब युवक को ऐसा करते देखा तो डायल 112 की टीम को सूचित किया। पुलिस की टीम मौक पर पहुंची और युवक को रुपयों का लालच देकर पेड़ ने नीचे उतारा। पुलिस टीम ने युवक को 500 रुपए के नोट देने का वादा किया। कुछ देर में बातों में उलझाए रखा और पेड़ से नीचे उतारने में जवान कामयाब रहे।

यह पूरी घटना मंगलवार की सुबह जिले के मुलमुला थाने के चोरभट्ठी गांव में हुई। अमर कुमार कश्यप ने बताया कि उसके फुफेरे भाई चंदन की दिमागी हालत ठीक नहीं है। उसका इलाज बिलासपुर के मेन्टल हॉस्पिटल सेंदरी में चल रहा है। अचानक पर पेड़ पर करीब 70 फिट ऊपर चढ़कर नीचे कूदने की बातें करने लगा। पुलिस की टीम ने जब चंदन को नीचे उतारा तब उसके शरीर पर पेड़ पर चढ़ने की वजह से छिलने के निशान थे। युवक को परिजनों को सौंपा गया है। इस रेस्क्यू में अकलतरा से भी पुलिस के जवान मदद करने पहुंचे थे।

कोरोना के चलते स्कूल,कॉलेज तो हो गए हैं बंद लेकिन खुले हैं

जांजगीर-चांपा। कोरोना वायरस के संभावित खतरे को देखते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी सरकारी व निजी स्कूलों को 31 मार्च तक के लिए बंद कर दिया है। 13 मार्च से यह आदेश प्रभावी हो गया है। 31 मार्च तक की छुट्टी का आदेश संचालक लोक शिक्षण संचालनालय ने भी जारी कर दिया है। लेकिन आदिम जाति कल्याण विभाग के तहत संचालित छात्रावासों के लिए अभी तक कोई दिशा निर्देश सरकार के तरफ से जारी नहीं किया गया है और न ही जिला प्रशासन ने कोई आदेश जारी किया है। जिसके कारण जिले के बालक और कन्या छात्रावासों में बड़ी संख्या में एक स्थान पर छात्र- छात्राएं रह रही हैं।

कोरोना को लेकर केंद्र ने सभी राज्यों को एडवायजरी जारी की है इसमें दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही राज्य सरकार ने आदेश जारी कर शासकीय कार्यक्रम जिसमें भीड़ अधिक जुटती है, इसका आयोजन फिलहाल टालने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद जिला मुख्यालय जांजगीर में आयोजित होने वाली जाज्वल्य देव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला व पीथमपुर मेला को जिला प्रशासन द्वारा स्थगित कर दिया गया है। साथ ही सभी स्कूल-कालेजों को एहतियात के तौर पर 31 मार्च तक बंद किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। 10 वीं 12वीं के बोर्ड परीक्षाएं यथावत रखी गई है। अटल यूनिर्वसिटी ने भी कॉलेजों की कुछ परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया है। मगर आदिम जाति कल्याण आदिवासी विभाग के अंतर्गत जिले में संचालित प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों के लिए अभी तक कोई दिशा निर्देश सरकार के तरफ से जारी नहीं किया गया है और न ही जिला प्रशासन ने कोई आदेश जारी किया है।

जिसके कारण जिले के बालक और कन्या छात्रावासों में बड़ी संख्या में एक स्थान पर रहकर छात्र- छात्राएं पढ़ाई कर रही हैं। जबकि ऐहितियात के तौर पर दूसरे जिलों में स्कूलों के साथ ही छात्रावासों में भी छुट्टी दे दी गई है। अभी हाल ही में होली का त्यौहार गुजरा है। इस दौरान छात्रावासों में रहने वाले बच्चे त्यौहार मनाने के लिए अपने घर गए हुए थे। वहीं उनके परिजन जो दूसरे प्रदेशों में कमाने- खाने के लिए गए थे वे भी त्यौहार के पहले लौटे हैं । त्यौहार मनाने के बाद छात्र छात्राएं वापस छात्रावासों में लौट आए हैं।

> राज्य सरकार से छात्रावासों में छुट्टी देने या खाली कराने का निर्देश नहीं मिला है और न ही जिला प्रशासन से कोई आदेश प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार को मार्गदर्शन के लिए पत्राचार किया गया है। ऐहितियात के तौर पर छात्रावासों में केवल उन्हीं छात्र-छात्राओं को रखा गया है जिनकी परीक्षाएं चल रही है।
>
> **पीसी लहरे,** आदिम जाति कल्याण विकास विभाग जांजगीर

जिला चिकित्सालय कांकेर में निःशुल्क डायलिसिस सेवा प्रारंभ

कांकेर। शासकीय कोमलदेव जिला चिकित्सालय कांकेर में निःशुल्क डायलिसिस सेवा शुरू हो गई है। प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव द्वारा जिला चिकित्सालय के डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ 'जूम साफ्टवेयर' के माध्यम से बिलासपुर से किया गया। शुभारंभ अवसर पर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उईके, जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर.सी. ठाकुर, डॉ. राजीव जायसवाल एवं अजय कुमार सिंह सहित जिला चिकित्सालय के स्टॉफमौजूद थे।

गौरतलब है कि जिला चिकित्सालय कांकेर में 'जीवन धारा' कार्यक्रम अंतर्गत पांच डायलिसिस यूनिट की स्थापना की गई है, जिसमें से चार डायलिसिस यूनिट निगेटिव मरीजों के लिए कक्ष क्रमांक 02 में तथा एक डायलिसिस यूनिट पॉजीटिव मरीजों के लिए कक्ष क्रमांक 01 में स्थापित किया गया है। सिविल सर्जन डॉ. आर.सी. ठाकुर ने बताया कि किडनी के 14 मरीजों द्वारा अपना डायलिसिस कराने के लिए जिला चिकित्सालय में पंजीयन कराया गया है, जिसमें से एक मरीज ग्राम कोड़ेजुंगा के जगन्नाथ दीवान अपना डायलिसिस कराने शुभारंभ अवसर पर उपस्थित हैं। डॉ. ठाकुर ने कहा कि जिला चिकित्सालय में डायलिसिस यूनिट की स्थापना होने से किडनी के मरीजों को डायलिसिस कराने के लिए अब जिले से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है, जिला चिकित्सालय में ही उनका निःशुल्क डायलिसिस किया जाएगा।

वन-धन से हो रही हरियाली के साथ आर्थिक उन्नति की राह सशक्त

- दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों को वनोपज संग्रहण से प्राप्त हो रहा स्वरोजगार

सूरजपुर। राज्य के मुख्यमंत्री श्री भूपेष बघेल की मंषानुसार समग्र विकास की अवधारणा को साकार करने के लिए वन-धन केन्द्र के माध्यम से दूरस्थ अंचल के गांव हो या मैदानी क्षेत्र के गांव यहां के रहवासियों को रोजगार के अवसरों से सीधा लाभ प्राप्त हो इसके लिए चरणबद्ध रुप से कार्ययोजना का संचालन जिले के कलेक्टर श्री दीपक सोनी एवं वन मण्डलाधिकारी श्री जे0आर0 भगत के मार्गदर्षन में क्रियान्वित किया जा रहा है। पौध रोपण के कार्य में सुरक्षा हेतु बांस ट्री-गार्ड निर्माण के लिए ग्राम सत्यनगर में 18 दिसम्बर से वन विभाग एवं आजीविका मिषन के तहत बांस प्रसंस्करण के माध्यम से बांस ट्री गार्ड बनाने का प्रषिक्षण देने कि शुरुआत की गई जो आज 5000 से अधिक ट्री गार्ड विभिन्न गांव की महिलाएं तैयार कर चुकी है। इससे उन्हें गांव में ही रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहा है। जिससे पौध रोपण के पष्चात पूर्व में सुरक्षा दृष्टि से होने वाली क्षति भी काफी कम होगी और वन क्षेत्र रकबा का विस्तार होगा।

सुराजी सैनिकों ने बचाई 1704 से अधिक जिंदगियां

- सुगम स्वस्थ सूरजपुर में लगातार जुड़ रहे स्वैच्छिक सुराजी सैनिक, बतौर प्रोत्साहन राशि किया 5. 77 लाख का भुगतान

सूरजपुर। जिले में चिकित्सा सेवाओं को सर्वसुगम उपलब्धता के लिए कलेक्टर श्री दीपक सोनी के सुगम स्वस्थ सूरजपुर के अंतर्गत शुरू की गई पहल में सुराजी स्वैच्छिक जीवन रक्षक सैनिक के रूप में वाहन स्वामियों व चालकों के द्वारा अभीतक 1704 मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिससे समय पर उपचार होने से कई जिंदगियाँ बचाई गई है। इस पहल में शामिल अपने गांव सहित आस-पास में गंभीर हालातों में चिकित्सा सुविधाएं त्वरित रूप से स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर जिला अस्पताल तक समय से पहुचाने के लिए सुगम स्वस्थ सूरजपुर पहल के तहत् इस मुहिम से जोड़ने के लिए प्रारंभ किया गया, जिसमें एंबुलेंस तथा 108 सर्विस वाले वाहन के सभी जगह उपलब्ध न होने पर नई सोच का उदय करते हुए ग्राम स्तर के वाहन मालिकों को प्रोत्साहित किया गया और उपलब्ध वाहनों को पंजीकृत कर एंबुलेंस के कार्य में लाया जा रहा है। इससे चिकित्सा के क्षेत्र में नई क्रांति आई है, किसी भी आपातकालीन स्थिति में सुगम स्वस्थ सूरजपुर की वाहनेंमरीजों को तत्काल स्वास्थ्य केन्द्रों में पहुँचाने में सहायक बनीं हैं। वर्तमान समय में सुगम स्वस्थ्य सूरजपुर की सेवाओं से प्राप्त आंकड़ों की बात करें तो 16 मार्च 2020 की स्थिति में कुल 1183 वाहनों सुगम स्वस्थ सूरजपुर अंतर्गत पंजीकृत किया गया है, जिनके माध्यम से कुल 1704 मरीजों को स्वास्थ्य केन्द्र तक लाया गया है। मरीजों को एक फोन कॉल से तत्काल स्वास्थ्य केन्द्र तक लाने वाले ये वाहन चालक आज सुराजी सैनिक नाम से पुकारे जाने लगे हैं अबतक स्वास्थ्य केन्द्रों के द्वारा मरीजों को केन्द्र तक लाने के एवज में प्रोत्साहन राषि के तौर पर सुराजी सैनिकों को कुल 5 लाख 77 हजार एक सौ रूपये का भुगतान किया गया है।

गिरी गाज | **चल रही जब्ती की कार्यवाही, 12 लाख रुपए की अवैध ईंट खनिज विभाग ने की जब्त**

अवैध ईंट भट्टों व रेत परिवहन पर खनिज विभाग सख्त

11 ट्रैक्टरों, 1 हाईवा को अवैध रेत, गिट्टी उत्खनन व परिवहन करते किया जब्त

कोंडागांव। खनिज विभाग अवैध ईट भट्ठा संचालको एवं अवैध रेत उत्खनन पर सख्त नजर आ रहा है।जिसके चलते जिले में लगातार की कार्यवाही से अवैध रेती मुरूम परिवहन करने वालो व अवैध ईंट निर्माताओं में हड़कम्प मचा हुआ है।

अनुमति के बगैर ईंट बनाना गैरकानूनी है लेकिन क्षेत्र में सैकड़ों छोटे-बड़े लाल ईंट भट्टों अम्बार का लगा हुआ है,जिसका संचालन अवैध रूप से किया जा रहा है। इससे न सिर्फपर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि राजस्व एवं जंगल की लकड़ी, पानी, मिट्टी का अवैध दोहन जमकर किया जा रहा है।

जिसे खनिज विभाग ने गंभीरता से लेते अवैध ईट भट्ठा संचालको पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले में पिछले कई वर्षो से संचालित अवैध लाल ईंट भट्ठों पर छापेमारी कर 8 ईंट भट्ठा संचालकों पर कार्यवाही की गई है। विभाग ने ईट भट्ठा संचालको पर कार्रवाई करते 1,121,250 रुपये से अधिक का ईट जब्त किया है। वहीं अवैध रेत उत्खनन पर 11 ट्रैक्टरो एवं 1 हाइवा क्रमांक 17 के आर 2106 को बगैर पिट पास के गिट्टी परिवहन करने के चलते जप्त किया है।

खनिज अधिकारी नेहा टंडन ने कहा कि ईंट भट्ठा एवं अवैध रेत उत्खनन पर अंकुश लगाने लगातार करवाही आगे भी जारी रहेगी जानकारी देते खनिज अधिकारी ने कहा कि बाजार मूल्य लगभग 1,121,250 रुपए के 345000 ईंटा जप्ती किया गया है।

अवैध रेत का परिवहन करने वाले ट्रैक्टरों को किया जब्त: वही लगातार जप्ती की कार्यवाही में विभागीय अधिकारी ने जोन्दरापदर पहुंच अवैध रेत का उत्खनन व परिवहन कर रहे ट्रैक्टरो पर कार्यवाही करते 11 ट्रैक्टरों को रेत समेत जप्त किया गया है।

जिला खनिज अधिकारी नेहा टंडन ने बताया कि अभी ईंट भट्ठा व रेत उत्खनन पर कार्यवाही हुई है वहीं जब भी अवैध रेत उत्खनन परिवहन या ईंटा, मिट्टी, मुरुम, बिना फिटपास या बिना रॉयल्टी पर हम लगातार कार्यवाही कर रहे हैं। इसके लिए हम लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं। और हमने गाँव चौक चौराहों पर मुखबिर भी लगा रखे है।

इन अवैध ईंट निर्माण पर कार्यवाही

अवैध ईंट निर्माण पर नरेश देवांगन बम्हनी, कमल साहू बम्हनी, हरीश महाजन सम्बलपुर, नरेश देवगन, कोपाबेड़ा, विनय कुलदीप केशकाल, जोधन कोर्राम सिंघनपुर, श्री कीर्तन सरदार केशकाल, हरीश कोर्राम केशकाल पर छत्तीसगढ़ गौण खनिज अधिनियम 2015 के 61(1)और 5 क तहत कार्यवाही की गई है, जिसमें कारावास और बाज़ार मूल्य का दुगना अर्थदंड का प्रावधान है।

न्यूज गैलरी

आरबीएल बैंक ने फिर कहा- स्थिति ठीक

नई दिल्ली। आरबीएल बैंक ने वित्तीय स्थिति को लेकर फैल रही अफवाहों का खंडन किया है और कहा है कि उसकी स्थिति मजबूत है, उसके पास पर्याप्त पूंजी है, मुनाफे में है तथा उसकी संचालन व्यवस्था सशक्त है। बैंक ने मंगलवार को कहा कि वित्तीय हालत तथा मजबूती को लेकर फैलायी जा रही अफवाहें तथ्यों पर आधारित नहीं हैं और यह जानबूझकर किया जा रहा है। इस बैंक ने पिछले सप्ताह भी अपनी स्थिति को लेकर बयान जारी किया था। बैंक ने कहा था कि उसके पास पर्याप्त पूंजी है और उसकी संपत्ति की गुणवत्ता में कोई प्रतिकूल बदलाव नहीं हुआ है। बैंक ने मंगलवार को एक बयान में कहा, ''बाजार में बड़े स्तर पर फैलायी जा रही अफवाहों तथा कयासों के मद्देनजर हम 11 मार्च 2020 के बयान को दोहराना चाहते हैं, तथा पुनः यह कहना चाहते हैं कि आरबीएल बैंक वित्तीय तौर पर मजबूत है, पूंजी से पूरीतरह लैस है, मुनाफे में है तथा हमारी संचालन व्यवस्था अच्छी है।

अगले सप्ताह 4 दिन बंद रहेंगे बैंक

नई दिल्ली। अगले दो सप्ताह बैंक लगातार तीन दिन तक बंद रहेंगे, इसलिए बेहतर यही होगा कि बैंक से जुड़ा अपना काम आप पहले ही निपटा लें। बैंकों के मेगा मर्जर के खिलाफ बैंक यूनियनों के हड़ताल तथा त्योहारों की वजह से बैंक बंद रहेंगे। बैंक बंद रहने के कारण एटीएम में नकदी की किल्लत हो सकती है, इसलिए अगर पहले ही जरूरत के पैसे निकालकर रख लें तो ज्यादा बेहतर होगा। 10 बैंकों का विलय कर चार बड़े बैंक बनाने की केंद्र सरकार की घोषणा के विरोध में ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉयीज असोसिएशन तथा ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स असोसिएशन ने 27 मार्च को हड़ताल पर जाने का फैसला किया है।

बैंक में खाता खुलवाने पर मास्क मुफ्त

शंघाई/बीजिंग। कोरोना वायरस के कारण भयानक सुस्ती की चपेट में आए अपने बिजनस को पटरी पर लाने के लिए चीन के बैंकों ने एक अनोखा तरीका ढूंढ निकाला है। बैंक अपने यहां अकाउंट खोलने के एवज में ग्राहकों को मुफ्त में मास्क मुहैया करा रहे हैं। चीन में कोरोना से अब तक 3,000 से अधिक लोगों की जानें जा चुकी हैं। कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए सरकार ने जनवरी के अंत से ही कई शहरों को बिल्कुल अलग-थलग करने के साथ ही कंप्लीट शटडाउन का सहारा लिया था। इसके कारण कारोबारी गतिविधियां बिल्कुल शून्य पर पहुंच गईं। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए बैंकों ने एक नायाब तरीका ढूंढ निकाला है। बैंक अपने ग्राहकों को वह चीज दे रही है, जिसकी अभी वहां सबसे ज्यादा डिमांड है और वह चीज है मास्क।

बैंक ग्राहकों को ऐप में साइन अप

कोरोना इफेक्ट | न्यूजीलैंड व फ्रांस ने अर्थव्यवस्था बचाने के लिए दिए राहत पैकेज

दुनिया पर गहराया मंदी का साया

वेलिंगटन पेरिस। मंदी को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक दिन पहले ही एक सवाल पर कहा था कि ऐसा हो भी सकता है। मगर हम इस मामले को कोरोनावायरस के नजरिए से नहीं देख रहे हैं। वहीं आज न्यूजीलैंड के वित्त मंत्री ग्रांट रॉबर्टसन ने माना कि आर्थिक मंदी लगभग तय है। उन्होंने संसद में कहा, ''हम एक ऐसी बाहरी ताकत से लड़ रहे हैं, जो हमारे नियंत्रण से बाहर है और जिसने दुनिया भर में तबाही मचा दी है। हम लड़ने के लिए तैयार हैं। वहीं फ्रांस के वित्त मंत्री ब्रूनो ली मेयर ने भी पैकेज की घोषणा करते हुए कहा कि इस साल फ्रांस आर्थिक मंदी की चपेट में आ सकता है। न्यूजीलैंड ने कोरोना वायरस से फैली महामारी से अर्थव्यवस्था पर पड़ रहे असर को दूर करने के लिए मंगलवार को 12.1 अरब न्यूजीलैंड डॉलर

यानी 7.3 अरब अमेरिकी डॉलर के राहत पैकेज की घोषणा की। न्यूजीलैंड के वित्त मंत्री ग्रांट रॉबर्टसन ने माना कि आर्थिक मंदी लगभग तय है। हालांकि उन्होंने कहा कि इस पैकेज में वेतन संबंधी सब्सिडी, कर राहत तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। यह अर्थव्यवस्था पर महामारी के असर का कुछ कम करेगा।

मंदी को लेकर ट्रंप का जवाब

मंदी को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक दिन पहले ही एक सवाल पर कहा था कि ऐसा हो भी सकता है। मगर हम इस मामले को कोरोनावायरस के नजरिए से नहीं देख रहे हैं। मुझे लगता है कि स्टॉक मार्केट और अर्थव्यवस्था की मांग कहीं दबी-छिपी है। एक बार हम हालिया परिस्थितियों से निपट लें। इसके बाद आप अर्थव्यवस्था में बड़ी उछाल देखेंगे। वहीं अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर में एक फीसदी की कटौती कर चुका है। फेड ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 700 अरब डॉलर डालने का भी फैसला किया है। उसने 500 अरब डॉलर और 200 अरब डॉलर के सरकारी बांड खरीदने की घोषणा की है। वहीं, न्यूजीलैंड के केंद्रीय बैंक ने भी आपातकालीन बैठक के बाद सोमवार को ब्याज दरों में 75 बेसिस पॉइंट की कटौती की है। वहीं दुनिया भर के कई देशों के केंद्रीय बैंकों ने नीतिगत दरें कम की हैं। फ्रांस ने कोरोना वायरस के संक्रमण से अर्थव्यवस्था पर पड़ रहे असर को कम करने के लिए45 अरब यूरो के राहत पैकेज की मंगलवार को घोषणा की। फ्रांस के वित्त मंत्री ब्रूनो ली मेयर ने पैकेज की घोषणा करते हुए कहा कि इस साल फ्रांस आर्थिक मंदी की चपेट में आ सकता है।

सेंसेक्स 810 अंक लुढ़का 9000 के नीचे बंद निफ्टी

नई दिल्ली। सारी आशंकाओं को दरकिनार करते हुए घरेलू शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। दिन के ज्यादातर हिस्से में सेंसेक्स-निफ्टी हरे निशान पर कारोबार करते नजर आए, लेकिन आखिरी आधे घंटे में बाजार का मूड बिगड़ गया। सेंसेक्स 810.98 अंकों के नुकसान के बाद 30,579.09 के स्तर पर बंद हुआ तो वहीं निफ्टी 9000 के नीचे । सोमवार को अमेरिकी शेयर बाजार में भारी गिरावट को देखते हुए यह आशंका जताई जा रही थी भारतीय स्टॉक मार्केट के लिए मंगलवार का दिन अमंगल साबित होगा पर गिरावट बहुत ज्यादा नहीं हुई। इस दौरान यस बैंक के शेयर में भारी उछाल देखने को मिला। 21.55 (58.09त्न) रुपये की उछाल के बाद 58.65 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह न्यूनतम 40.80 रुपये और अधिकतम 64.90 रुपये तक गया। सोमवार को अमेरिकी शेयर बाजार में कोरोना के कहर से हाहाकार मच गया था। डाउ जोंस, नैस्डैक व एसएंडपी के लिए यह 'ब्लैक मंडे' साबित हुआ। डाउ जोंस खुलते ही 2748.64 अंक गिर गया। तीन दिन के अंदर ही एक बार फिर लोअर सर्किट लगा और कारोबार को 15 मिनट के लिए रोक दिया गया। 12 मार्च को जब अमेरिकी शेयर बाजार में भारी गिरावट हुई थी तो इसका असर अगले ही दिन भारतीय शेयर मार्केट पर दिखाई दिया था। 13 मार्च को सेंसेक्स खुलते ही 3600 प्वाइंट तक गिर गया था और यहां लोअर सर्किट की वजह से ट्रेडिंग रोकनी पड़ी थी। डाउ जोंस सोमवार को 12.9 फीसद लुढ़क कर 21188 के स्तर पर आ गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में मार्च डिलिवरी के लिए कच्चा तेल 64 रुपये या 2.96 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,225 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया।

बीएस-4 वाहनों की बिक्री

पंजीकरण मई तक जारी रखने न्यायालय पहुंचा फाडा

नई दिल्ली। वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने बीएस-4 वाहनों की बिक्री और पंजीकरण मई अंत तक जारी रखने की छूट के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। फाडा चाहता है कि बीएस-4 प्रदूषण नियंत्रण मानक वाले वाहनों के बचे स्टॉक को बेचने के लिए कुछ और समय मिले। एम. सी. मेहता बनाम भारत सरकार एवं अन्य के मामले में शीर्ष अदालत ने देशभर में बीएस-4 वाहनों की बिक्री और पंजीकरण पर एक अप्रैल 2020 के बाद रोक लगा दी है। द फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने अपने सदस्यों की ओर से उच्चतम न्यायालय में बीएस-4 वाहनों की बिक्री अवधि आगे तक बढ़ाने के लिए आवेदन किया है। इसके अलावा 24 अक्टूबर 2018 की रिट याचिका में संशोधन की मांग की है। फाडा के अध्यक्ष आशीष हर्षराज काले ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''हमने बीएस-4 वाहनों की बिक्री और पंजीकरण 31 मई 2020 तक बढ़ाने के लिए उच्चतम न्यायालय में याचिका दाखिल की है। हम इस मामले में तत्काल सुनवाई चाहते हैं।

17.58 करोड़ लोगों का रद्द हो सकता है पैन कार्ड नंबर

नई दिल्ली। 17.58 करोड़ पैन को आधार से जोड़ना अभी बाकी है। यानी 17.58 करोड़ लोगों का पैन कार्ड निरस्त हो सकता है अगर वे 31 मार्च 2020 तक पैन को आधार से लिंक कराने में असफल रहे। आधिकारिक आंकड़े के अनुसार 27 जनवरी तक 30.75 करोड़ पैन आधार से जोड़े जा चुके हैं। आयकर विभाग ने सोमवार को कहा कि आधार को पैन से जोड़ना अनिवार्य है और लोगों को इसके लिए निर्धारित 31 मार्च की निर्धारित समयसीमा का पालन करने को कहा है। विभाग ने पिछले महीने कहा था कि अगर 31 मार्च तक स्थाई खाता संख्या को आधा से नहीं जोड़ा जाता है, यह (पैन) काम नहीं करेगा। आयकर विभाग ने कहा, ''इस समयसीमा का पालन करे। विभाग ने सोशल मीडिया पर दिये पोस्ट में कहा है, ''पैन को 31 मार्च से 2020 से पहले आधार से जोड़ना अनिवार्य है। आप इसे बायोमेट्रिक आधार सत्यापन के जरिये या फिर एनएसडीएल और यूटीआईटीएसएल के पैन सेवा केंद्रों पर जाकर कर सकते हैं।

मूडीज ने भारत के जीडीपी ग्रोथ का अनुमान घटाकर 5.3 फीसद किया

नई दिल्ली। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने मंगलवार को भारत के जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को 2020 के कैलेंडर ईयर के लिए घटाकर 5.3 फीसदी कर दिया है। मूडीज ने फरवरी में 2020 में भारत के लिए 5.4 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया था। यह पहले के अनुमान 6.6 फीसद से काफी कम है। 2020 के लिए 5.3 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान 2019 के लिए 5.3 प्रतिशत की वृद्धि के अनुमान और 2018 में प्राप्त 7.4 प्रतिशत की तुलना में बहुत कम है। कोरोनोवायरस के अधिक तेजी से और व्यापक प्रसार के कारण महत्वपूर्ण आर्थिक गिरावट बताते हुए रेटिंग एजेंसी ने मंगलवार को कहा कि प्रभावित देशों में घरेलू मांग में कमी, माल और सेवाओं के सीमा पार व्यापार की आपूर्ति में बाधा पहुंच रही है। एजेंसी ने मंगलवार को कहा कि कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से फैलने का ठीक-ठाक आर्थिक असर होगा। प्रभावित देशों में इससे घरेलू मांग पर असर हो रहा है, आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो रही है।

सोने और चांदी की कीमतों में आया बड़ा बदलाव

नई दिल्ली। सोने के कीमतों में सोमवार को भारी गिरावट के बाद मंगलावर को थोड़ा उछाल देखने को मिल रहा है। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक बुलियन मार्केट में मंगलवार को 10 ग्राम सोना 200 रुपये महंगा होकर 40195 रुपये पर खुला। वहीं चांदी की चमक आज भी फीकी हुई है। सिल्वर 999 की कीमतों में 515 रुपये गिरावट देखी जा रही है। मंगलवार को यह 36125 रुपये प्रति किलो की दर से खुला। बता दें सोमवार को 10 ग्राम सोना 2022 रुपया टूटकर 39995 रुपये पर बंद हुआ था, वहीं चांदी 6445 रुपये प्रति किलो की गिरावट देखी गई। गौरतलब है कि बुलियन सोना और चांदी है जिसे आधिकारिक तौर पर कम से कम 99.5 प्रतिशत शुद्ध माना जाता है और यह सिल्लियों या बार के रूप में होता है। सोने-चांदी जैसी कीमती धातुओं का व्यापार बुलियन मार्केट के जरिए ही होता है। सोने की खरीद दो तरह से की जाती है।

यस बैंक पर निवेशकों का भरोसा

शेयर में 65.36 प्रतिशत की उछाल

नई दिल्ली। यस बैंक को संकट से निकालने के सरकार और रिजर्व बैंक के प्रयासों से निवेशकों का भरोसा और मजबूत हुआ है। मंगलवार को उसके शेयर करीब 63 फीसद तक उछल गए। निफ्टी में 10:51 बजे यस बैंक का शेयर 65.36त्न की उछाल के साथ 61.35 रुपये पर कारोबार कर रहा था। ती दिनों यह स्टॉक 100 फीसद उछल चुका है। इसके शेयरों में उछाल के पीछे मूडीज की रेटिंग भी एक बड़ी वजह है। यस बैंक ने सोमवार को अपने निदेशक मंडल के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी। रिजर्व बैंक द्वारा बैंक के प्रशासक बनाए गए प्रशांत कुमार बैंक के नए प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी होंगे। कुमार, भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व मुख्य वित्त अधिकारी और उप प्रबंध निदेशक रह चुके हैं। रिजर्व बैंक ने यस बैंक पर रोक लगाने के बाद उन्हें यस बैंक का प्रशासक नियुक्त किया था। उनके अलावा महेश कृष्णामूर्ति और अतुल भेड़ा बैंक के गैर-कार्यकारी निदेशक होंगे।

कोरोना का कहर | भारत सरकार से छह महीने के लिये वैमानिक शुल्कों में 30 प्रतिशत की कटौती की मांग

विमानन कंपनियों ने 50 अरब डॉलर का राहत पैकेज मांगा

मुंबई। कोरोना वायरस से फैली महामारी को लेकर दुनिया भर की विमानन कंपनियां सेवाओं में कटौती कर रही हैं। इस बीच अमेरिका की विमानन कंपनियों ने सरकार से 50 अरब डॉलर के राहत पैकेज की मांग की हैं। वहीं भारत सरकार से भी तत्काल अगले छह महीने के लिये वैमानिक शुल्कों में 30 प्रतिशत की कटौती की मांग की। अमेरिका की विमानन कंपनियों के संगठन एयरलाइंस फॉर अमेरिका ने सोमवार को कहा कि मांग में अप्रत्याशित कमी आयी है और स्थिति दिन-प्रतिदिन बिगड़ते जा रही है। संगठन ने कहा कि यह 9/11 के आतंकवादी हमले के बाद उत्पन्न हुई स्थिति से भी बुरी है। संगठन ने ऋण, राहत व कर छूट की मांग करते हुए कहा, ''यह आज की दिक्कत है, भविष्य

की नहीं। इसके लिये तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। ट्रंप सरकार ने भी विमानन क्षेत्र की दिक्कतों को माना है और विमानन उद्योग को मदद के संकेत दिए हैं।

संगठन के अध्यक्ष निकोलस कैलियो ने कहा कि अच्छी से अच्छी स्थिति में भी 2020 के अंत तक विमानन उद्योग के समक्ष 23 अरब डॉलर की नकदी की कमी होगी। यदि स्थिति खराब हुई तो यह कमी 53 अरब डॉलर पर पहुंच सकती है। उन्होंने कहा, ''आज के हिसाब से कहें तो स्थिति के खराब होने का ही अंदेशा है। यूरोपीय विमानन कंपनियां भी संक्रमण से पसरे संकट को देखते हुए सेवाओं में कटौती कर रही हैं। ब्रिटिश एयरवेज तथा स्पेन की विमानन कंपनी आइबेरिया का स्वामित्व रखने वाली कंपनी आईएजी ने कहा कि वह अप्रैल-मई के दौरान उड़ान क्षमता में 75 प्रतिशत कटौती करेगी। जर्मनी की विमानन कंपनी लुफ्थांसा ने भी उड़ान क्षमता में 90 प्रतिशत तक की कटौती करने की घोषणा की है। ब्रिटेन की वर्जिन अटलांटिक ने कहा है कि उसने 75 प्रतिशत विमानों को खड़ा करने का निर्णय लिया है।

भारत सरकार से वैमानिक शुल्कों में छूट की मांग

विदेशी विमानन कंपनियों के संगठन बोर्ड ऑफ एयरलाइंस रिप्रजेंटेटिव्स इन इंडिया (बीएएलआर) ने कोरोना वायरस के कारण उत्पन्न मंदी की स्थिति से उबरने के लिये सरकार से तत्काल अगले छह महीने के लिये वैमानिक शुल्कों में 30 प्रतिशत की कटौती की मांग की। संगठन ने विमानन सचिव प्रदीप सिंह खरोला से पिछले सप्ताह कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण से विमानन उद्योग पर बुरा असर पड़ रहा है। यह उद्योग भारी दबाव में है। वैमानिक शुल्कों में मार्ग तथा टर्मिनल की दिशा बताने से जुड़ी सेवाओं के शुल्क शामिल होते हैं। एयर इंडिया पायलट यूनियन्स ने भी सोमवार को इन्हीं वजहों का हवाला देकर सरकार से तत्काल राहत की मांग की। बीएएलआर 36 विदेशी विमानन कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। उड़ानों पर रोक से प्रभावित हुई माल ढोने की क्षमता वैश्विक विमानन संगठन इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) ने सभी देशों को आगाह किया है कि कोरोना वायरस को लेकर उड़ानों पर लगी रोक से दवाओं को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने की क्षमता प्रभावित हुई है।

फोर्ड इंडिया के 10000 कर्मचारी घर से करेंगे काम

नई दिल्ली। कोरोना के प्रसार को रोकन के लिए निजी कंपनियों ने भी कमर कस ली है। वाहन बनाने वाली कंपनी फोर्ड और वॉल्वो कार इंडिया के कर्मचारी घर से काम करेंगे। फोर्ड इंडिया ने कोरोना वायरस के संक्रमण के मद्देनजर भारत के 10 हजार कर्मचारियों को घर से काम करने को कहा है। फोर्ड इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी के हालिया दिनों के आकलन से कोरोना वायरस के संक्रमण के मामले के अलग दिशा में बढ़ जाने का पता चलता है। कंपनी लोगों को सुरक्षित रखने तथा अपने आस-पास कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए तत्काल कदम उठा रही है। प्रवक्ता ने कहा, ''अतः फोर्ड इंडिया एंड ग्लोबल बिजनेस सर्विसेज समेत 10 हजार से अधिक कर्मचारियों को सोमवार से (16 मार्च से) घर से काम करने को कहा गया है। यह सुविधा सिर्फ उन कर्मचारियों को नहीं मिलेगी, जिनका काम कंपनी के संयंत्रों में आए बिना हो ही नहीं सकता है। वहीं वॉल्वो कार इंडिया ने कोरोना वायरस के संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखकर कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से 'घर से काम करने की सहूलियत देने की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा, ''परिचालन जारी रखने के लिए आवश्यक सूचना प्रौद्योगिकी संरचना की व्यवस्था कर दी गई है। तय बैठकें माइक्रोसॉफ्ट टीम या स्काइप के जरिये होंगी। कंपनी ने कहा कि कर्मचारियों को संक्रमण से रोकने के लिए फरवरी में ही सारी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्राएं रद्द कर दी गई थीं।पिछले कुछ दिन में देश में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या 100 के पार हो गई हैं।

आज का भविष्यफल

मेष: आज का दिन आपके लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। आज कई जिम्मेदारियां होंगी। मंगल क्रियाशील और पुरूषार्थी ग्रह है इसलिए सुव्यवस्था करने में आपका कोई सानी नहीं है।

वृषभ: राजनीतिक प्रतिद्वंदी आज आपसे आगे निकलने का प्रयास करेंगे। धीरे-धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाए जा सकते हैं। लेकिन कोई नया कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल नहीं है।

मिथुन: आज का दिन आपके लिए सामान्य है। राशि का स्वामी बुध एकादश केंद्र भाव में शनि के घर बैठकर बौद्धिक तथा व्यवसायिक क्षेत्र में सफलता कारक है।

कर्क: आज शुभ कार्यों में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। आप द्वारा लिया गया निर्णय आगे लाभप्रद रहेगा। संतान पक्ष के विवाह में आ रही अड़चनें समाप्त होंगी। जनसंपर्क में वृद्धि होने से आप प्रफुल्लित रहेंगे।

सिंह: आज आपका भाग्य हर काम में आपका साथ देगा। विरोधियों का षड़यंत्र असफल रहेगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा।

कन्या: राशि का स्वामी बुध शनि के घर षष्ठम भाव घर में संचार कर रहे हैं। फलस्वरूप वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा।

तुला: आपकी राशि का स्वामी शुक्र सप्तम भाव में और आज राहु नवम भाग्य भाव में है। अत्यधिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा। गुप्त शत्रु सक्रिय रहेंगे, व्यर्थ की भागदौड़ पारिवारिक अशांति विशेष रूप से रहेगी।

वृश्चिक: आज का दिन चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यदि आप आज अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब हो जाएं तो आने वाले दिनों में आपसे वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

धनु: राशि का स्वामी बृहस्पति धनुः में है। चंद्रमा आज प्रथम भाव में संचार कर रहा है। रात्रि में शुभव्यय मंगलमय समारोह में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

मकर: राशि का स्वामी शनि यद्यपि प्रथम भाव में उदय है। आज सत्पुरूषों के मिलने से मन में प्रसन्नता होगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद संबंधी विवाद का समाधान भी हो जाएगा।

कुंभ: कर्मफल की सिद्धि कारक है। कहीं से कमा कमाया धन मिलने का योग हैं। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे।

मीन: आपकी राशि का स्वामी देव गुरू बृहस्पति राशि से दशम भाव में धनुः राशि का होकर विद्यमान है। फलस्वरूप आज पूरे दिन आय के नए स्रोत सामने आएंगे। विरोधपक्ष पराजित होगा।

सू- दोकू

	6	3		8		1		4
8			3		4		7	
	4			5		8		
3		8			1		4	
	1			4		9		7
		4			2		1	
1				3		4		8
	8		2		9		3	
		9		1		2		5

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.63 का हल

6	7	9	2	4	5	3	1	8
2	1	8	3	7	6	9	5	4
7	6	4	5	2	8	1	3	9
3	8	1	6	9	7	2	4	5
9	2	5	4	1	3	8	6	7
8	3	7	9	6	4	5	2	1
5	4	2	8	3	1	7	9	6
1	9	6	7	5	2	4	8	3
4	5	3	1	8	9	6	7	2

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं
1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुन्न 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे
1. डर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, स्वसनइंद्रीय 17. आलोचक, ओछी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 63 का हल

■ न्यूज गैलरी

'मिलिए मंत्री जी' से 31 मार्च तक स्थगित

रायपुर। करोना वायरस के रोकथाम नियंत्रण व सतर्कता के लिये जारी शासकीय एडवाइजरी को ध्यान में रखते हुये प्रदेश कांग्रेस के मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में आयोजित होने वाले मिलिए मंत्री जी से कार्यक्रम को 31 मार्च 2020 तक स्थगित किया गया है।

बेमेतरा के डोटू नाला पर एनीकट सह पुलिया निर्माण की स्वीकृति

रायपुर। राज्य शासन द्वारा बेमेतरा जिले के विकासखंड साजा की डोटू नाला पर खम्हरिया-गोरखपुर एनीकट सह पुलिया निर्माण के लिए दो करोड़ 93 लाख 90 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके निर्माण से क्षेत्र में निस्तारी, भू-जल संवर्धन तथा 70 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा निर्मित होगी।

दुर्गापारा नलजल प्रदाय योजना के लिए 49.99 लाख मंजूर

रायपुर। राज्य शासन द्वारा जशपुर जिले के बगीचा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम दुर्गापारा नलजल प्रदाय योजना के लिए 49 लाख 99 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस आशय का स्वीकृति आदेश नवा रायपुर स्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता द्वारा जारी कर दिया गया है। यह ग्रामीण जल प्रदाय योजना के तहत नाबार्ड पोषित योजनाएं (अनुसूचित जाति-जनजाति) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी निर्माण कार्य मद के अंतर्गत प्रदान की गई।

सकरडेगा नलजल योजना के लिए 31.62 लाख

रायपुर। राज्य शासन द्वारा जशपुर जिले के जशपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सकरडेगा नलजल प्रदाय योजना के लिए 31 लाख 62 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसकी स्वीकृति आदेश नवा रायपुर स्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता द्वारा जारी कर दिया गया है। यह ग्रामीण जल प्रदाय योजना के तहत नाबार्ड पोषित योजनाएं (अनुसूचित जाति-जनजाति) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी निर्माण कार्य मद के अंतर्गत प्रदान की गई।

मंत्री सिंहदेव ने 6 जिला अस्पतालों में किया नि:शुल्क डायलिसिस सुविधा का शुभारंभ

संक्रमण से बचने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लोकार्पण, कांकेर, महासमुंद, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा और जशपुर में भी अब डायलिसिस सुविधा

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने मंगलवार को अपने निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए छह जिला चिकित्सालयों में निःशुल्क डायलिसिस सुविधा का शुभारंभ किया। 'जीवन धारा' नाम से शुरु हुई इस नई सुविधा के लिए राष्ट्रीय फ्री डायलिसिस कार्यक्रम के तहत जिला अस्पतालों में डायलिसिस मशीनें स्थापित की गई हैं। कांकेर, महासमुंद, दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा और जशपुर में डायलिसिस की सुविधा शुरू होने से किडनी रोगों से पीड़ितों को इसके लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने कोरोना वायरस के प्रकोप और इस संबंध में जारी एडवाइजरी के मद्देनजर सभी छह जिलों में इस सुविधा का शुभारंभ अपने निवास कार्यालय से चुनिंदा विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से किया। उद्घाटन के दौरान सभी जिला अस्पतालों में भी काफी सीमित लोग मौजूद थे। 'जीवन धारा' कार्यक्रम के तहत दुर्ग, कांकेर, कोरबा और जशपुर जिला चिकित्सालयों में पांच-पांच यूनिट, बिलासपुर में चार एवं महासमुंद में तीन डायलिसिस यूनिट की स्थापना की गई है। कार्यक्रम के अंतर्गत फेयरफैक्स इंडिया चैरिटेबल फाउंडेशन (ट्रस्ट), मुंबई द्वारा छत्तीसगढ़ में कुल 30 डायलिसिस मशीन निःशुल्क उपलब्ध कराई गई है।

डायलिसिस सुविधा का लोकार्पण करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने कहा कि किडनी रोगों से ग्रस्त मरीजों को लंबे समय तक बार-बार डायलिसिस कराना पड़ता है। इससे उन पर बड़ा आर्थिक बोझ पड़ता है। डायलिसिस की सुविधा राज्य में कुछ ही शहरों में है। लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत छह जिला चिकित्सालयों में यह निःशुल्क सुविधा शुरू की जा रही है। इससे उन्हें अपने क्षेत्र में ही त्वरित इलाज मिलेगा। आने वाले समय में सभी जिला अस्पतालों में डायलिसिस की सुविधा शुरू की जाएगी।

श्री सिंहदेव ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए चार जिला अस्पतालों में डायलिसिस मशीनों एवं अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। 'जीवन धारा' कार्यक्रम के अंतर्गत डायलिसिस मशीनों के संचालन के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देशानुसार निविदा के माध्यम से एसकैग संजीवनी प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता का चयन किया गया है।

वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में स्वास्थ्य विभाग की सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह, विशेष सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं श्री नीरज बंसोड़ और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला भी मौजूद थीं।

अंडर ग्राउंड केबल बिछाने का काम अटका

■ **आने वाले दिनों में शहर में हो सकती है बिजली की समस्या**

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। शहर की बिजली समस्या को दूर करने के लिए अंडर ग्राउंड केबलिंग की योजना अटकने से आने वाले दिनों में बिजली समस्या हो सकती है। क्योंकि प्रस्ताव को अब तक मंजूरी नहीं मिली है। ऐसे में आगे फिर गर्मी और प्री-मानसून में पहले की तरह लोगों को बिजली समस्या से दो चार होना पड़ेगा। विभाग ने शुरुआत में 33 केवी लाइन को अंडरग्राउंड करने 80 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेजा है, लेकिन इसके लिए केंद्र से राशि मिलने का इंतजार है। जिसके के बाद मंजूरी मिलेगी। शहर में तेज हवा, बारिश और लाइटनिंग के चलते अक्सर बिजली गुल हो जाती है।

प्रशासन ने भी अंडर ग्राउंड केबलिंग पर दिया था जोर

शहर में बार-बार बिजली समस्या को देखते हुए प्रशासन ने बिजली खंभों पर खुले तार के स्थान पर अंडर ग्राउंड केबलिंग पर जोर दिया था। क्योंकि तेज हवा बारिश के कारण बार-बार मेजर फाल्ट की स्थिति बनती है। इसके लिए अफसरों को तेजी से काम करने कहा गया था।

सर्वे व डीपीआर 8 माह पहले तैयार किया गया

प्रशासन की पहल पर ही जुलाई 2019 में इस योजना के लिए सर्वे और डीपीआर बनाया गया था। करीब 60 किलोमीटर में अंडरग्राउंड केबल बिछानी है।

योजना के लिए मुख्यालय के अधिकारी सर्वे कर चुके

मुख्यालय के अधिकारियों ने इसके लिए स्थानीय अधिकारियों के शहर का सर्वे कर कर लिया है। पहले 33 केवी लाइन को अंडरग्राउंड करने की योजना है। इसमें कोरबा पूर्व विभागीय आवासीय परिसर को भी शामिल किया है। क्योंकि कॉलोनी में भी तेज हवा बारिश से लाइन फाल्ट की अधिक शिकायत रहती है।

> शहर में अंडर ग्राउंड केबल बिछाने के लिए प्रसताव बनाकर मुख्यालय भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही केबल बिछाने का कार्य शुरू कराया जायेगा। 33 केवी लाइन को अंडरग्राउंड करने की योजना है। इसमें कोरबा पूर्व विभागीय आवासीय परिसर को भी शामिल किया है। क्योंकि कॉलोनी में भी तेज हवा बारिश से लाइन फाल्ट की अधिक शिकायत रहती है।
>
> **पीवी संजीव, अधीक्षण अभियंता**

दंतेवाड़ा के विकास के लिए संवदेनशीलता से कार्य करें अधिकारी : सीएस मंडल

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये है कि राज्य के दंतेवाड़ा जिले के विकास के लिए विशेष कार्ययोजना के तहत संवेदनशीलता से कार्य करें, ताकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुसार जिले में गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले लोगों की संख्या में कमी लायी जाये। मुख्य सचिव ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर दंतेवाड़ा जिले के विकास के संबंध में बनायी गई विशेष कार्ययोजना की विस्तार से समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में लगभग 60 प्रतिशत परिवार गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले है, उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आगामी चार वर्षो में इसे 20 प्रतिशत से नीचे लाने के लिए सभी विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय से एकजुट होकर कार्य करें। श्री मंडल ने कहा है कि जिले के सभी लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए अधिकारी अपनी विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए प्रतिवर्ष लक्ष्य बनाकर कार्य करें। इसके लिए आर्थिक गतिविधियों का निर्धारण कर लोगों की स्थीाय आय वृद्धि की गतिविधियों का निर्धारण सुनिश्चित किया जा सके। मुख्य सचिव ने जिले के स्व सहायता समूहों को रोजगार गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये है। स्व सहायता समूहों के द्वारा तैयार सामग्री का उपयोग छात्रावासों, आश्रमों एवं पुलिस कैम्प में किया जाए जिससे समूह के सदस्यों को रोजगार मिलें। इसी तरह से सुपोषण अभियान के तहत गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को गरम-भोजन अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें। मुख्य सचिव ने जिले के गौठानों को आजीविका केन्द्रों में परिवर्तित कर वहां पर रोजगार परख कार्य कराने के निर्देश दिये हैं। वनाधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त पट्टाधारकों के लिए हितग्राही मूलक योजना बनाकर लाभान्वित करने के निर्देश दिये है।

जिले के किसानों के खेतों में लघु एवं सूक्ष्म सिंचाई योजना बनाकर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने और उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिए समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। मुख्य सचिव ने कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को दंतेवाड़ा जिला का दौरा कर विभागीय कार्यो को मौके पर जाकर देखने के निर्देश दिये है।

घर बैठे कर सकते हैं वेबपोर्टल पर जन्म-मृत्यु का ऑनलाईन पंजीयन

पंजीयन की जानकारी मिलेगी ई-मेल तथा मोबाइल पर

रायपुर। भारत के महा रजिस्टार कार्यालय नई दिल्ली के वेबपोर्टल (www.crsorgi.gov.in) के माध्यम से जन्म-मृत्यु और मृत जन्म का ऑनलाईन पंजीयन जनसाधारण अपने घर बैठे कर सकते हैं। पंजीयन के बारे में सूचनाएं ई-मेल तथा मोबाइल पर प्राप्त किया जा सकता है।

आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय नवा रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार वेबपोर्टल में उपयोगकर्ताओं को राज्य की क्षेत्रीय भाषा अथवा अंग्रेजी में रिपोर्टिंग फार्म भरने की सुविधा दी गई है। जनसाधारण को घर बैठे जन्म एवं मृत्यु पंजीयन करने के पश्चात पंजीयन की जानकारी मोबाइल, ई-मेल पर प्रमाण पत्र प्राप्त करने की सुविधा दी गई है। प्रमाण पत्र पर मुद्रित क्यूआरकोड से प्रमाण पत्र की वैधता की जांच संबंधित एजेंसियों द्वारा तुरंत किया जा सकता है। वेबपोर्टल पर 21 दिनों के भीतर सूचना दिए जाने पर निःशुल्क पंजीयन तथा प्रमाण पत्र की प्रथम प्रति निःशुल्क मिलेगी। महा रजिस्टार कार्यालय द्वारा लोगों की सुविधा के लिए कॉमन सर्विस सेंटर (छ्स्स्ट) के माध्यम से जन्म एवं मृत्यु का प्रावधान किया गया है। सीएससी के माध्यम से घर या अन्य स्थानों रास्ते में, होटल, धर्मशाला आदि होने वाली घटनाओं की सूचना 21 दिनों के भीतर दी जा सकती है, परंतु सीएससी के माध्यम से संस्थागत घटनाओं तथा विलंबित घटनाओं की सूचना नही दी जा सकेगी। भरे गए पंजीयन फार्म का प्रिंटआउट लेकर सीएससी संबंधित रजिस्टार (जन्म-मृत्यु) को अपेक्षित दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत अथवा दिए गए पते पर डाक द्वारा भेजना होगा ताकि रजिस्टार (जन्म-मृत्यु) के द्वारा दस्तावेजों का मिलान, परीक्षण कर पंजीयन की कार्यवाही की जा सकेगी।

डीएमसी पर नियम विरुद्ध निविदा जारी करने का आरोप

औषधि किट खरीदी का मामला

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। जिले का शिक्षा विभाग इन दिनों विवादों में घिरता नज़र आ रहा है। बताया जा रहा है कि अधीनस्थ कर्मचारियों की ओर से कामकाज को लेकर विभागीय अधिकारी तक को जानकारी नहीं दी जा रही है। यहां शिक्षा विभाग के समग्र शिक्षा में जिला मिशन समन्वयक (डीएमसी) एसके अम्बस्ट ने जिला खनिज न्यास मद से प्राथमिक स्वास्थ्य औषधि किट प्रदान करने के लिए एक निविदा जारी कर दी है। शिक्षा विभाग से जुड़े जानकारों की मानें तो डीएमसी को किसी भी प्रकार की निविदा जारी करने का अधिकार नहीं है। डीएमसी केवल फाइल में अनुमोदन लेकर जिला शिक्षाधिकारी या उच्चाधिकारी के हस्ताक्षर से निविदा निकाल सकते है। लेकिन यहां डीएमसी एस के अम्बस्ट ने खुद ही अपने हस्ताक्षर से निविदा जारी कर दी। यहां तक कि निविदा से संबंधित जानकारी जिले के बेवसाइट में भी प्रदर्शित नहीं की गई है।

इसलिए भी उठ रहे सवाल

विभागीय सूत्र बताते हैं कि डीएमएफकी सामान्य निविदा जारी होने की सूचना एक ही पत्र में कलेक्टर सह अध्यक्ष प्रबंधकारिणी समिति जिला खनिज न्यास व जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी (एनआईसी) को दी जाती है किंतु राज्य में यह संभवतः पहला मामला है जब एक डीएमसी ने निविदा जारी की हो। इससे पहले समग्र शिक्षा के किसी भी डीएमसी ने कोरबा में निविदा जारी नहीं की है। नियम विरुद्ध किया जा रहा यह कार्य कई सवालों को जन्म दे रहा है।

जानकारी के मुताबिक प्राथमिक स्वास्थ्य औषधि किट विभिन्न स्कूलों में प्रदाय किया जाना है जबकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना (मिशन) के तहत स्वास्थ्य विभाग बच्चों की सेहत से जुड़े कई कार्यक्रम चला रहा है जिसमें चिकित्सक स्वयं स्कूल पहुंच कर बच्चों की जांच सहित उनको निःशुल्क उपचार देते हैं। इसलिए भी प्राथमिक स्वास्थ्य औषधि किट की खरीदी पर सवाल उठ रहे हैं। दिलचस्प यह भी है कि शिक्षा विभाग के अधीन होने के बाद भी डीईओ को ही इस निविदा के बारे में जानकारी नहीं है।

> निविदा के संबंध में उनको कोई जानकारी नहीं है। डीएमसी को शिक्षा विभाग के अधीन सौंपे गए प्रोजेक्ट की निविदा जारी करने का अधिकार नहीं है। अगर ऐसा किया गया है तो इसकी जानकारी ली जावेगी।
>
> **सतीश पांडेय, जिला शिक्षाधिकारी**